फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 335 प्रभात जयपुर, शनिवार 6 जुलाई, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

ARBiT

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

West is not the best...

The way people say is everyone is everyone's 11th cousin within quite large geographical areas. So, you probably don't even need to go back as far as Eve to find people who are connected to each other.

White noise is old news, pink noise is the rage now

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के ''कई ब्रॉण्ड'' धराशायी हुए

कांग्रेस के दो ''ब्रॉण्ड'', अशोक गहलोत व कमलनाथ, राजनीति की दृष्टि से खत्म हो गये

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5जुलाई। इस वर्ष (2024) के चुनावों ने राष्ट्रीय तथा प्रान्तीय दोनों ही स्तरों पर कई ब्रान्ड काफी हद तक धराशायी कर दिये हैं।

इस चुनाव ने राष्ट्रीय स्तर पर ब्रान्ड नरेन्द्र मोदी को उनके ऊँचे आसन से नीचे उतार दिया तथा वे नीचे ही आते जा रहे हैं।

जहां तक कांग्रेस का प्रश्न हैं, दो बड़े ब्रान्ड धूल चाट गए हैं और राजनैतिक रूप से अपने अन्त के निकट हैं।

राजस्थान के कांग्रेस नेता अशोक गहलोत, जो कांग्रेस के अर्थतन्त्र में एक सुपरिचित ब्रान्ड थे, आज हाशिये पर पहुँच चुके हैं।

राजस्थान तथा ए.आई.सी.सी. दोनों ही जगह प्रायः सुनाई देने लगा है- 'एक अशोक गहलोत था'।

अभी हाल ही समाप्त हुये लोकसभा चुनावों में, अशोक गहलोत अपने पुत्र तक की जीत सुनिश्चित नहीं कर सके। वैभव गहलोत दूसरी बार हारे हैं।

- गहलोत, दोबारा अपने पुत्र वैभव गहलोत को चुनाव जितवाने में नाकामयाब रहे। बल्कि, राजनीतिक हल्कों में तो चर्चा यहां तक है कि, अगर अशोक अपने पुत्र का चुनाव इतना ''माइक्रो मैनेज'' नहीं करते तो शायद वैभव सहानुभूति के कारण बेहतर प्रदर्शन कर पाते और यह स्थिति नहीं आती कि, अब पार्टी में पूर्व मु.मंत्री गहलोत की जब चर्चा होती है, तो यह शब्द प्रायः सुने जाते हैं कि, ''एक अशोक गहलोत था।''
- इस प्रकार कमलनाथ, अपनी पुरानी सीट छिंदवाड़ा से हारे। 1953 से कांग्रेस पार्टी छिंदवाड़ा से लगातार जीतती आ रही थी। इसके अलावा कमलनाथ के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी सीटों पर विजयी हुई। कमलनाथ की स्थिति तो इतनी गड़बड़ थी कि, एक बार तो गंभीरता से चर्चा चली थी कि, कमलनाथ व उनके पुत्र भाजपा जॉइन कर रहे हैं।
- भाजपा में सबसे ज्यादा नुकसान प्र.मंत्री मोदी की ब्रॉण्ड वैल्यू को हुआ और भाजपा 63 सीटें पर हारी, जो पिछले चुनाव में भाजपा ने जीती थीं।

राजस्थान कांग्रेस के कुछ लोगों का कहना हैं कि अगर गहलोत नहीं रहे होते तथा अपने बेटे अपने बलबूते पर ही चुनाव लड़ने दिया होता, तो वे जीत भी सकते थे किन्तु अशोक गहलोत के माइक्रो प्रचार-प्रबन्धन के हावी रहने के कारण उनके बेटे की पराजय हो गई।

गहलोत ने अपने बेटे के चुनाव क्षेत्र में सचिन पायलट को प्रचार नहीं करने दिया, जिसके कारण में पार्टी में यह प्रबल सन्देश गया कि गहलोत राज्य में अपने धुर-विरोधी प्रतिद्वन्द्वी के साथ कभी भी मिलकर काम नहीं कर सकते।

गहलोत द्वारा दी गई कुछ गलत टिकटों के कारण कांग्रेस कुछ ज्यादा सीटें हार गई, अन्यथा कांग्रेस की सीटों की संख्या और भी ज्यादा रही होती।

अशोक गहलोत, जो इस समय अस्वस्थ बताये जा रहे हैं, अब इंडिया गठबन्धन का चेयरमैन बनने के लिये समर्थन हासिल करने की कोशिश में हैं तथा उन्हें आशा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे इस काम में उनकी मदद करेंगे।

गहलोत के लिये इस बात को पचाना मुश्किल हो रहा है कि सचिन पायलट कांग्रेस के नवोदित सितारे हैं क्योंकि वे भारी भीड़ भी जुटा लेते हैं तथा इसके साथ ही, अपने क्षेत्र में सीटें भी जीत लेते हैं। दुःख की बात यह है कि अशोक गहलोत के बारे में ये बातें नहीं कही जा सकतीं।

एक अन्य बड़े कांग्रेस नेता, जो अब चुक गये हैं वे हैं ब्रान्ड कमल नाथ। अनेक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

पूर्व विधायक मलिंगा की जमानत रद्द

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बिजली कंपनी के ए.ई.एन. से मारपीट और एस.सी./एस.टी. केस से जुडे मामले में पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को दी गई जमानत रद्द कर दी है। इसके साथ ही अदालत ने मलिंगा को तीस दिन में सरेंडर करने को कहा है। जस्टिस फरजंद अली की एकलपीठ ने यह आदेश पीड़ित ए.ई.एन. हर्षाधिपति की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने याचिका पर गत 15 मार्च को पक्षकारों की बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया

- राजस्थान हाई कोर्ट ने बिजली कंपनी के ए.ई.एन. से की गई मारपीट और एस.सी./एस.टी. केस में पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को दी गई जमानत रद्द करते हुए उन्हें 30 दिन में सरैंडर करने के आदेश दिए हैं।

था। अदालत ने माना कि मलिंगा ने अदालत से मिली जमानत का दुरुपयोग किया है। अदालत ने 17 मई, 2022 को मलिंगा को प्रकरण में जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे।

याचिका में अधिवक्ता अजय कुमार जैन ने बताया कि 29 मार्च, 2022 को बाडी थाने में स्थानीय विधायक मलिंगा और उनके समर्थकों के खिलाफ याचिकाकर्ता पर हमला और मारपीट का मामला दर्ज किया था। घटना

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

दोनों राजधानियों, लंदन व वॉशिंगटन में दो भारतीय मूल के राजनीतिज्ञ चर्चाओं में छाये हैं

ऋषि सुनक अपना प्र.मंत्री पद छोड़ने के कारण और कमला हैरिस डैमोक्रेटिक पार्टी की ओर से अमेरिका के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की संभावना के कारण

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जुलाई। यह दो शहरों की दास्तां है: लंदन और वॉशिंगटन। लेकिन, इसमें थीम साँग एक ही है। अनौपचारिक रूप से प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति बनने के लिए दो राजनीतिज्ञ उभरकर आए हैं, इस पद को पाने के लिए आतुर हजारों की भीड़ में से। पर फिर भी इस कहानी में दोनों शहरों में राजनीति की धाराएं भिन्न हैं।

ब्रिटेन के पहले एशियन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, भारी उतार चढ़ाव व उथल-पुथल वाले दो वर्षों के बाद पद से हट रहे हैं। सुनक के नेतृत्व में कंजर्वेटिव पार्टी को भारी हार का सामना करना पड़ा तथा मतदाता भारी संख्या में लेबर पार्टी की तरफ चले गए।

उधर अमेरिका में, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का नाम लिया जा रहा है, जो वर्तमान में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की रनिंग मेट हैं।

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच डिबेट के दौरान उनके लगभग विक्षिप्त से प्रदर्शन के बाद डैमोक्रेटिक पार्टी को यकीन हो गया है कि बाइडन जिताऊ

- अमेरिका की डैमोक्रेटिक पार्टी का मन बन सा गया है कि, वर्तमान राष्ट्रपति बाइडन अगली बार पुनः राष्ट्रपति पद संभालने के लिये उपयुक्त नहीं हैं, बढ़ती उम्र के कारण।
- एक वरिष्ठ डैमोक्रेटिक पार्टी के नेता ने इस मुद्दे पर टिप्पणी की कि, ''कमला हैरिस शायद बैस्ट उम्मीदवार नहीं हैं, पर, वे ही एकमात्र रियलिस्टिक (व्यवहारिकता की दृष्टि से) सही उम्मीदवार हैं।
- ऋषि सुनक दो साल तक ब्रिटेन के प्र.मंत्री रहने के बाद, उनकी पार्टी के चुनाव हार जाने के कारण अपना पद छोड़ रहे हैं। ब्रिटेन के अखबार उनके जाने के कारणों का विश्लेषण करने में व्यस्त हैं तथा सुनक के कार्यकाल पर मीडिया का फोकस बना हुआ है।

उम्मीदवार नहीं है। सी.एम.एम. के अनुसार एक दस्तावेज में कहा गया है, ''इस मुश्किल से बाहर आने का एक रास्ता है और वो है कमला हैरिस। डैमोक्रेटिक ''लैजिटीमैसी'' पर सर्वाधिक सशक्त दावा कमला हैरिस का है। वो एकमात्र कैन्डिडेट है जो इस समय बागडोर अपने हाथों में ले सकती है, बजाय अगस्त के अंत में। उनके कई महत्वपूर्ण चुनावी लाभ हैं वो जीत सकती हैं।''

यदि वो चुनी गई तो यह दूसरा व्यक्ति होगा जो अपने ''अडॉप्टेड'' देश में उच्चतम पद पर आसीन होगा।

ब्रिटेन में, ऋषि सुनक ऐसे संकट के समय में प्रधानमंत्री बने जब तत्कालीन प्रधानमंत्री कोविड प्रतिबंधों के दौरान ''पार्टियाँ'' करने के बारे में झूठ बोलने के कारण सारी विश्वसनीयता

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

डॉ. सतीश पूनिया हरियाणा में भाजपा के प्रभारी नियुक्त

डॉ. सतीश पूनिया

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 24 राज्यों के लिए प्रभारी और सह प्रभारियों नियुक्ति कि घोषणा की। प्रदेश

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने 24 राज्यों में प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्त की।

के पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को भाजपा ने हरियाणा में विधानसभा चुनावों से पहले बड़ी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

महुआ मोइत्रा ने एक बार फिर बहुत ही हल्की टिप्पणी की

उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के लिये कहा, वे बहुत व्यस्त थीं, अपने बॉस का पायजामा थामने में

- श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जुलाई। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन रेखा शर्मा के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी के कारण विवादों में घिर गई हैं। कृष्णानगर सांसद ऐसी पहली तथा अन्तिम राजनेता नहीं हैं जो विवादास्पद टिप्पणियों के चलते सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गई हैं।

मोइत्रा की टिप्पणी उस वीडियो के बाद आई है, जिसमें शर्मा को हाथरस के भगदड़ वाले स्थल पर जाते दिखाया गया है। वे खाली हाथ चल रही हैं तथा एक सुरक्षाकर्मी बरसात से बचाने के लिए उन पर छाता लगाये हुए चल रहा है। इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, मोइत्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टिप्पणी की है: ''वह अपने बॉस का पायजामा पकड़ने में व्यस्त हैं।'' एन.सी.डब्ल्यू. ने इस टिप्पणी की निन्दा

- यह टिप्पणी उन्होंने उस समय कि, जब रेखा शर्मा हाथरस में भगदड़ के कारण हुई त्रासदी की जगह का निरीक्षण कर रही थीं तथा एक सुरक्षाकर्मी ने बूंदाबांदी के कारण उन पर एक छाता तान रखा था तथा रेखा शर्मा के दोनों हाथ फ्री थे, जब वे चल रही थीं।

की है तथा उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस में एक एफ.आई.आर. दर्ज करा दी है। इसके अलावा, एन.सी.डब्ल्यू. ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को एक पत्र लिखकर कहा है कि वे इस मुद्दे पर उचित ध्यान दें। राजनेता, सरकारी अधिकारी तथा सार्वजनिक हस्तियाँ प्रायः इस प्रकार की अशोभनीय टिप्पणियों के शिकार होते रहते हैं। वर्ष 2017 में, जे.डी.यू. नेता स्व. शरद यादव की एक विवादित टिप्पणी अखबारों की सुर्खी ब गई थी। उन्होंने कह दिया था- ''वोट का सम्मान पुत्री के सम्मान से भी ऊपर हैं।'' कुछ साल पहले, भाजपा नेता विनय कटियार एक टिप्पणी करते हुये विवाद को न्यौता दे दिया था। उन्होंने कह दिया था, ''प्रियंका गांधी से ज्यादा खूबसूरत स्टार प्रचारक और भी हैं। पूर्व लोकसभा सांसद तथा कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने तत्कालीन थल सेना प्रमुख बिपिन रावत के बारे में बोलेते हुए, उन्हें ''सड़क का गुन्डा'' कह दिया था। भाजपा नेता संगीत सोम ने एक बयान दिया था कि ताजमहल को ढहा दिया जाना चाहिए क्योंकि यह देशद्रोहियों द्वारा बनवाया गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा नेता आजम

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

पहली बार लेबर पार्टी ने विदेश नीति में ''एंटी इंडिया'' झुकाव को स्वीकार किया

ब्रिटेन के नये प्र.मंत्री, लेबर पार्टी के नेता, स्टारमर ने पद संभालते ही भारत को विश्वास दिलाया कि, अब लेबर पार्टी पुरानी लेबर पार्टी नहीं है तथा अब लेबर पार्टी भारत के साथ नये रिश्ते कायम करेगी, जो आपसी विश्वास व प्रजातंत्रीय मान्यताओं पर आधारित होंगे।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जुलाई। युनाइटेड किंगडम (यू.के.) भारत के साथ रिश्ते सुधारने और एक उचित संबंध बनाने जा रहा है। दोनों देशों के विदेश नीति निर्माताओं के मन में इसे लेकर एक उम्मीद की किरण है। उम्मीद की जाती है कि यू.के. नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टारमर अपने चुनाव घोषणा के अनुरूप भारत के साथ एक ''नई राजनीतिक साझेदारी'' की प्रतिबद्धता को पूर्ण करेंगे जिसमें यू.के. और भारत

- प्र.मंत्री स्टारमर के अनुसार ब्रिटेन में हिन्दू फोबिया'' के लिये कोई जगह नहीं है।
- स्टारमर ने यह भी कहा कि, कश्मीर के मुद्दे पर भी लेबर पार्टी ''एक्स्ट्रीमिस्ट'' (अतिवादी) विचार व विचारकों को स्थान नहीं देगा, क्योंकि इन विचारों से ब्रिटेन-भारत संबंधों में बेवजह कटुता व निराशा आती है।

के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमैंट (एफ.टी.ए.) को मूर्त रूप दिया जाना भी शामिल है।

स्टारमर ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान भारत के साथ संबंध मजबूत करने का संकेत देते हुए उसके साथ यथोचित रिश्तों के महत्व पर बल दिया था। उनके चुनाव घोषणा पत्र में भारत के साथ एक नवीन रणनीतिक साझेदारी की दिशा में काम करने सहित दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेट एग्रीमैंट के संकेत थे। स्टारमर ने ब्रिटेन के विभिन्न मंदिरों में दर्शन कर वहां के बढ़ते हिंदू वोटों को लुभाने का दृढ़ प्रयास किया। यद्यपि, उनका यह रूख पार्टी के पूर्व नेता जेरेमी कोर्बिन के दृष्टिकोण से बिल्कुल अलग था।

स्टारमर अपने चुनाव प्रचार के दौरान व्यापार, तकनीकी, पर्यावरण और सुरक्षा अभियानों तक व्यापक, यू.के. और भारत के मजबूत संबंधों के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)



विचार बिन्दु

जो काम घड़ों जल से नहीं होता उसे दवा के दो घूँट कर देते हैं और जो काम तलवार से नहीं होता वह काँटा कर देता है। –सुदर्शन

सालाना तीस लाख जिंदगियां निगल रही है शराब

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शराब को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इस संबंध में संगठन ने अपनी एक ताज़ा रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि शराब की वजह से हर साल करीब 30 लाख लोगों की मौत होती है।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में मृत्यु दर में थोड़ी कमी आई है। इस नए रिपोर्ट को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि आंकड़ें भले ही कम हो रहे हों लेकिन यह अभी भी 'अस्वीकार्य रूप से उच्च' बनी हुई है। शराब और स्वास्थ्य पर पेश इस नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब से सेवन से हर साल दुनिया भर में 20 में से लगभग एक मौत शराब पीने के कारण होती है। शराब पी के गाड़ी चलाने, शराब के कारण होने वाली हिंसा और दुर्व्यवहार और कई तरह की बीमारियों और विकारों के कारण यह मौत होती है। शराब का नशा कम समय में बहुत अधिक शराब पीने से जुड़ी एक स्थिति है। इसे शराब पॉयसन भी कहा जाता है। शराब का नशा गंभीर है यह आपके शरीर के तापमान, श्वास, हृदय गति और गैग रिफ्लेक्स को प्रभावित करता है।

यह कभी-कभी कोमा या मृत्यु का कारण भी बन सकता है। शराब का नशा कम समय में जल्दी हो सकता है। जब कोई व्यक्ति शराब का सेवन कर रहा होता है, तो अलग-अलग लक्षण दिखाई दे सकता हैं। ये लक्षण नशे के विभिन्न स्तरों, या चरणों से जुड़े होते हैं।

नशाखोरी इस सदी की सबसे बड़ी समस्या है जिसमें शराब का नशा प्रमुख है। आज युवा वर्ग शराब के नशे में खोता जा रहा है। युवाओं में तेजी से बढ़ रही शराब की लत को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ समय-समय सचेत करते रहते हैं। शराब का सेवन शरीर को गंभीर क्षति पहुंचा सकता है। युवाओं के बीच शराब का सेवन एक चलन सा चल पड़ा है। शराब एक नशीला पदार्थ है, जिसको एक प्रकार का अवसाद भी माना जाता है। शराब जैसे तन मन और परिवार को खोखला करने वाली की लत उन्हें बर्बाद कर रही है। शुरू में युवा शौक के तौर पर शराब का सेवन करता है और बाद में नशे की मांग पूरी करने के लिए तस्करी और गैर सामाजिक कार्य के कारोबार में फंस जाता है। देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें से 3.8 फीसदी वो लोग भी हैं जो इसकी लत का बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3 फीसदी वो हैं जो कभी-कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। युवा लोगों में शराब पीने की लत तो बढ़ ही रही थी, अब पीकर बेहोश होने का नया चलन शुरू हो गया है। आजकल के बदलते लाइफस्टाइल में हमारे देश में नशा एक ऐसा अभिशाप बन कर उभर रहा है जो हमारे युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। साल-दर-साल इन युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। युवाओं में शराब जैसे खतरनाक नशे के बढ़ते चलन के पीछे बदलती जीवनशैली, अकेलापन, बेरोज़गारी और आपसी कलह जैसे अनेक कारण हो सकते हैं।

युवाओं में नशा करने की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते शहरी और ग्रामीण अंचल में आपराधिक वारदातों में काफी इजाफा हो रहा है। शराब के साथ नशे की दवाओं का उपयोग कर युवा वर्ग आपराधिक वारदातों को सहजता के साथ अंजाम देने लगे हैं। हिंसा, बलात्कार, चोरी, आत्महत्या आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बड़ी वजह है। शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए एक्सीडेंट करना, शादीशुदा व्यक्तियों द्वारा नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करना आम बात है।

युवाओं में तेजी से बढ़ रही शराब की लत को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ समय-समय सचेत करते रहते हैं। शराब का सेवन शरीर को गंभीर क्षित पहुंचा सकता है। युवाओं के बीच शराब का सेवन एक चलन सा चल पड़ा है। शराब एक नशीला पदार्थ है, जिसको एक प्रकार का अवसाद भी माना जाता है।

एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच में से एक शख्स शराब पीता है। सर्वे के अनुसार 19 प्रतिशत लोगों को शराब की लत है। जबकि 2.9 करोड़ लोगों की तुलना में 10-75 उम्र के 2.7 प्रतिशत लोगों को हर रोज ज्यादा नहीं तो कम से कम एक पेग जरूर चाहिए होता है और ये शराब के लती होते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार देशभर में 10 से 75 साल की आयु वर्ग के 14.6 प्रतिशत यानी करीब 16 करोड़ लोग शराब पीते हैं। छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, पंजाब, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में शराब का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है।

इस सर्वे की चौंकाने वाली बात यह है कि देश में 10 साल के बच्चे भी नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में शामिल हैं। एक अन्य सर्वे के मुताबिक भारत में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 37 प्रतिशत लोग नशे का सेवन करते हैं। इनमें ऐसे लोग भी शामिल है जिनके घरों में दो जून रोटी भी सुलभ नहीं है। जिन परिवारों के पास रोटी-कपड़ा और मकान की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा सुबह-शाम के खाने के लाले पड़े हुए हैं उनके मुखिया मजदूरी के रूप में जो कमा कर लाते हैं वे शराब पर फूंक डालते हैं। इन लोगों को अपने परिवार की चिन्ता नहीं है कि उनके पेट खाली हैं और बच्चे भूख से तड़फ रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। ये लोग कहते हैं वे गम को भुलाने के लिए नशे का सेवन करते हैं। उनका यह तर्क कितना बेमानी है जब यह देखा जाता है कि उनका परिवार भूखे ही सो रहा है। युवाओं में नशा करने की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते शहरी और ग्रामीण अंचल में आपराधिक वारदातों में काफी इजाफा हो रहा है। शराब के साथ नशे की दवाओं का उपयोग कर युवा वर्ग आपराधिक वारदातों को सहजता के साथ अंजाम देने लगे हैं। हिंसा, बलात्कार, चोरी, आत्महत्या आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बड़ी वजह है। शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए एक्सीडेंट करना, शादीशुदा व्यक्तियों द्वारा नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करना आम बात है। शराब पीने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जिनमें लीवर का सिरोसिस और कुछ कैंसर शामिल हैं।

रिपोर्ट में पाया गया कि 2019 में इसके कारण हुई सभी मौतों में से लगभग 1.6 मिलियन गैर-संचारी रोगों से हुई थीं। इनमें से 474,000 हृदय संबंधी बीमारियों से, 401,000 कैंसर से और 724,000 लोग यातायात दुर्घटनाओं और खुद को नुकसान पहुंचाने सहित चोटों से हुई थीं। रिपोर्ट में पाया गया कि शराब का सेवन करने से लोग तपेदिक, एचआईवी और निमोनिया जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं।

–अतिथि संपादक,
बाल मुकुन्द ओझा
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

राशिफल शनिवार 6 जुलाई, 2024

पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 4:48 तक, व्याघात योग रात्रि 2:47 तक, किस्तुघ्न करण सांय 4:27 तक, चन्द्रमा रात्रि 10:34 से कर्क राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज शुक्र कर्क राशि में रात्रि 4:31 पर प्रवेश करेगा। आज से गुप्त नवरात्रा आरम्भ होंगे।

श्रेष्ठ चौघड़िया: शुभ 7:24 से 9:07 तक, चर 12:31 से 2:13 तक, लाभ-अमृत 2:13 से 5:38 तक।

राहूकाल: 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:20

मेष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

सिंह
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

धनु
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

वृष
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

कन्या
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मकर
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

मिथुन
व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

तुला
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

कुंभ
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

कर्क
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मानसिक तनाव बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

वृश्चिक
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब होगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

मीन
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

जालोर में कृषि भूमि पर बिना किसी भू-रूपानांतरण के काटी जारी कॉलोनियां

राज्य सरकार के आदेश हैं कि कृषि भूमि पर बिना भू-रूपानान्तण के किसी प्रकार से भूखण्ड का बेचान आदि नहीं किया जा सकता है

जालोर, (कासं)। जालोर में भू-माफिया की ओर से बिना किसी भू-रूपानान्तरण किये कृषि भूमि पर कॉलोनियां नियम विरूद्ध काटी जा रही है। जबकि राज्य सरकार के आदेश है कि कृषि भूमि पर बिना भू- रूपानान्तण के किसी प्रकार से भूखण्ड का बेचान आदि नहीं किया जा सकता है।

जालोर में प्रशासनिक उदासीनता के चलते जालोर शहर के आसपास कृषि भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा नियम विरूद्ध बिना किसी प्रकार से भू-रूपानान्तरण किये कॉलोनियां काटकर भूखण्ड बेचे जा रहे हैं। जबकि राज्य सरकार के आदेशानुसार बिना भू-रूपानान्तण किये किसी भी प्रकार से कृषि भूखण्ड पर कॉलोनियां नही काटी जा सकती है। वहीं कृषि भूखण्ड पर कॉलोनियां काट कर उसकी बेचाननामा करवाने को लेकर जिला कलैक्टर जालोर द्वारा रोक लगा रखी है।

जालोर में बिना भू-रूपानान्तरण के कृषि भूमि पर प्लॉटिंग की गई।

इसके बावजूद जालोर में कृषि भूखण्ड का बेचाननामा दस्तावेज बन रहे हैं। जालोर शहर के केशवना रोड़ स्थित केजीएन कॉलोनी के पास खसरा नम्बर 1174 में भू-माफिया द्वारा भू रूपानान्तरण किये बिना कृषि भूखण्ड पर कॉलोनियां काट दी। ऐसे में धीरे-धीरे कृषि भूमि समाप्त होती नजर आ रही है। वहीं कई जगह तो भू-माफिया संयुक्त कृषि भूमि पर बिना बंटवारा किये भी कॉलोनियां काटने से आने वाले समय विवाद को जन्म देते नजर आ रहे हैं।

- **जालोर में प्रशासनिक उदासीनता के चलते कृषि भूमि पर कॉलोनियां काटकर भूखण्ड बेचे जा रहे हैं**

संयुक्त खातेदार देवाराम सरगरा ने बताया कि उसकी संयुक्त खाते भूमि केशवना रोड पर आई है। जिसका बंटवारा का वाद एसडीएम कोर्ट जालोर में चला रहा है। इसके बावजूद हमारी संयुक्त खातेदारी भूमि पर भू-माफियाओं ने हमारी जमीन पर भूखण्ड काट दिये, जिसको लेकर पुलिस में रिपोर्ट दी है।

कायलाना की पहाड़ियों में लेपर्ड का शव मिला

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में पिछले कई दिनों से कायलाना और आसपास की पहाड़ियों में घूम रहे लेपर्ड का शव माचिया बायोलॉजिकल पार्क के समीप मिला। फिलहाल लेपर्ड की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। लेपर्ड की संदिग्ध हालत में हुई मौत को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। डीएफओ सरिता चौधरी ने बताया मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम करवाया गया है।

- **लेपर्ड की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है**

गौरतलब है कि पिछले 3 माह से अधिक समय से लेपर्ड की लोकेशन माचिया सफारी पार्क के आसपास आ रही थी। उसकी तलाश में वन विभाग की टीम लगी हुई थी लेकिन उसका रेस्क्यू करने में वन विभाग की टीम में कामयाब नहीं हो पाई।

इस दौरान कई अन्य जिलों के एक्सपर्ट की मदद भी ली गई लेकिन सारे प्रयास बेकार गए। बीएसएफ के ड्रोन की मदद भी ली गई थी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। अंतिम बार 13 जून की रात एक बजे के आसपास माचिया बायोलॉजिकल पार्क के गेट नंबर 2 के पास लगे इंफ्रारेड ट्रैप कमरे में लेपर्ड नजर आया था। यह कैमरा उसे रेस्क्यू करने के लिए ट्रैप केज के पास लगाया गया था। उस दौरान एक बकरी को भी ट्रैप केज के पास बांधा गया था।

करीब 20 सेकंड के फुटेज में लेपर्ड नजर आया लेकिन उसने बकरी का शिकार नहीं किया। इसके बाद से लेपर्ड नजर नहीं आया। आज उसका शव मिलने से वनकर्मियों में हड़कंप मच गया। फिलहाल लेपर्ड की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। लेपर्ड की संदिग्ध हालत में हुई मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

बीकानेर के विद्यार्थियों ने रोबोटिक बॉलिंग मशीन तैयार की

बीकानेर, (निसं)। टी-20 विश्वकप में भारत की जीत के बाद क्रिकेट प्रेमी उत्साहित हैं। वहीं अब क्रिकेट में बीकानेर का एक उत्पाद क्रांतिकारी बदलाव लेकर आ रहा है। इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ बीकानेर (ईसीबी) के विद्यार्थियों ने एक बॉलिंग मशीन तैयार की है, जो कई वजहों से अपने आप में अनोखी है। इस मशीन से न सिर्फ अधिकतम 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद बाहर निकलेगी, बल्कि उस गेंद में कितना घुमाव होगा, उसकी गति कितनी होगी और कोण कैसा होगा, यह सारा कुछ मशीन के सॉफ्टवेयर में लोड होगा। इससे बल्लेबाज न सिर्फ गेंद से प्रेक्टिस कर पाएगा, बल्कि वह स्पिन गेंदबाजी का भी अभ्यास कर सकेगा, यानी ऑफ स्पिन-लेग स्पिन के साथ बल्लेबाज इस गेंदबाजी मशीन से गुगली खेलने का भी अभ्यास कर पाएंगे। खास बात यह है कि इसकी विशिष्ट नियंत्रण प्रणाली से बॉल फीडर भी आसानी से कोच जैसा ही काम कर सकेगा। ईसीबी का इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रुमेंटेशन विभाग जल्दी ही इस मशीन के पेटेंट का भी दावा करेगा।

इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रुमेंटेशन विभाग के विभागाध्यक्ष हरजीत सिह बताते हैं कि स्वचालित बॉलिंग रोबोटिक सिस्टम को तीन हिस्सों में तैयार किया गया है। पहला बॉलिंग मोटर ड्राइविंग सिस्टम है। इसमें दो डीसी मोटर तथा ईएसपी-32 माइक्रोकंट्रोलर तथा मॉस्फेट आधारित नियंत्रण प्रणाली है। इसी माइक्रो कंट्रोलर से जुडे सेंसर फेंकी गई प्रत्येक बॉल की रफ्तार भी माप सकेंगे। दूसरा हिस्सा बॉल फीडर सिस्टम भी एक नियंत्रित डीसी मोटर आधारित है, जो बॉल की उपलब्धता, कोच या खिलाडी की मंशा अनुरूप समय पर बॉलिंग मशीन से करवाती रहती है। तीसरा इंटीग्रेटेड कंट्रोल सिस्टम है, जो कोच को बॉलिंग सिस्टम पर पूरा नियंत्रण प्रदान करता है। कोच एक ऐप के सहारे पूरा नियंत्रण रखते हुए अभ्यासरत बल्लेबाज के लिए बॉल की गति तथा स्पिन के प्रकार को पूरी तरह से नियंत्रित रख सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रुमेंटेशन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर राहुल राज चौधरी ने बताया कि छात्रों ने इंडस्ट्री ग्रेड के उत्पाद को न सिर्फ अपने आइडिया के साथ डिजाइन किया, बल्कि इसके प्रोटोटाइप को मूर्त रूप देकर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में एआई आधारित इंस्ट्रुमेंटेशन की सम्भावनाओं को प्रबल किया है।

न सिर्फ क्रिकेट, बल्कि इस सिस्टम को अपग्रेड करते हुए टेनिस जैसे अन्य खेलों में भी उपयोग किया जा सकेगा। डॉ. मनोज कुडी, प्राचार्य, ईसीबी ने बताया कि छात्रों की टीम ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देने की मंशा को साकार करते हुए खेल क्षेत्र में एक बहुत उपयोगी सिस्टम का डिजाइन व विनिर्माण किया है। यह ईसीबी के छात्रों की काबिलियत को दर्शाता है।

प्रो. ऐके शर्मा, कुलपति बीटीयू का कहना है कि आधुनिक युग में तकनीक निर्माण ही समाज की प्रगति का मुख्य आधार है। बीटीयू में मल्टी डिसिप्लिन रिसर्च को बढ़ावा दिया जा रहा है। छात्रों तथा मेंटर शिक्षकों का नवाचार विश्वविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे अवैध निजी अस्पताल पर छापा

बीकानेर, (निसं)। पंजीकरण की शर्तों का उल्लंघन कर मनमाने ढंग से संचालित एक निजी अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की। नोखा के मस्जिद चौक में मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध रुप से एक निजी अस्पताल चलाया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम ने पुलिस जाब्ते के साथ जब बालाजी मेडिकल एवं जनरल स्टोर के नाम से संचालित निजी क्लिनिक पर छापा मारा, तो चौंकाने वाला सच सामने आया। यहां आगे मेडिकल स्टोर और पीछे पूरा अस्पताल चलाया जा रहा था। अस्पताल में पांच बेड का वार्ड बनाया था और उसमें एक महिला मरीज को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। इतना ही नहीं एक बंद कमरे का ताला खुलवाकर चेक किया गया, तो अधिकारी भी आश्चर्य चकित रह गए, अंदर पूरा लेबर रूम का सेटअप बनाया था। इसमें लेबर टेबल, लेबर उपकरण व अवैध दवाइयां पाई गई। वार्ड में भर्ती मरीज के पास बायो मेडिकल वेस्ट के लिए एक बाल्टी रखी थी, उसमें ग्लूकोज की खाली बोतलें पड़ी थी। महिला मरीज के पास इलाज से संबंधित कोई पर्ची नहीं मिली, ना ही अस्पताल में मरीज रजिस्ट्रेशन का रेकॉर्ड व रजिस्टर मिला। इस संबंध में

- **आगे मेडिकल स्टोर और पीछे पूरा अस्पताल चलाया जा रहा था**

अस्पताल में मौजूद संतोष जाट से पूछा, तो उसने बताया कि यह सब डॉक्टर साहब के अधीन हैं, लेकिन मौके पर ना कोई डॉक्टर मिला, ना ही डॉक्टर की उपस्थिति के कोई कागजात मिले। कार्रवाई टीम ने निजी अस्पताल को बंद करा दिया। बाद में बीसीएमओ डॉ. कैलाश गहलोत थाने पहुंचे और इस मामले की पूरी रिपोर्ट दर्ज कराई।

सरदार जी का खेड़ा गांव की चारागाह भूमि पर बाहरी लोगों ने अतिक्रमण किया

अतिक्रमण करने से पशुपालकों को मवेशी चराने में परेशानी हो रही है

मांडलगढ़, (निसं)। मांडलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के सरदार जी का खेड़ा गांव की चारागाह भूमि पर बाहरी लोगों ने आकर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे पशुपालकों को मवेशी चराने में परेशानी हो रही है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने मांडलगढ़ एसडीएम और थानेदार को ज्ञापन दिया तथा अतिक्रमियों और ग्रामीणों के बीच खूनी संघर्ष की आशंका के चलते प्रशासन व पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

सरदारजी का खेड़ा निवासी रामलाल के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया कि चारागाह की अधिकांश भूमि पर बाहरी लोग जो किशनजी का खेड़ा, आलिया, भगवान पुरा, पीपल्दा के कुछ प्रभावशाली लोगों ने धनबल और भुजबल के आधार पर स्थानीय कर्मचारियों से मिलीभगत कर गत तीन साल से अतिक्रमण किए हुए है। ज्ञापन में बताया कि चारागाह भूमि पर थूहर की बाउंड्री कर बड़े आकार में बाड़े बना लिए और खेती भी की जा रही है। बढ़ते अतिक्रमण से चारागाह की भूमि समाप्त होती जा रही है, जिससे पशुपालकों के मवेशी चारागाह में विचरण नहीं कर पा रहे हैं।

मांडलगढ़ के सरदारजी का खेडा गांव की चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि आलिया गांव के भवानीलाल धाकड़ व त्रिवेणी गांव के रामचन्द्र मीणा ने चारागाह की भूमि पर जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन कर खुद के खेत में डलवा दी और कई ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी को बेच दिया। अवैध खननकर्ताओं ने चारागाह के सिमा पिलर भी उखाड़ कर फेंक दिए हैं। अवैध मिट्टी खनन से भूमि में बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए हैं, जिससे चारागाह का स्वरूप बदल गया है। मवेशियों के विचरण के लायक नहीं रखा है। इस मामले में ग्राम पंचायत और पटवारी को कई बार शिकायत भी की गई। फिर भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया है और न ही पटवारी द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमियों की शिकायत करने पर अतिक्रमी लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।

- **अतिक्रमियों और ग्रामीणों के बीच संघर्ष की आशंका को लेकर एसडीएम और थानेदार को ज्ञापन दिया**

उक्त मामले को लेकर उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह ने मांडलगढ़ तहसीलदार ललित डिडवानिया को अतिक्रमण की जांच कर हटाने के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन देने में नंद सिंह, चान्दमल, गोपाल लाल, नारायण लाल, सोराम, कैलाश रेगर, हरजी रेबारी, हीरालाल, लादूलाल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में दो वि.वि. के मालिक सहित तीन गिरफ्तार

ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह की गर्लफ्रेंड सरिता कड़वासरा को भी रोहतक से गिरफ्तार किया है

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में शुक्रवार को ओ.पी.जे.एस. विश्वविद्यालय, सनराईज विश्वविद्यालय अलवर, एमके विश्वविद्यालय पाटन गुजरात के मालिकों को गिरफ्तार किया है।

- ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह और सनराइज एंड एम.के. यूनिवर्सिटी के संचालक जितेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया।
- पूछताछ में सामने आया है कि इन संचालकों ने सभी रिकॉर्ड जला दिए हैं।
- जांच में सामने आया है कि दलालों के जरिए फर्जी डिग्री बांटने का खेल चल रहा था। बिना मान्यता के भी यूनिवर्सिटी की ओर से फर्जी सर्टिफिकेट और डिग्री जारी की गई।

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में शुक्रवार को ओपीजेएस विश्वविद्यालय, सनराईज विश्वविद्यालय अलवर, एमके विश्वविद्यालय पाटन गुजरात के मालिकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक आरोपी की गर्लफ्रेंड को भी रोहतक से हिरासत में लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि इन संचालकों ने सभी रिकॉर्ड जला दिए हैं। फिलहाल एसओजी की टीम गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने के साथ मामले में जुड़े अन्य लोगों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वी के सिंह ने बताया कि फर्जी डिग्री जारी करने वाली ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह (55) पुत्र ओमप्रकाश दलाल निवासी रोहतक हरियाणा और सनराइज एंड एमके यूनिवर्सिटी के संचालक जितेन्द्र यादव (38) पुत्र जिले सिंह निवासी नारनौल, हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह की गर्लफ्रेंड सरिता कड़वासरा (50) पुत्री धर्मवीर सिंह को भी रोहतक से गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपियों को एसओजी की ओर से जांच के दौरान चूरू के राजगढ़ में स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी बुलाया गया था। जांच के बाद फर्जीवाड़े का पता चलने पर आरोपियों को पूछताछ के लिए जयपुर लाया गया। पूछताछ पूरी होने पर शुक्रवार सुबह दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

परिस देशमुख ने बताया कि एसओजी को चूरू के राजगढ़ स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के खिलाफ फर्जी डिग्री जारी करने की काफी शिकायतें मिली थी। जांच में सामने आया है कि साल 2013 में ओपीजेएस यूनिवर्सिटी शुरू हुई थी। सरिता कड़वासरा साल 2013 से 2015 तक इस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार के पद पर रही है।

इसके बाद 2017 से 2020 तक वह चेयरपर्सन रही थी। डीआईजी ने बताया कि 2015 से 2020 तक जितेंद्र यादव सनराइज एंड एमके यूनिवर्सिटी का संचालक बनने से पहले ओपीजेएस विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार के पद पर रहा। इस दौरान विश्वविद्यालय की ओर से हजारों की संख्या में फर्जी डिग्री जारी की गई।

देशमुख ने बताया कि साल-2020 में आरोपी जितेंद्र यादव ने ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की पार्टनरशिप छोड़ दी। उसके बाद उसने अलवर में खुद की सनराइज यूनिवर्सिटी खोल ली। कुछ समय बाद ही एमके यूनिवर्सिटी गुजरात के पाटन में खोली। इसके बाद बूंदी में एक नई जीत यूनिवर्सिटी खोलने की तैयारी चल रही थी। मान्यता अभी सरकार से नहीं मिली थी। वहीं, आरोपी जोगेन्द्र सिंह शाहबाद (बारां) में वैदिक विश्वविद्यालय खोलने की तैयारी में था। इसका कैम्पस बनकर तैयार हो गया है।

पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि 2015 से 2020 की डिग्री का रिकॉर्ड जलने के कारण खत्म हो गया है। जांच में सामने आया है कि दलालों के जरिए फर्जी डिग्री बांटने का खेल चल रहा था। बिना मान्यता के भी यूनिवर्सिटी की ओर से फर्जी सर्टिफिकेट और डिग्री जारी की गई।

परिस देशमुख ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी यूनिवर्सिटी संचालकों की ओर से एडिमशन में भी फर्जीवाड़े किए। बेक डेट में एडमिशन दिए गए हैं। दलालों के साथ मिलकर फर्जी खेल प्रमाण-पत्र जारी करने का बिजनेस किया गया। गलत तरीके से गेम खिलाकर फर्जी खेल प्रमाण-पत्र देकर एडमिशन दिए गए। इन्होंने अपनी जालसाजी छिपाने के लिए 2016 से 2020 तक का रिकॉर्ड जला दिया है।

उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में टीचर्स के बारे में रिकॉर्ड देखने पर भी फर्जीवाड़ा सामने आया। विश्वविद्यालय में 27-28 लोगों का सैलेरी अकांउट है। इनमें से 8-10 नॉन टीचर स्टाफ हैं। यहां चलने वाले कोर्स की संख्या 18 है। इन्हें करवाने के लिए यूनिवर्सिटी के पास 27-28 लोग ही हैं। ये भी बड़ा फजीवाड़ा है। यूनिवर्सिटी का काम सिर्फ फर्जी डिग्री बांटने का था। आरोपी जोगेन्द्र सिंह के खिलाफ पूर्व में दो केस दर्ज हैं। इसमें गिरफ्तार भी हो चुका है।

देशमुख ने बताया कि राजस्थान के विभिन्न डिपार्टमेंट में फर्जी डिग्री दिखाकर लोग जॉब कर रहे हैं। शिक्षा विभाग को इस संबंध में अवगत करवाया गया है। विभाग की ओर से दोबारा वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जांच में सामने आया है कि विश्वविद्यालय की ओर से सबसे ज्यादा फर्जी डिग्री नॉर्थ इंडिया में बांटी गई है।

यूनिवर्सिटी की ओर से सौदा तय होने पर एडमिशन दिखाकर फर्जी डिग्री बांटी गई। फर्जी डिग्री देने के दौरान स्टूडेंट्स से 50-60 प्रतिशत ज्यादा रकम की डिमांड की जाती थी। स्टूडेंट्स सौदे की रकम देने की जिद करते थे, तो उन्हें डिग्री दे दी जाती थी, लेकिन सरकारी जॉब के लिए विभाग की ओर से जब डिग्री का वेरिफिकेशन किया जाता था तो विभाग को मना कर दिया जाता था। परेशान होकर स्टूडेंट यूनिवर्सिटी से दोबारा कॉन्टैक्ट करते थे और इसके बाद यूनिवर्सिटी उनसे ज्यादा पैसा वसूलती थी। रुपए देने पर दोबारा विभाग को विश्वविद्यालय की तरफ से गलती से रिपोर्ट भेजने का जबाव देकर वेरिफिकेशन करवा दिया जाता था।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मुलाकात की। शुक्रवार को नजीर के अजमेर पहुंचने पर देवनानी ने सर्किट हाउस में उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। देवनानी की नजीर से यह शिष्टाचार भेंट थी।

मोहन लाल लाठर मुख्य सूचना आयुक्त बने

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में मोहन लाल लाठर को नियुक्ति प्रदान की है। राज्यपाल ने इसके साथ ही सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। राज्यपाल मिश्र ने राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्त पदों के अंतर्गत इनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने से 3 वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो के लिए की है।

पोस्टर का विमोचन

जयपुर। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत 8 अगस्त को आयोजित होने वाले अमृत पर्यावरण महोत्सव के जन जागरण पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री कार्यालय में पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किया।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:2761 **जाहिर आम-सूचना** दि.:05.07.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास/फ्लैट संख्या EWS/KA/2/1 (GF), (एरिया 21.092 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री हफीज मोहम्मद पुत्र स्व. श्री गुलाम नबी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2686 दिनांक 08.02.2013 को जारी किया गया। श्री हफीज मोहम्मद की मृत्यु दिनांक 30.04.2022 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती आशिया खान पत्नी स्व. श्री हफीज मोहम्मद द्वारा उक्त आवास/ फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/ फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती आशिया खान पत्नी स्व. श्री हफीज मोहम्मद का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य कृष्ण कुमार पुत्र चन्दगीराम गुर्जर निवासी 475 सुमेर नगर अग्रवाल फार्म, मानसरोवर जयपुर ने स्व. राजेश सैनी पुत्र मालीराम सैनी निवासी चन्द्र शेखर कॉलोनी, आजाद कॉलोनी, ब्रह्मपुरी जयपुर के विधिक वारिसान संतोष सैनी, चंचल सैनी, यश सैनी से भूखण्ड संख्या 03-बी (डी) कुल क्षेत्रफल 500.00 वर्गगज एवं राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री कैलाश चन्द्र शर्मा निवासी प्लाट नं. 3 पोस्ट आफिस के पास, फुटल्या बाग, अजमेर रोड सोडाला जयपुर से भूखण्ड संख्या 009ए, कुल क्षेत्रफल 189.33 वर्गगज स्थित नारायण विहार-वाई ब्लॉक, फेज-01 सैक्टर 52 ग्राम जयसिंहपुरा वास भांकरोटा तहसील सांगानेर जिला जयपुर को क्रय करने का इकरार किया है अगर किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर पेश कर सूचित करें अन्यथा इसके बाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा।
रामजीलाल चौधरी, एडवोकेट, मो. 9829074741

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम गिरिश कुमार से बदलकर गिरिश कुमार पंजवानी पुत्र श्री विष्णु कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे गिरिश कुमार पंजवानी के नाम से जाना जावें। निवासी 11/340 मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान-302017

मैंने मेरे पुत्र का नाम दीप्ती कुमार से बदलकर देव अमावर रख दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को देव अमावर के नाम से जाना पहचाना जावें। हेमलता, निवासी प्लाट नं. 53 जनता नगर, रांकडी सोडाला जयपुर

हमने अपनी पुत्री का नाम प्रियांगी पुत्री वीरेन्द्र बेनीवाल और वन्दना बेनीवाल से बदलकर प्रियांगी बेनीवाल कर लिया है। भविष्य में इसे इसी नाम से जाना पहचाना जावें। पता-एफ-7ए, मधुवन कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर

मैंने अपना नाम गुनगुन से बदलकर अनन्या निगम पुत्री श्री नवीन निगम कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता 171, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर

हमने अपने पुत्र का नाम प्रणव पुत्र वीरेन्द्र बेनीवाल और वन्दना बेनीवाल से बदलकर प्रणव बेनीवाल कर लिया है। भविष्य में इसे इसी नाम से जाना पहचाना जावें। पता-एफ-7ए, मधुवन कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर

मेरा आर्मी सर्विस नं. 15674607-एल, है मैंने अपना नाम रघुवीरसिंह पृथ्वीसिंह (Raghuvirsingh Prathvisingh से बदलकर रघुवीर सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे रघुवीर सिंह (Raghuvir Singh) के नाम से जाना जाए। निवासी डी-44, वीर हनुमान नगर कालवाड रोड झोटवाडा जयपुर-302012 शपथ पत्र दिनांक 04.07.2024 जयपुर

मेरा नाम सुनीता कुमारी बडगुजर है पूर्व में कई जगह मेरा नाम सिन्हा देवी उर्फ सुनीता देवी है अब मैं सही नाम सुनीता कुमारी बडगुजर दर्ज करवाना चाहती हूँ भविष्य में मुझे सुनीता कुमारी बडगुजर के नाम से जाना पहचाना जावे। निवासी-ग्राम बरवाडा, तहसील चौमू, जिला जयपुर, राजस्थान

I have changed my name from Rupa Kumar Khemka to Rupa Kejriwal W/o Vikas Kumar Kejriwal R/o Plot No. A-8 Girdhar Colony, Sikar Road, Jaipur. For all purpose

I have changed my name Shakti Kumar Singh to Shakti Singh for all purpose in future. R/o SD-131 Shanti Nagar Khatipura Road Jaipur-302006

I have changed my Name from Saroj Mosun to Saroj Devi Mosun Therefore I will be known or distinguished in Public by New Name of Saroj Devi Mosun, 133 Tikkadmal Ka Rasta, Kishnpole Bazar, Brahmpuri, Jaipur.

I have change my name from pradeep kumar to Pradeep Kumar Goyal S/o Shri Nand Kishor R/o 47/96, G-1, Usha enclave, Kiran Path, Mansarovar, Jaipur. In future I know and recognised by my new name.

I Savita Hanmant Jadhav W/o JC 779019K Nb Sub Jadhav Hanmant Namdev R/o Posewadi, Tal-Khanapur, Dist-Sangli State-Maharashtra 415307. My name as Savita H Jadhav is wrongly entered in my husband's service record. My correct name is Savita Hanmant Jadhav.

I have changed my name from suresh chand sawhney to Suresh chand Sahney for all future purposes. Suresh chand Sahney S/o Prem Prakash sawhney R/o 5/361 SFS Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur-302020

प्रपत्र 7 नियम 21
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 233/2024
चूंकि श्री अभिनव सिंह पुत्र श्री भीम सिंह निवासी हाउस नं. 1. जगदम्बा कॉलोनी गांधी पथ, नियर ग्लोबल हार्ट हॉस्पिटल, वैशाली नगर जयपुर 302021 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत कुंवर भीम सिंह चेरिटेबल ट्रस्ट प्रन्यास पता 1 व 2 जगदम्बा कॉलोनी अपोजिट राजुल अगस्ता नील पदम सरोवर मार्ग, वैशाली नगर जयपुर राज 302021 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 2/7/24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख 05.09.2024
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम), देवस्थान विभाग, जयपुर

आम सूचना सर्वजन को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री रमेश चन्द शर्मा एवं श्रीमती चंचल शर्मा पत्नी श्री रमेश चन्द शर्मा निवासीगण 11 चित्रकूट नगर एयरपोर्ट रोड जगतपुरा का पुत्र सचिन शर्मा एवं पुत्र वधु श्रीमती रश्मि जो कि मेरे अभिभाष्यगण से अलग रहते है तथा सेवा सुश्रुषा भी नहीं कर रहे है। उनके समस्त स्त्रीधन सामान भी उनके पास ही है। उक्त दोनों पुत्र एवं पुत्र वधु को मेरे अभिभाष्यगण ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के अधिकारों से वंचित कर दिया है तथा सूचित करते है कि उनके द्वारा किये गये कृत्यों के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। सूचित रहे।
जयपुर (मुकेश कुमार पाठक) एडवोकेट
दिनांक-05.07.2024 मो. 9414057353

डॉ. किरोड़ी को मनाने के प्रयास होंगे!

डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा के समर्थन में आए कई मंत्री

- दौसा सांसद प्रत्याशी कन्यालाल मीणा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र बोले, "मुख्यमंत्री इस्तीफा नहीं करें स्वीकार, आमजन की भावनाओं का करें सम्मान"

जयपुर। कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे को लेकर भाजपा में सियासी हलचल मची हुई है। पूर्व मंत्री और दौसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से डॉ मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं करने की मांग की है। वहीं राज्य सरकार के मंत्री भी किरोड़ी की मुख्यमंत्री तथा संगठन से नाराजगी नहीं होने का हवाला देकर उनके राज्य और जनहित में काम करने की बात कही है। वहीं डॉ मीणा ने नई दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकत की। राज्य के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा के मंत्रिमंडल से इस्तीफे के बाद भाजपा और राज्य सरकार में उथल पुथल मची हुई है। इस्तीफे के बाद होने वाले डेमेज को लेकर भी संगठन और सत्ता दोनों ही विचार विमर्श कर रहे हैं, यही कारण है कि डेमेज कंट्रोल को लेकर कवायद भी शुरू हो चुकी है। डॉ किरोडी लाल को समझाने के प्रयास शुरू किए जा रहे हैं। इनमें सबसे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को मिलने दिल्ली बुलाया। मीणा ने दिल्ली में नड्डा के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। हालांकि दोनों के बीच हुई बातचीत की जानकारी नहीं मिल पाई है।

वहीं दौसा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले कन्हैयालाल मीणा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर डॉ मीणा का इस्तीफा नहीं स्वीकार करने का आग्रह किया है। मीणा ने मुख्यमंत्री से कहा कि डॉ मीणा राजस्थान में जनसंघर्ष के प्रतीक हैं, उनका पूरा जीवन गरीब मजदूर, दलित आदिवासी पिछड़ा युवा सहित सर्व समाज के प्रत्येक पीडित की समस्या निवरण के लिए संघर्ष किया। डॉ मीणा के नेतृत्व में सम्पूर्ण सामर्थ्य से कार्यकर्ताओं ने काम किया। कांग्रेस के संविधान खतरे तथा आरक्षण खत्म होने की भ्रामक प्रचार से हार का सामना करना पड़ा। डॉ मीणा का मंत्री पद से इस्तीफा देना उनकी भावुकता और वचनबद्धता को दर्शाती है। लेकिन ऐसे संघर्षशील व्यक्ति का मंत्री पद पर बने रहना आवश्यक है। कार्यकर्ताओं और जनता के साथ मीणा ने डॉ किरोड़ी का इस्तीफा अस्वीकार करने की मांग की है।

दूसरी ओर डॉक्टर मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं करने के समर्थन में कई मंत्री भी उतरे। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि डॉ मीणा की न मुख्यमंत्री और न ही संगठन से कोई नाराजगी है। मीणा सरकार और संगठन के साथ हैं, सब मिलकर राज्य और जनहित में काम करेंगे। वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि डा किरोडीलाल वरिष्ठ नेता हैं संघर्ष के प्रतीक हैं। अभी इस्तीफा दिया या नहीं यह पता नहीं है। लेकिन वो सरकार और संगठन हित में काम करते रहेंगे। जनहित में के मुद्दों को लेकर काम करते रहेंगे। गृहराज्य मंत्री जवाहर बेढम ने कहा कि मीडिया की खबरें पढ़ी है ऑथेंटिक नहीं है। डॉ मीणा वरिष्ठ नेता हैं, उनका बयान था मुख्यमंत्री सीएम और संगठन से दुराभाव से नहीं हैं। वरिष्ठ परिपक्व नेता मार्गदर्शन पहले भी करते हैं करते रहेंगे।

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 231/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री सोहन सिंह सोलंकी निवासी 45-46 विवेक विहार, जयपुर डेयरी के सामने बजाज नगर, लाल कोठी जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मंदिर श्री विवेक विहार बालाजी समिति कार्यालय पता जे.एल.एन. मार्ग, दैनिक भास्कर के सामने, जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 01.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 05.09.2024
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

आवश्यकता
आवश्यकता है पार्ट टाइम कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की जो हिन्दी में पेजमेकर, क्वार्क और वर्ड में काम कर सकें।
कार्य समयः सांय 8.00 से 12.00
सम्पर्क करें: अमित
मोबाईल नं.: 7905717804
राष्ट्रदूत
चमेली वाला मार्केट, जयपुर

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
क्रमांक :– जसअ/2024–25/44 दिनांक: 04.07.2024
निविदा सूचना सं. – 03 से 04/2023–24
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि० अभि० (मालवीय नगर जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण निविदा सूचना संख्या– 03 से 04/2024–25 दिनांक 04.07.2024 से नगर निगम जयपुर ग्रेटर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in से अपलोड की जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number (UBN) JMC2425WSOB000227 to JMC2425WSOB000228 है।
अधिशाषी अभियंता (मालवीय नगर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/24/1802

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-2768 दिनांक-05.07.2024
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या Q-33 TYPE-D NRI (एरिया 750.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री शान्ति लाल अग्रवाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 157 दिनांक 12.05.2009 को जारी किया गया। श्री दिनेश अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 21.05.2009 को उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री दिनेश अग्रवाल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 15.09.2010 के द्वारा श्री मुकेश कुमार शर्मा पुत्र श्री बी.आर. शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री मुकेश कुमार शर्मा के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 10508 दिनांक 28.12.2010 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री मुकेश कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 09.04.2024 के द्वारा श्री निखिल अग्रवाल पुत्र श्री दिलीप अग्रवाल को विक्रय कर उप पंजीयक-जयपुर-प्रथम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। अत उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री निखिल अग्रवाल पुत्र श्री दिलीप अग्रवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

'प्रदेश भर में एक ही दिन में लगाए एक लाख पौधे'

जयपुर। प्रदेश में जल संरक्षण और हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से जलदाय मंत्री कन्हैया लाल के निर्देशन में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने अभिनव पहल करते हुए प्रदेश में एक लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू किया। मंत्री ने जल भवन में पौधारोपण कर इस अभियान की शुरुआत की और जल भवन में 500 पौधे लगाए गए।

प्रदेश में जल संरक्षण और हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से जलदाय मंत्री कन्हैया लाल ने जल भवन में पौधारोपण कर एक लाख पेड़ लगाने की शुरुआत की और जल भवन में 500 पौधे लगाए गए।

अभियान के शुभारंभ पर जलदाय मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों को बचाना जरूरी है। जहां पेड़ बचाए जाते हैं वहां प्रकृति सुरक्षित हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत हमने प्रदेश भर में जलदाय विभाग के सभी कार्यालयों, संस्थाओं, पंप हाउसों में एक ही दिन में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि अत्यधिक जल दोहन, जल की बढ़ती मांग और भूजल के कम रिचार्ज होने के कारण राजस्थान के कई क्षेत्र डार्क जोन में सम्मिलित हो गए हैं।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

श्रद्धांजलि

24.10.1918 - 06.07.2000
24वीं पुण्यतिथि
श्रद्धेय स्व. वैद्य श्री घनश्याम जी शर्मा
निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) की 24वीं पुण्यतिथि 06.07.2024 पर सभी परिवारजन की ओर से
शत् शत् नमन् एवं सादर श्रद्धांजलि
कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) एवं उमा शर्मा (से.नि.प्रधानाध्यापिका), नरेन्द्र शर्मा (से.नि.एयरफोर्स) एवं दीपशिखा, सत्यप्रकाश शर्मा (राष्ट्रदूत, जोधपुर) एवं ज्योति शर्मा (से.नि.प्रिंसिपल सी.सै.स्कूल) (पुत्र-पुत्रवधु), बीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (से.नि.भारतीय स्टेट बैंक) (पुत्री-दामाद), प्रशांत एवं प्रिया (पौत्र-पौत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन
मोबाइल : 9829264308, 9829360428, 9462694531

खोया पाया

आवास संख्या 113/20 मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। हेमलता मो. 9929106823

मेरे प्लॉट संख्या 107, 108, 109, 110 श्याम विहार, माली की कोठी, आगरा रोड का पट्टा जो कि किशोर कुमार दायमा पुत्र स्व. सुजाराम दायमा के नाम से है वह पट्टा कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। किशोर कुमार-9928134533

मेरे प्लाट सं.-47 ए श्याम नगर-सी ग्राम-मथुरावाला तहसील-सांगानेर जिला-जयपुर के पंजीकृत विक्रय पत्र मूल दस्तावेज व संलग्न दस्तावेज जयपुर में कहीं खो गये है सूचित करें- सुमन जांगिड मो.नं.-8005697803

मेरे प्लाट नं. 138 योजना पेराडाइज जे.डी.ए. से जारी मूल जे.डी.ए. पट्टा, साईट प्लान, स्टाम्प पेपर और 2 विक्रय पत्र जयपुर में खो गये है सूचित करें- मिनाक्षी मीणा मो.नं. 9166304933

श्री कृष्णा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मनोहरपुर, शाहपुरा (जयपुर)
Email Id- skttcollege2017@gmail.com
आवश्यकता
बी.ए.बी.एड., बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु
प्राचार्य-1, शिक्षा के परिपेक्ष-5 (भूगोल, मनोविज्ञान, राजतिविज्ञान, समाज शास्त्र, इतिहास) सहायक आचार्य-भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, हिन्दी, अंग्रेजी, शारीरिक शिक्षक, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत।
योग्यता एवं वेतानमान- यू.जी.सी.राज.वि.वि.एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार इच्छुक अभ्यथी दिनांक 10.07.2024 तक बायोडेटा, फोटो एवं मूल दस्तावेजों की प्रतिलिपि महाविद्यालय की Email Id-skttcollege2017@gmail.com पर या व्यक्तिगत प्रेषित करें।
सचिव मो.9414623238, 8560000813

कोयला मंत्रालय
भारत सरकार
नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी का कार्यालय
- नामनिर्दिष्ट प्राधिकरण का कार्यालय, कोयला मंत्रालय विशिष्ट और समयबद्ध नौकरियों के लिए मंत्रालय में खुले बाजार के माध्यम से अनुबंध के आधार पर युवा विश्लेषकों/पेशेवरों को नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है। कोयला मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए रिक्ति नोटिस में निर्धारित अपेक्षित योग्यता और अनुभव वाले व्यक्तियों को ही युवा विश्लेषकों/पेशेवरों के रूप में नियुक्त किया जाएगा।
- आवेदन https://starrating.coal.gov.in/yp_na/ लिंक पर प्रकाशित ऑनलाईन प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही सूचित किया जाएगा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- अपेक्षित पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन होगी।

CBC 04107/12/0002/2425

हिंडौन सिटी में सवा तीन इंच बारिश दर्ज, दुकानों में दो फीट तक पानी भरा

खराब ड्रेनेज व्यवस्था की वजह से व्यापारियों ने नाराजगी जताई

हिंडौन सिटी, (निसं)। हिंडौन सहित आसपास के क्षेत्र में मानसून भले देरी से आया, लेकिन जब भी आया पूरे क्षेत्र को तर कर दिया। शुक्रवार को हुई बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया, जिससे स्थिति काफी खराब हो गई। करीब 81 एमएम (करीब सवा तीनन इंच) बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया लेकिन खराब ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में इस वर्ष भीषण गर्मी का दौर रहा। गत लगभग दो सप्ताह से उमस की मार झेल रहे लोग बेहाल हो गए। पूरे क्षेत्र के लोग मानसून का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच मानसून पूर्व की बारिश में कुछ हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई। गत दिवस देर शाम से आसमान में घने बादल छाए रहे और इसी बीच सुबह सात से बारिश का दौर शुरू हुआ दिन में लगभग दस बजे से बारह बजे तक दो घंटे जोरदार बारिश का दौर चला, जिससे पूरे शहर में जलभराव हो गया। कटरा बाजार स्थित दुकानों में करीब 1 से 2 फीट

हिण्डौन सिटी में बरसात होने से दुकानों में पानी घुस गया।

पानी भर जाने से दुकानदारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। खराब ड्रेनेज व्यवस्था की वजह से व्यापारियों ने नाराजगी जताई है। शहर में जल

- **बारिश के कई घंटों बाद भी सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रही**

निकासी की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। मानसून पूर्व खारी नाला की पर्याप्त सफाई नहीं होने से इस बारिश में भी जल निकासी की व्यवस्था फेल हो गई। सड़कों पर बारिश के कई घंटों बाद भी जलभराव बना रहा। किराना, वस्त्र, मिष्ठान और शूज की दुकानों में पानी भरने से काफी नुकसान हुआ। वहीं, बारिश से किसानों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। खरीफ फसलों में बाजरा, तिल आदि की बुवाई के लिए किसान काफी समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार शाम पांच बजे तक 15 एमएम बारिश दर्ज हुई थी, जबकि शुक्रवार को बारिश 81 एमएम दर्ज की गई। क्षेत्र में बारिश के बाद भी बादल छाए हुए हैं और लोगों को उमस से राहत मिली है।

टोंक में भारी बारिश, बीसलपुर बांध में तीन सेमी पानी आया

टोंक, (निसं)। जिले में इस साल मानसून की सबसे तेज बारिश गुरुवार रात से शुक्रवार तक हुई है। इसके चलते जहां बीसलपुर बांध में भी इस सीजन में पहली बार पानी की आवक हुई है। इसी के साथ बीसलपुर बांध का जल स्तर बीते 24 घंटे में 309.66 से बढ़कर 310.26 मीटर हो गया है। इससे लोगों के चेहरों पर खुशी है। वहीं जिले में 297.66 एमएम बारिश दर्ज हुई। इसके अलावा जिले के अन्य चांदसेन बांध, टोरडी सागर में भी 24 घंटे में ही ढाई-ढाई मीटर पानी की आवक हुई है। वहीं बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक जिले सबसे ज्यादा बारिश मालपुरा क्षेत्र में हुई है। उस क्षेत्र के चांदसेन रेन गेज सेंटर पर 270 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इसी तरह पीपलू तहसील क्षेत्र में भी तेज बारिश से सड़कें दरिया बन गई है। अस्पताल, स्कूल टापू से बन गए हैं।

इसी बीच गुरुवार रात से जिले के अधिकांश हिस्सों में रुक-रुक कर कई तेज तो कई मध्यम गति की बारिश हो रही है। यह सिलसिला अभी भी जारी है। सबसे ज्यादा बारिश मालपुरा, पीपलू क्षेत्र में हुई है। इससे खेत खलियान भर गए। सड़कें दरिया बन गई। कई स्कूलों में पानी भर गया, हालांकि अभी किसी तरह का बड़ा नुकसान होना सामने आया है। पीपलू क्षेत्र के रा. उच्च प्राथमिक विद्यालय अतलिकपुरा (डोडवाडी), राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीनगर (बगडवा) में तेज बारिश के चलते स्कूल भवनों की छत टपक पड़ी।

बारिश के चलते करौली में कई कॉलोनियों के हालात बिगड़े

कई कॉलोनियों के हालात तो इतने बिगड़ गए कि कॉलोनी बारिश के पानी से जलमग्न हो गई

करौली, (निसं)। शुक्रवार दिनभर चले बारिश के दौर से नगर परिषद क्षेत्र की कई कॉलोनियों के हालात बिगड़ गए। एक-दो कॉलोनी के हालात तो इतने बिगड़ गए कि कॉलोनी बारिश के पानी से जलमग्न हो गई और मकानों में पानी घुसने से कुछ मकानों में दरार आने से मकान मालिक भयभीत है। जलमग्न हुई कॉलोनी में प्रमुख रूप से विवेक विहार कॉलोनी के करीब पांच दर्जन से अधिक मकान है जहां पानी की आवक अधिक होने और पानी की निकासी नहीं होने से कॉलोनी के लोगों में आपस में तनाव की स्थिति बनी हुई है। नगर परिषद प्रशासन पुलिस दल के साथ पानी की निकासी में करीब 4 घंटे की मशक्कत करने के उपरांत भी पानी की निकासी नहीं होने से स्थिति जस कि तस बनी हुई है। शुक्रवार को मौसम की झमाझम बारिश और गत दिन गुरुवार को भी हुई बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से विवेक विहार कॉलोनी वासी गत 2 दिन से नगर परिषद प्रशासन के अलावा जिला कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत

- **पानी घुसने से कुछ मकानों में दरार आने से मकान मालिक भयभीत हो गए**
- **नगर परिषद प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ जेसीबी लेकर पानी की निकासी का प्रयास कर रहे हैं**

कराते हुए पानी की निकासी कि मांग कर रहे हैं। वहीं नगर परिषद प्रशासन 2 दिन से पुलिस प्रशासन के साथ जेसीबी मशीन को लेकर पानी की निकासी का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कॉलोनी वासियो में आपसी सामंजस नहीं होने और एक दूसरे की ओर से पानी की निकासी नहीं होने देने से समस्या जस की तस बनी हुई है। शुक्रवार को नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह परिषद के करीब 8 अधिकारी, कर्मचारी और दो जेसीबी मशीनों के साथ एवं कॉलोनी वासियों के आपसी विवाद को देखते हुए पुलिस बल के साथ पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाल सुनील कुमार, महिला-पुरुष कांस्टेबलों के जाप्ते के साथ करीब एक बजे विवेक विहार कॉलोनी पहुंचे लेकिन कॉलोनीवासियों के आपसी विवाद एक दूसरे की ओर से पानी निकासी के लिए तैयार नहीं हुए। जैसे-तैसे समझाईश के बाद प्रशासन ने पानी निकासी के लिए जेसीबी मशीन लगाकर काम चालू किया। तीन रास्तों से पानी निकासी का रास्ता बनाने के उपरांत भी पानी की निकासी नहीं होने पर कॉलोनीवासियो में आपसी विवाद की नौबत तक बन गई। इसके अलावा कॉलोनी वासियों ने नगर परिषद प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा थोड़ी शख्ती बरतने पर कॉलोनी की महिलाएं जेसीबी मशीन के सामने आकर विरोध करने पर उतारू हो गई जिसको समझाइश कर जेसीबी मशीन से पानी निकासी शुरू कराया।

करौली में सवा चार, श्रीमहावीरजी में चार इंच बारिश हुई

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय सहित जिले में मानसून पूरी तरह मेहरबान है। लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी झमाझम बारिश का दौर चल रहा है। प्रात: करीब 7:30 बजे से रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश का दौर दोपहर 12 बजे तक लगातार चलता रहा इस बीच कभी धीमी तो कभी तेज गति से बारिश का

- **बारिश से सड़कें दरिया बन गई, वहीं नदी, तालाब और नालों में पानी की आवक जारी**

दौर चला। शुक्रवार को प्रात 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक करौली जिला मुख्यालय पर झमाझम बारिश हुई जिसके चलते सड़कें दरिया बन गई।

सिंचाई विभाग के अनुसार करौली में 114 एमएम (सवा चार इंच), श्रीमहावीरजी में 106 एमएम और हिंडौन में 81 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इसके चलते क्षेत्र के नदी, तालाब और नालों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। वहीं जिले के सबसे बड़े पांचना बांध में भी पानी की आवक हुई है। तेज बारिश के दौर के चलते मुख्यालय कि निचली

करौली में कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित दुकानों में पानी भर गया।

कॉलोनी, बस्तियां के रास्ते पानी से लबालब हो गए। कई घरों में पानी घुस गया। इसके चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसके साथ ही प्रात: स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हुई। बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे। वहीं कर्मचारियों को भी कार्यालय पहुंचने में देरी हुई। करौली जिला मुख्यालय पर विवेक विहार, एनएच-23 स्थिति मैगजीन क्षेत्र,कोर्ट के सामने,रामद्वारा के सामने गौशाला रोड, रेलवे रिजर्वेशन काउंटर के सामने सहित कई स्थानों पर जल भराव के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि आगामी दो दिन तक शहर के कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति होना संभव नहीं है। शहर के गणेश गेट बाहर स्थित पंप हाउस पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। उसके पेनल, मोटर पानी में डूबे हुए हैं। इसके अलावा होली खिडकिया टंकी और चौबेपाडा स्थित जलाशय से पेयजल आपूर्ति नहीं होगी।

न्यायाधीश एस. चन्द्रशेखर ने ली शपथ

राजस्थान हाईकोर्ट में अब हुए 33 न्यायाधीश, पर अभी 17 पद रिक्त हैं

जोधपुर, (कासं)। झारखंड हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर आए वरिष्ठ न्यायाधीश एस. चन्द्रशेखर को राजस्थान हाईकोर्ट में वरिष्ठ न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। शुक्रवार सुबह मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष में आयोजित हुआ जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी देखी गई। जयपुर पीठ के न्यायाधीश वीसी से जुड़े। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधि एवं न्याय मंत्रालय ने दो दिन पहले उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी की थी।

झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश एस. चंद्रशेखर का दो दिन पहले ही राजस्थान हाईकोर्ट में तबादला किया गया था। केंद्रीय विधि एवं विधिक कार्य विभाग मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस एवं वरिष्ठ न्यायाधीश एस चंद्रशेखर का स्थानान्तरण राजस्थान हाईकोर्ट में किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने 29 दिसम्बर 2023 को न्यायाधीश एस चन्द्रशेखर का राजस्थान हाईकोर्ट तबादला करने की सिफारिश की थी। जस्टिस चन्द्रशेखर ने शपथ ग्रहण के साथ ही कार्यभार संभाल लिया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मुख्य पीठ जोधपुर के सभी जस्टिस मौजूद रहे जबकि जयपुर पीठ के सभी जस्टिस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

25 मई 1965 को जन्मे न्यायाधीश चंद्रशेखर ने 1993 में दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से एल.एल.बी. की डिग्री ली थी और 9 दिसंबर 1993 को दिल्ली राज्य बार काउंसिल में वकील के रूप में नामांकित हुए। वे 2013 में झारखंड हाईकोर्ट, रांची के अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त हुए और 2023 से वे झारखंड हाईकोर्ट में कार्यवाहक

- **मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई**
- **जस्टिस चन्द्रशेखर झारखंड हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर आए हैं, उनके राजस्थान तबादले की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने दिसम्बर 2023 में की थी**

मुख्य न्यायाधीश है।

राजस्थान हाईकोर्ट में जस्टिस एस चंद्रशेखर के आगमन के बाद भी 17 न्यायाधीशों के पद खाली हैं। हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के 50 पद स्वीकृत हैं। हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश सहित 32 न्यायाधीश कार्यरत थे। अब जस्टिस एस चंद्रशेखर के बाद हाईकोर्ट में 33 न्यायाधीश हो गए हैं लेकिन उसके बाद भी 17 न्यायाधीशों के पद खाली हैं। जानकारी के अनुसार राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के सभी पद कभी भी नहीं भरे गए हैं। यहां न्यायाधीशों की अधिकतम संख्या 38 से 40 के बीच ही रही हैं।

राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता विपुल सिंघवी को राष्ट्रपति द्वारा अपॉइंट किए गए पैनल में वित्त मंत्रालय के डीआरआई व जीएसटी इंटेलिजेंस केसों के लिए नियुक्ति किया है। उनकी सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल के रुप में नियुक्ति की गई है। यहां पूर्व में भी विपुल सिंघवी सेवाएं दे चुके हैं। केंद्र सरकार के विधि मंत्रालय एवं वित्त मंत्रालय के सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल के रूप में वह सेवाएं दे चुके हैं।

जहाजपुर पं. स. प्रधान सीता देवी को निलंबित किया

भीलवाड़ा, (निसं)। पंचायत राज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव ॥ (जांच) ने एक आदेश जारी करते हुए जहाजपुर प्रधान सीता देवी गुर्जर को तुरन्त प्रभाव से प्रधान पद से निलम्बित कर दिया। यह खबर सुनते ही भाजपाइयों ने फटाके फोड़े और मिठाईयां बांटी।

आदेश मे बताया गया कि सीता देवी गुर्जर, प्रधान, पंचायत समिति जहाजपुर, जिला शाहपुरा (भीलवाडा) द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 33 (क) एवं धारा 46 (1) में वर्णित प्रावधानों की पूर्णत: पालना सुनिश्चित नहीं करने के आरोप विभागीय जांच रिपोर्ट में प्रमाणित पाये गये हैं, जिसके लिए सीता देवी गुर्जर, प्रधान, पंचायत समिति जहाजपुर उत्तरदायी हैं। इस संबंध में प्रधान को आरोप पत्र भी दिया गया है। राज्य सरकार राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 38 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते

- **'इस निलम्बन के खिलाफ सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ाई लड़ेंगे'**

हुए एतद् द्वारा सीता देवी गुर्जर, प्रधान, पंचायत समिति जहाजपुर, जिला शाहपुरा (भीलवाड़ा) को तुरन्त प्रभाव से प्रधान पद से निलम्बित करने के आदेश जारी किये। निलम्बन काल में वे पंचायत समिति, जहाजपुर के किसी कार्य एवं कार्यवाही में भाग नही लेंगी।

कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने प्रधान सीता देवी गुर्जर को निलम्बित करने पर कहा कि राज्य सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर एक तरफा कार्यवाही करते हुए मिथ्या आरोपों के नाम पर प्रधान सीता देवी गुर्जर को निलम्बित करने का कार्य किया है और इस निलम्बन के खिलाफ सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ाई लड़ेंगे। विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि राज्य सरकार ने जनहित व जहाजपुर की जनता हित में अच्छा निर्णय लिया है। उन्होंने तीन सालों के कार्यकाल में जो अनियमितताएं व भ्रष्टाचार किया, उनकी जांच के उपरांत ही सरकार ने यह निर्णय लिया है।

खेतड़ी में तेज बारिश हुई, पानी के तेज बहाव में व्यक्ति बहा

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही बरसात से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। कस्बे के ऐतिहासिक भोपालगढ़ के किले पर झरने चलने से लोग नहाने के लिए पहुंचने लगे हैं। गुरूवार शाम को बारिश के दौरान मुख्य बाजार में ढलान क्षेत्र का पानी आने से रास्ते में चल रहा एक व्यक्ति बहने लगा। इसके बाद आसपास के व्यापारियों ने उसे बचा लिया।

खेतड़ी कस्बे में पहाड़ी का पानी मुख्य बाजार में आम रास्ते से होकर गुजरता है, जो पानी की आवक अधिक होने पर तेजी से पानी बहता है। कस्बे के टोड़ी मौहल्ला निवासी विजेश बरसात में मुख्य रास्ते से गुजर रहा था। इस दौरान वह तेज बहाव के साथ पानी में गिर गया और पानी के साथ बहने लगा। विजेश पशु अस्पताल में काम करता है। वह घटना के दौरान अपने घर जा रहा था। व्यापारियों ने बताया कि पानी में बहने से उसके चोटें भी आईं हैं। जिसके बाद उसका उपचार करवाया गया। पानी में यदि व्यापारी पानी में बह रहे व्यक्ति को नहीं बचाते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

शहर में गुरुवार दोपहर से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। शहर में तेज बारिश के बाद तापमान में गिरावट हुई और अब तक कुल 44 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। करीब आधे घंटे तक हुई तेज बारिश के बाद क्षेत्र के बहाव क्षेत्र की गलिया उफनती नदियों में तब्दील सी हो गई। बरसात के पानी से जगह-जगह गलियों में कई रास्ते जलमग्न होने से आवागमन बाधित हो गया। खेतड़ी के अलावा आसपास के क्षेत्र में बरसात होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है तथा मौसम भी सुहाना हो गया है।

राजस्थान सरकार

निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर

क्रमांक-निदे/अ.ख.स.अ.नीलामी/निलामी (ML Bajri-IV)/2024/ई-07123

ई-नीलामी विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के अध्याय-।।। के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टो के आवंटन के लिए 12 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती हे। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

क्र.सं.	जिला	ग्राम (तहसील)	खनिज	कुल प्लॉट
1	ब्यावर	रायपुर-I, झूठा, कुणालपुरा (रायपुर)	बजरी	2
2	नागौर	झिंटिया, सुरियास, रियाबडी (रियाबडी)	बजरी	2
3	फाली	सोनाईमाजी (पाली)	बजरी	2
4	जोधपुर (ग्रामीण)	संत लिखमाराम, लाखडथुम्ब (लूणी)	बजरी	2
5	बालोतरा	कनाना (पचपदरा)	बजरी	2
6	भीलवाडा	जवासियां, सायला, बरडोद (हमीरगढ)	बजरी	1
7	चित्तौडगढ	आकोला,चौकडी,बाबरिया खेडा, बडवई, जोयड (भूपालसागर)	बजरी	1

विशेष नोट-1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाई www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेट फार्म प्रदाता कंपनी (MSTC Ltd. की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

(भगवती प्रसाद)IAS
निदेशक

DIPR/C/5405/2024

कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/सामान्य शाखा/2024/1724 दिनांक :- 04.07.2024

-: ई-निविदा सूचना-2024-25 :-

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 19.07.2024 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक (DLB2425SLOB02421) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/1792 आयुक्त, नगर परिषद सुजानगढ

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति "विशिष्ट श्रेणी" बारां (राज0)

क्रमांक:-947 दिनांक :- 03.07.2024

बिड आमंत्रण सूचना संख्या 01/2024-25

कृषि उपज मण्डी समिति बारां के सुरक्षा व्यवस्था ठेका (अनुमानित लागत 120.00 लाख रूपये) हेतु सुरक्षा कर्मीयों की आपूर्ति के कार्य के अन्तर्गत पंजीकृत संवेदकों/सहकारी संस्थाओं/स्वयं सेवी संस्थाओं से ठेका पद्धति पर ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से दिनांक 24.07.2024 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. DAM2425SLRC00359

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, बारां

राज.संवाद/सी/24/1819

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांक-सं.वि.सं. 06/EXAM/A.C.P. (Deputy Director)/EP-I /2024-25 दिनांक-05.07.2024

आयोग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग हेतु राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 1992 के अन्तर्गत एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर/उप निदेशक (Analyst-Cum-Programmer/Director) के 45 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

आयु सीमा	दिनांक 01.01.2025 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिए।
आवेदन अवधि	दिनांक 16.07.2024 से दिनांक 14.08.2024 रात्रि 12.00 बजे तक।
परीक्षा का स्थान व माह	परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जायेगा।

अन्य बिन्दु व सूचना-एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए। DIPR/C/5577/2024 राम निवास मेहता, सचिव

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम-जोधपुर

क्रमांक-837 दिनांक-01.07.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 03/पीएमजीएसवाई/2024-25

NIB NO. PWD2425A0485

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जारी वित्तीय प्रोत्साहन राशि से सडक नवीनीकरण कार्य के निम्नलिखित कार्यो मय पांच साल की मरम्मत के लिए 1 पैकेज हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in व http://pmgsytendersraj.gov.in पर देखा जा सकता है। पैकेजवाईज यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

1. PWD2425WSOB01878

इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://pmgsytendersraj.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

(देवीलाल आर्य)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता,
सा.नि.वि. संभाग प्रथम, जोधपुर

DIPR/C/5327/2024

राजस्थान सरकार

कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान

आबकारी भवन 2-गुनियावाला, पंचवटी, उदयपुर-313001

क्रमांक-F.32(B)(1)(AP)EX/L/2024-25-03000part(6)/1011 दिनांक: 05.07.2024

पडत मदिरा की रिटेल ऑफ कम्पोजिट दुकानों के अनुज्ञापत्र हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2024-25 के अनुसार पडत रही कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिए ई-निविदा प्रक्रिया से बन्दोबस्त करने हेतु निम्नानुसार ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

1	निविदा दस्तावेज ऑनलाईन डाउनलोड करने की दिनांक व समय	दिनांक 06.07.2024 अपरान्ह 3.00 बजे से
2	निविदा दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय	दिनांक 09.07.2024 सायं 5.00 बजे तक
3	वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक, समय व स्थान	दिनांक 09.07.2024 को सायं 5.30 बजे से संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय।

ई-निविदा में भाग लेने की शर्ते-

1. यह निविदा वेबसाईट https://www.sppp.rajasthan.gov.in तथा विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदाएं बेबसाईट https://www.eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। ई-निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में लॉगिन / साइन करने हेतु काम में आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सीसीए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओ के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हे नया सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नही है।
2. देशी मदिरा, राजस्थान निर्मित मदिरा (RML), भारत निर्मित विदेशी मदिरा (IMFL) एवं बीयर की कम्पोजिट दुकानों का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, अनुमानित गारण्टी राशि, अमानत राशि, धरोहर राशि, पंजीकरण शुल्क का विवरण विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।
3. ई-निविदा में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा मदिरा दुकान का फार्म डाउनलोड करके फार्म के साथ 3 प्रकिया शुल्क, आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि के चालान राजकोष में ऑनलाईन / ऑफलाईन जमा करवाकर चालानों की प्रति अपलोड करनी होगी। इन राशियों के जमा नही होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता को निम्नलिखित राशियां उनके सामने उल्लेखित राजकोष मद में जमा करवानी होगी :-

क्र.सं.	विवरण	राशि (रूपये में)	राजकोष लेखा मद
1	RISL की प्रक्रिया पंजीकरण शुल्क	रू. 2000/-	8658-00-102-(16) -01 (सिविल विभाग)
2	आवेदन शुल्क	निविदा के संबंध में जारी दिशा- निर्देश एवं शर्तो की शर्त संख्या 6.11 के अनुसार रू. 10,000/- से लेकर रू. 20,000 तक (अनुमानित गारण्टी राशि के अनुसार)	0039-00-501-01-00 (आवेदन शुल्क)
3	अमानत राशि	अनुमानित गारण्टी राशि की 2 प्रतिशत	8443-00-103-00-00 (प्रतिभूति जमा)

ई-प्रोक पोर्टल से प्रकिया शुल्क, निविदा शुल्क एवं अमानत राशि का एक चालान जनरेट करने पर लेखा मद 0075-00-800-52-01 (निविदा प्रपत्र शुल्क) में राशि रू. एक रूपया जमा करवाकर आवेदन शुल्क का चालान पृथक से राजकोष में मद 0039-00-501-01-00 में जमा करवाया जा सकता है।

4. अनुमानित गारण्टी राशि से कम राशि की निविदा प्राप्त होने पर स्वीकृति के संबंध में सक्षम स्तर से निर्णय लिया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने के समस्त अधिकार आबकारी आयुक्त को होगें।
5. स्वीकृत निविदादाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स फीस ई-निविदा के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तों, जो विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है, के अनुसार जमा करानी होगी।
6. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा-धरोहर राशि, अठिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि जप्तराज की जायेगी।
7. मदिरा दुकानों के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-निविदा में भाग ले सकेंगें, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2024-25 व भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश, आबकारी नीति वर्ष 2024-25 तथा प्रारूप अनुज्ञापत्र इत्यादि https://excise.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है, जिनका ई-निविदा में भाग लेने से पूर्व भली भाँति अध्ययन कर लेना चाहिए। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
8. ई-निविदा के संबंध में अन्य प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2024-25 एवं राजस्थानआबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेगे।
9. ई-निविदा के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो न्यायिक क्षेत्र संबंधित जिला ही रहेगा।

(अंश दीप)
आबकारी आयुक्त, राजस्थान

DIPR/C/____/2024

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति भीनमाल जिला जालोर (राज.)

E-mail- psbhinmal@yahoo.co.in, egsmis.bnm@gmail.com, Phone-02969-222230

क्रमांक-एफ( )पसभी/लेखा/वाहन नीलामी/2024-25/172 दिनांक-24.06.2024

वाहन नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति भीनमाल की निजी आय से क्रय की गई नॉन ए.सी. वाहन बोलेरो को नाकारा घोषित किये जाने पर जिस हालत में है उसी हालत में सार्वजनिक नीलामी बोली द्वारा गठित कमेटी के समक्ष पंचायत समिति भीनमाल के परिसर में दिनांक 16.07.2024 वक्त 2 पी.एम. पर नीलाम किया जाना है इच्छुक बोलीदाता दिनांक 16.07.2024 वक्त 12 पी.एम. तक 500/- रूपये का नीलामी शुल्क एवं 30,000/- रूपये धरोहर राशि बाबत जमा करवाकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। नीलामी प्रक्रिया से संबंधित शेष शर्ते कार्यालय या http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर	वाहन का प्रकार	इंजन नंबर	चैसिस नंबर	वाहन मॉडल	वाहन का क्रय मूल्य	नीलामी स्थल
RJ-16UA-1932	Bolero Lx MDI TC 2WD	GHA4M 62725	MAIPL2GH KA2M90737	2010	5,85,000/- रू.	पंचायत समिति भीनमाल

NIB NO. ZJR2425A0040, UBN NO. ZJR2425GSOB00037

(किरण भारतीय)
प्रधान
पंचायत समिति भीनमाल

(हेमाराम)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति भीनमाल

DIPR/C/5333/2024

आग के धुएं में दम घुटने से युवक की दर्दनाक मौत

झोटवाड़ा इलाके में निवारू रोड स्थित बाहुबली नगर का मामला

जयपुर (कासं)। झोटवाड़ा थाना इलाके में मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से मकान में धुंआ भर गया। धुएं से दम घुटने से युवक की मौत हो गई। धुआं भरने से धमाके के साथ मकान का दरवाजा टूट गया। इस पर लोगों को घटना का पता चला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में बाहुबली नगर निवारू रोड निवासी मुकेश (33) की मौत हो गई। युवक अपने पिता रविंद्र (65) और भाई पवन (35) के साथ रहता था। गुरुवार शाम को पिता और भाई काम से सालासर गए थे। घर पर वह अकेला

- **मकान में आग का धुंआ भरने से धमाके साथ गेट भी टूटकर गिरा**

था। रात करीब 2:30 बजे मुकेश ने भाई पवन को कॉल कर डिग्गी कल्याण जी जाने को कहा था। देर रात मुकेश ऊपर रसोई में रखा गैस सिलेंडर नीचे कमरे में उतारकर लाया था। रात करीब 3:30 बजे घर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग से घर में रखा सामान जलने लगा। घर में धुआं भर गया। बचने की कोशिश में मुकेश के हाथ झुलस गए। फिर दम घुटने से बेहोश होकर मुकेश जमीन पर गिर गया। हर तरफ से बंद घर में धुआं भरने से दबाव बन गया। इससे धमाके के साथ गेट टूट गया। धमाके की आवाज सुनकर पड़ोसियों में दहशत फैल गई। घरों से बाहर निकलने पर पड़ोसियों को आग लगने का पता चला। लोगों की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। घर के अंदर जमीन पर बेहोशी मिले मुकेश को कांवटिया हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि पुलिस जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है। मुकेश के किचन में रखे सिलेंडर को नीचे कमरे में लाने के पीछे का कारण पता नहीं चल सका है। कयास लगाए जा रहे हैं कि मुकेश ने घर में खुद आग लगाई है। परिजनों से पूछताछ में सामने आया है कि मुकेश मानसिक रूप से बीमार है। पिछले 15 साल से दवाइयां चल रही है। 4 जून को उसकी मां की मौत होने के बाद वह डिप्रेशन में था। मां ही उसका ध्यान रखती थी।

मुकेश के पिता रविंद्र सचिवालय से रिटायर्ड है। मां भी सरकारी टीचर के पद से रिटायर्ड हुई थी। काफी सालों से मां-बेटे यहां रह रहे थे और रविंद्र बच्चों को सांगानेर में रहते थे। करीब 1 साल से पहले ही पत्नी की तबीयत खराब रहने पर रविंद्र यहां आकर रहने लगे थे। 4 जून को मां की मौत के बाद से मुकेश ज्यादा डिप्रेशन में चला गया। मुकेश के बड़े भाई पवन की भी पत्नी से अनबन थी। इसलिए पत्नी छोड़कर पीहर गई हुई थी।

कार चुराने वाले दो बदमाश दबोचे

जयपुर। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार चुराने वाले दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कार बरामद कर ली। आरोपी रैकी कर विद्याधर नगर क्षेत्र में पार्किंग में खड़ी कार को चोरी करके ले गए थे। पुलिस टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी मौज मस्ती और शौक को पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रामप्रसाद मीणा जयलालपुरा बोली सवाईमाधोपुर और मनीष सोलंकी डीडवाना नागौर हाल वाटिका रोड सांगानेर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद आरोपियों को चिन्हित कर उन्हें पकड़ा। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह वाहन चुराने से पहले रैकी करते थे। रैकी करने के बाद वारदात को अंजाम देते थे। कार बाइक चुराने के बाद वह उससे सस्ते दामों में बेच देते थे। आरोपी मौज मस्ती और शौक को पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि वाहन चुराने के बाद वह किन लोगों को बेचा करते थे। पुलिस अन्य वारदातों के खुलासे के लिए पूछताछ कर रही है।

2543 पदों की अंतरिम वरीयता सूची जारी

'मिशन मोड पर पूरी की जा रही हैं अटकी हुई भर्तियां'

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मिशन मोड में प्रयास कर बहुप्रतीक्षित फार्मासिस्ट भर्ती में 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची शुक्रवार को जारी कर दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंजूरी के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में विभाग लंबे समय से अटकी हुई भर्तियों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास कर रहा है। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

- **कई बाधाओं के बावजूद फार्मासिस्ट भर्ती को अंजाम दिया विभाग ने**

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में करीब 10 साल पहले फार्मासिस्ट भर्ती हुई थी। इसके बाद वर्ष 2023 में विज्ञापित फार्मासिस्ट भर्ती को विभिन्न कानूनी पेचीदगियों, एफआईआर, चुनावी आचार संहिता, अंकतालिकाओं का सत्यापन, संसाधनों की सीमितता के चलते पूरी करना बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन चिकित्सा विभाग ने इस काम को मिशन मोड में पूरा करने का प्रयास किया।

सिंह ने बताया कि इस भर्ती में सबसे बड़ी बाधा अंकतालिकाओं की वैधता की जांच करवाना था। इसके लिए विभाग ने 25 टीमों का गठन किया। इन टीमों ने दूसरे राज्यों में जाकर करीब 4 हजार अभ्यर्थियों की अंकतालिकाओं का सत्यापन किया।

इसके साथ ही न्यायालय में इस भर्ती को लेकर विचाराधीन प्रकरणों में विभाग ने पुरजोर पैरवी कर भर्ती की राह खोली। चुनावी आचार संहिता के दौरान शिथिलन प्राप्त कर इस कार्य को गति दी गई। इसी का परिणाम रहा कि रिकॉर्ड समय में फार्मासिस्ट भर्ती की अंतिम वरीयता सूची आज जारी हो सकी है। निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा ने बताया कि 3067 पदों पर फार्मासिस्ट भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। अंकतालिकाओं के सत्यापन के बाद 2819 अभ्यर्थियों की वरीयता सूची तैयार की गई है। इनमें से 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 276 अभ्यर्थियों का परिणाम प्रतीक्षा में रखा गया है। 248 पदों का बैकलॉग रहा है। जिन अभ्यर्थियों परिणाम प्रतीक्षा में रखा गया है, उनके दस्तावेजों की विभागीय स्तर पर जांच उपरांत समयबद्ध रूप से नियमानुसार वरीयता सूची जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से अराजपत्रित संवर्ग के विभिन्न 20 हजार 630 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को गति दी गई है। इनमें से नेत्र सहायक, डेंटल टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के 3105 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, फार्मासिस्ट के 2543 पदों के लिए अंतरिम वरीयता सूची आज जारी की जा चुकी है।

निदेशालय पेंशन विभागीय समिति ने शपथ ली

जयपुर। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ की विभागीय समिति निदेशालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण में निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष कल्पित जैन एवं उनकी नवगठित कार्यकारिणी का शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक, वरिष्ठ कर्मचारी नेता सूरज प्रकाश टाक तथा विशिष्ठ अतिथि निदेशक पेंशन डॉ. देवराज, अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय प्रदीप माथुर, अतिरिक्त निदेशक नियम विश्वजीत सिंह पुरावत थे। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह भाटी और हरिनारायण मीणा ने किया। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीनाक्षी सिंह, चंचल वर्मा, उपाध्यक्ष विकास कुमार, नंदकिशोर, पुनीत पालीवाल, महामंत्री तेज प्रकाश बत्रा, कोषाध्यक्ष सावित्री देवी, मुकेश धायल, संयुक्त महामंत्री दिव्या सिंह, प्रचार मंत्री विकास शर्मा, संगठन मंत्री कुश श्रीवास्तव, शिक्षा एवं सांस्कृतिक मंत्री निधि शर्मा, रेणु सैनी, खेल मंत्री प्रवीण सिंह शेखावत, कार्यालय मंत्री प्रदीप सक्सेना, विधि मंत्री राहुल वर्मा, नरेश कुमार बलाई, सदस्य कार्यकारिणी वैभव सिंह, राजेंद्र महावर, विष्णु कुमावत, योगेंद्र कुमार, कविता मीणा को मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को निदेशक डॉ. देवराज व अतिरिक्त निदेशक प्रदीप माथुर एवं विश्वजीत सिंह पुरावत में शपथ दिलवाई।

नगरीय विकास कर समिति की बैठक आयोजित

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की नगरीय विकास कर समिति की बैठक शुक्रवार को पन्नाधाय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा नगरीय विकास कर के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। नगरीय विकास कर समिति के चैयरमेन विकास बारेठ की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के सदस्यों में मोहित कचौलिया, छोटू राम मीणा, नवीन खटीक, छोटा देवी, मोतीलाल मीणा, संजय सिंह, जनार्दन शर्मा उपायुक्त राजस्व (प्रथम), सरिता चौधरी, सचिव, नगरीय विकास कर समिति, अरविन्द सैनी राजस्व अधिकारी, नगरीय विकास कर, राकेश शर्मा, राजस्व निरीक्षक इत्यादि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। चैयरमेन विकास बारेठ ने उपायुक्त राजस्व (प्रथम) से नगरीय विकास कर के संबंध में सामान्य जानकारी ली।

चोरी के सात वाहनों के साथ दो बदमाश पकड़े

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने श्याम नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और साथ ही उनके पास से चोरी के सात दुपहिया वाहन बरामद किए है। वही एक शातिर वाहन चोर मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश मार तलाश कर रही है। साथ ही गिरफ्तार वाहन चोरों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त अपराध दिगंत आनंद ने बताया कि सीएसटी ने शामिल इलाके में कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले शिव चौधरी और सोनू बंजारा को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपी करणी विहार जयपुर के रहने वाले हैं।

- **एक बदमाश मौके से फरार हुआ, पुलिस आरोपियों पूछताछ कर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है**

जिनके पास से चुराए गए सात दुपहिया वाहन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों का एक साथी विष्णु मीणा फिलहाल फरार चल रहा है जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी शिव सिंह चौधरी करणी बिहार थाना इलाके का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी नशा करने का आदी है और शातिर वाहन चोर है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

सार-समाचार

'मां और प्रकृति से ही मानव अस्तित्व'

दिल्ली/जयपुर। मां और प्रकृति दोनों मनुष्य को सदैव देती ही हैं। इन दोनों से ही मनुष्य का अस्तित्व है। एक पेड़ मां के नाम ऐसा अभियान है जिसमें इन दोनों से एक साथ जुड़ाव महसूस होता है। हिंदू कालेज में अभियान का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो अंजू श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय इकाई ने इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण और प्रकृति के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य किया है। प्रो श्रीवास्तव ने महाविद्यालय के तपोवन उद्यान में आम का पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा पल्लव ने बताया कि महाविद्यालय इकाई प्रत्येक स्वयं सेवक को एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोगी शिक्षक डा सोनिया कुमारी और डॉ नौशाद अली उपस्थित थे। महाविद्यालय के उद्यान निरीक्षक बड़ेलाल ने महाविद्यालय परिसर में मानसून के दौरान लगाए जा रहे नए पौधों की जानकारी दी। हिंदी साहित्य सभा के छात्र अध्यक्ष आकाश मिश्र और विभाग के पूर्व छात्र अभिनंदन कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया। अंत में महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी राजेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

साक्षी ने भेंट किया गणेशजी का पोर्टेट



जयपुर। प्रतिभाएं जन्मजात होती हैं, इन्हें सिर्फ तराशने की जरूरत है। एक बार मंच मिलने के बाद ये प्रतिभाएं अपने कला कौशल से ना सिर्फ परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करती हैं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा भी बनती है। ऐसी ही प्रतिभा की धनी है साक्षी पारीक। बचपन से ही रंगों के साथ खेलने वाली साक्षी पेंटिग में नित नए कीर्तिमान रच रही है। साक्षी ने प्रथम पूज्य श्री नहर के गणेश जी का हूबहू चित्रांकन कर पोर्टेट बनाया है। साक्षी ने गुरुवार को मंदिर महंत पंडित जय शर्मा और युवाचार्य मानव शर्मा को भगवान गणेश जी का पोर्टेट भेंट किया। महंत पंडित जय शर्मा ने पूजन कर पोर्टेट को गणेश जी के चरणों में रखा। इसके बाद युवा चित्रकार साक्षी पारीक को दुपट्टा पहनकर और दूर्वा भेंट की। महंत ने साक्षी की कला की सराहना की और उत्साहवर्धन किया। साक्षी इससे पहले भी कई तरह के पोर्टेट बना चुकी हैं। वर्तमान में साक्षी अपने गुरु गोपाल भारती के निर्देशन में अपनी कला को और निखार रही है।

गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बस्सी में शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 5 किलो 940 ग्राम गांजा एवं परिवहन के समय काम में ली गई बोलेरो बरामद कर ली। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोहर प्रजापत, हनुमान सहायक सैनी और पूरणमल शर्मा बस्सी के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह भरतपुर के गांव राहर से दीपक सैनी नाम व्यक्ति से 13 हजार रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से खरीदकर लाते थे। आरोपियों अवैध मादक पदार्थ गांजा के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने भरतपुर के राहर गांव से दीपक सैनी से गांजा लेना बताया है।

पदोन्नित के लिए अनुभव में 2 साल की छूट

जयपुर। राज्य सरकार ने पदोन्नित के लिए अनुभव में 2 साल की छूट के आदेश जारी कर दिए है। अब प्रदेश के 10 लाख कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। पदोन्नित के पद अनुभव के कारण रिक्त नहीं रहेंगे। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ ने लगातार सरकार पर इस संबंध में आदेश जारी करने के लिए दबाव बनाए था। आदेश होने पर संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका और एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

'वर्षा से उत्पन्न समस्याएं खत्म करें'

जयपुर। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने गत दो दिनों से हो रही वर्षा से उत्पन्न समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जेडीए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को आगामी दिनों में होने वाली वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था रखने और अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर वर्षाजनित समस्याओं के तुरन्त निस्तारण करने को कहा। मंत्री ने जेडीए को एन.एच.ए.आई., नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज जयपुर, राजस्थान आवासन मण्डल एवं रीको से उचित समन्वय रखने को कहा।

एन.आई.सी. द्वारा तैयार 'ई-साक्ष्य' एप लॉन्च

जयपुर। देश में गत एक जुलाई से लागू नए आपराधिक कानूनों के तहत डिजिटल साक्ष्यों को एप के माध्यम से संकलित कर उन्हें क्लाउड पर स्टोरेज करने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा नई शुरुआत की गई है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के द्वारा ई-साक्ष्य एप तैयार किया है, जिसे शुक्रवार को पूरे प्रदेश के लिए लॉंच कर दिया गया है।

यह जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक, साइबर अपराध एवं एससीआरबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि नए क्रिमिनल लॉज के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में किसी भी अपराध से संबंधित एवीडेंस को डिजिटल रूप में संकलित एवं सुरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। इस एप को अनुसंधान अधिकारी (आईओ) अपने मोबाइल पर इंस्टॉल करके घटना से संबंधित साक्ष्यों को डिजिटल फॉर्म में रिकॉर्ड कर सकेंगे। सभी प्रकार के सर्च एवं सीजर की वीडियोग्राफी भी इस एप से की जाएगी। वीडियोज की हैस वेल्यू तत्समय ही निकाली जायेगी एवं न्यायालय में पहुंचने तक इसे सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं इस

- **नए क्रिमिनल लॉ के मुताबिक अब प्रदेश में बीएनएसएस के तहत ई-साक्ष्य एप पर दर्ज सबूत क्लाउड पर सुरक्षित रहेंगे**

एप पर संकलित साक्ष्यों को सीधे क्लाउड पर डाल दिया जाएगा। ऐसे में क्लाउड पर सुरक्षित डिजिटल साक्ष्यों से किसी प्रकार की छेड़खानी नहीं की जा सकेगी और पारदर्शी तरीके से अनुसंधान का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रियदर्शी ने बताया कि इस एप को शुक्रवार से पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया है।

इससे पूर्व प्रदेश के अलग-अलग पुलिस जिलों से 4000 ट्रायल वीडियो मंगा कर इस एप का परीक्षण किया गया। सफल परीक्षण के बाद इस एप के पूरे प्रदेश में उपयोग के लिए पुलिस मुख्यालय से निर्देश जारी किए गए हैं। आज के बाद प्रदेश में फील्ड में घटित होने वाली घटनाओं के बारे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग इस एप के माध्यम से होगी, यह एप पूरी तरह से सुरक्षित है।

आठ हजार रु.का इनामी बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुहाना थाना पुलिस ने नकबजनी, पशु चोरी, लूट, डकैती, मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के ऊपर आठ हजार रुपए का इनाम घोषित था।

थानाप्रभारी मदन कड़वासरा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपू नरैना जयपुर का रहने वाला है। पुलिस ने मुखबिरों से जानकारी जुटाई तो सामने आया कि चाकसू, फुलेरा के बदमाश यह वारदात को अंजाम दे रहे है। जो आपस में रिश्तेदार है। पुलिस ने इस मामले में सोनू, मुकेश, दयाराम मीणा और राहुल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी कई सालों से जयपुर दौसा जयपुर ग्रामीण इलाको में 100 से ज्यादा चोरी नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे चुके है। आरोपी दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करते है। इसके साथ वाहनों के टायर खोलकर ले जाते है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दीपू के उपर आठ हजार रुपए का इनाम घोषित था।

जे.डी.ए. ने आमेर में अवैध निर्माण हटाए

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-10 में दिल्ली रोड पर नई माता मंदिर के सामने आमेर वार्ड नं. 4 व्यास की मोरी खेताका की ढाणी से बिलुनिया की ढाणी तक अतिक्रमणों को हटवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्री महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली रोड पर नई माता मंदिर के सामने आमेर वार्ड नं. 4 व्यास की मोरी खेताका की ढाणी से बिलुनिया की ढाणी तक पाये गए अतिक्रमणों को हटाया गया है। उपायुक्त जोन कार्यालय में अतिक्रमण प्रोफार्मा रिपोर्ट प्राप्त कर पूर्व के धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाये गये थे। शेष रहे अतिक्रमणों टीनशेड, लेटबाथ, बाउण्ड्रीवाल, चबुतरे, पत्थर, मलबा इत्यादि को सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर शुक्रवार को जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया।

प्रदेश में गौड ब्राह्मण महासभा 5 लाख पेड़ लगाएगी

जयपुर। गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल के द्वारा संपूर्ण राजस्थान में गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के तत्वाधान में राजस्थान प्रदेश मे 5 लाख वृक्ष लगाने का संकल्प के तहत अभियान की शुरुआत विद्याधर नगर स्थित गौड़ ब्राह्मण महासभा समाज उपयोगी भवन सेक्टर 4 जयपुर में वृक्षारोपण कर की गई।

गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान संपूर्ण राजस्थान में जुलाई माह में 5 लाख से अधिक वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण करेंगे। इस उपलक्ष में गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट प्रमुख महामंत्री रामस्वरूप जोशी कार्यालय मंत्री राम मोहन शर्मा हेमचंद शर्मा मुकेश उपाध्याय निलेश तनिष्क रवि शंकर शर्मा कृष्णकांत शर्मा वैध हरिराम शर्मा आदि ने सहयोग दिया।

अभियान का प्रदेश संयोजक युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट को बनाया गया।

मैरिज गार्डनों को बैंक्वट हॉल में तब्दील करने के बाद भी देना होगा लाइसेंस शुल्क : रमेशचंद सैनी

अगले 15 दिनों में जयपुर शहर में नए आवंटित सभी डेयरी बूथों का निस्तारण करने की तैयारी शुरू

जयपुर। ग्रेटर निगम की लाइसेंस समिति की बैठक शुक्रवार को पन्नाधाय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा डेयरी बूथ, मैरिज गार्डन, होटल लाईसेन्स, पान बूथ, सामुदायिक भवन, पार्किंग स्थल एवं अन्य बिन्दुओं के संबंध में चर्चा की गई।

लाईसेन्स समिति चैयरमेन रमेश चन्द्र सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सदस्य कविराज सैठी, राधेश्याम बोहरा, पारस जैन, प्रियंका अग्रवाल, सरिता चौधरी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, अरविन्द सैनी सचिव, लाईसेन्स समिति मौजूद रहे।

लाईसेन्स समिति के चेयरमैन ने सचिव, लाईसेन्स समिति एवं समस्त जोनों को नवीन आवंटित डेयरी बूथों की स्थापना में आ रही समस्याओं को दूर करने, अवैध पानबूथ एवं मैरिज गार्डनों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं पूर्व में स्थापित पानबूथ, मैरिज गार्डन, डेयरी बूथों एवं होटल रेस्टोरेन्ट से समय पर राजस्व

नगर निगम ग्रेटर जयपुर की लाइसेंस समिति की बैठक शुक्रवार को चेयरमैन रमेशचंद सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अर्जन करने तथा राजस्व वृद्धि करने के दिशा-निर्देश प्रदान करने के साथ-साथ ग्रीन कियोस्क की स्थापना का प्रस्ताव भी बैठक में लिया गया।

चेयरमैन रमेश चंद्र सैनी ने बताया कि पूर्व में नगर निगम ग्रेटर द्वारा डेयरी बूथ आवंटित किए गए थे, जिसमेंसे अधिकांश डेयरी बूथ आवंटन पेंडिंग चल रहे हैं। इन्हें अगले 15 दिवस में संपूर्ण निस्तारण कर जीरो पेंडेंसी कर दी जाएगी, इसके अलावा ग्रेटर सीमा में चल रहे पुराने डेयरी बूथों के किराया बकायादारों अंतिम नोटिस जारी कर बकाया राशि वसूली

- **उद्यान व पार्कों के बाहर "आर्गेनिक ग्रीन कियोस्क" लगाने का प्रस्ताव, ताकि स्वास्थ्यवर्धक जूस और उत्पाद बेचे जाएं : कविराज**
- **बैठक में ग्रेटर निगम के सभी जोनों में नए पार्किंग स्थल बनाने पर भी चर्चा**

जाएगी, राशि जमा ना करने पर आवंटन रद्द किए जाएंगे।

सैनी ने बताया कि जयपुर ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में मैरिज गार्डन लाइसेंस शुल्क जमा करने से बचने के लिए कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें मैरिज गार्डन मालिकों ने मैरिज गार्डन को कवर्ड बैक्वेट हॉल में तब्दील कर दिया है और बिना लाइसेंस शुल्क दिए बैंक्विट हॉल चला रहे है, अब उन्हें भी विवाह स्थल मानते हुए जयपुर ग्रेटर नगर निगम में चल रहे पृथक बैंक्विट हॉल (होटल के अलावा) से लाइसेंस शुल्क वसूला जाएगा। जयपुर में संचालित हो रहे होटल को भी ट्रेड लाइसेंस लेने को लेकर सख्ती की जाएगी, जयपुर ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में नए पार्किंग जोन बनाये जाने के लिए सभी जोनों में ऐसे स्थान चिन्हित किए जाएंगे जँहा नए पार्किंग स्थल विकसित किये जा सके।

समिति सदस्य कविराज सेठी ने नवाचार का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि जयपुर ग्रेटर नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने वाले उद्यान एवं पार्कों के बाहर "ऑर्गेनिक ग्रीन कियोक्स" नगर निगम द्वारा दिए जा सकते हैं, जिनके माध्यम से शहरवासी आयुर्वेदिक महत्व रखने वाले स्वास्थ्यवर्धक जूस (गिलोय, एलोवेरा, वीटग्रास, आंवला आदि) एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक ताजा उत्पाद (आर्गनिक अंकुरित सलाद) खरीद सकेंगे।

ARBiT
it happens here...

The Bumblebee Bat

The *bumblebee bat* is the world's smallest mammal. Weighing in at 0.05 to 0.07 ounces, with a head-to-body length of 1.14 to 1.29 inches and a wingspan of 5.1 to 5.7 inches, the bumblebee bat, also known as *Kitti's hog-nosed bat*, is the smallest mammal in the world, according to the Guinness Book of World Records. To see this tiny bat for yourself, you'd have to visit one of a select few limestone caves on the Khwae Noi River in Kanchanaburi Province of southwest Thailand.

राष्ट्रदूत
SATURDAY
06 July 2024
A-B

#THERAPY

White noise is old news, pink noise is the rage now

Studies suggest that *pink noise* offers a range of benefits beyond simply promoting relaxation



Imagine a sound that gently lulls you to sleep, improves focus, and even enhances memory. This isn't magic, it's the power of *pink noise*. Unlike white noise, which can sound harsh due to its equal emphasis on all frequencies, pink noise prioritises lower frequencies. This creates a calming effect similar to sounds found in nature. Think of it as a soothing symphony designed by Mother Nature herself!

Benefits beyond Relaxation: A well-rounded Wellness tool

Studies suggest that pink noise offers a range of benefits beyond simply promoting relaxation. Here's a glimpse into its potential.

- **Improved Sleep Quality:** Pink noise can mask disruptive sounds, allowing you to drift off to sleep more easily and enjoy a deeper, more restful slumber.
- **Enhanced Memory Consolidation:** Research indicates that pink noise might play a role in solidifying memories during sleep.
- **Reduced Stress:** The calming nature of pink noise can help reduce stress levels, promoting a sense of peace and tranquillity.
- **Better Focus:** By masking distractions, pink noise may improve your ability to focus on tasks and enhance concentration.

Understanding the Noise Spectrum: White vs. Pink vs. Green

It's important to differentiate pink noise from other types.

1. **White Noise:** This static-like sound provides equal intensity across all frequencies, which some find unpleasant.
2. **Green Noise:** A sub-category of pink noise, green noise focuses specifically on nature sounds, making it even more relaxing.

Considering the Cautions: Using Pink Noise wisely

While generally safe, pink noise isn't a one-size-fits-all solution. Here are some points to consider, according to Agarwal.

Individual Sensitivity: Some individuals might find pink noise irritating. Start with low volumes and experiment to find what works for you.

Overdependence: Avoid relying solely on pink noise for sleep. Aim to develop healthy sleep habits alongside its use.

Hearing Health: Prolonged exposure to loud noise, including pink noise, can damage hearing. Listen at moderate volumes.

Effectiveness Variation: The effectiveness of pink noise varies from person to person. Experiment and see if it benefits you.

Pink noise offers a unique and natural approach to promoting relaxation, sleep quality, and potentially even cognitive function. However, individual sensitivity and healthy listening habits are key considerations. Use pink noise as a tool to enhance your well-being, but remember, a balanced approach to sound is essential for optimal health. So, why not explore the world of pink noise and see if it unlocks a new level of tranquillity in your life!



Josephine Quinn.

West is not the best...

Throughout the history, the Europeans have proclaimed their civilization as the best. They believed that they were born to educate an illiterate world and they were the ones who invented and discovered everything. However, Professor Josephine Quinn believes that the western civilization's achievements were nothing more than borrowed patchwork from different civilizations.

Josephine Quinn and Peter Frankopan in conversation with Mary Beard.



Shailaza Singh
Published author, poet and a YouTuber

When Josephine Quinn, a professor of ancient history at the Oxford University, and the author of the book *'How the world made the West: A 4000-year history'* said that the racial hierarchies and colonial expansions of the 19th century were a result of this civilizational thinking that made Europeans believe that they were a 'supreme' race born to bring civilization to the ignorant world, people at the Jaipur Literature Festival were spellbound. She argued that societies of the 'West' cooked up their material and conceptual world using the wheel from the Central-Asian steppe, poetry from Persia, legal codes from Mesopotamia, mathematics from Babylon and India, Mongolian stirrups, gold from sub-Saharan Africa, maritime skills from the people of Levant and the far north, and Asian religion. The founders of 'Western civilisation' didn't limit themselves to any hemisphere, geographically or intellectually, and without their intermingling the mongrel culture, that we have inherited, would have been infinitely poorer and less dynamic.

Talking to Professor Quinn is like jumping into the pensieve of memories in J.K. Rowling's *Harry Potter*. When she speaks, you feel as if you have stepped into a time machine that will take you back to where it all first began. She was visiting the Jaipur literature festival 2024, and I had the opportunity to interview her.

Brian A. Catlos and Josephine Quinn in conversation with Sanjoy K. Roy.

Some excerpts

No matter, what kind of history you read, each culture seems to be saying that they came first or their people discovered or invented everything or even created the first civilization. What is the truth?

(Laugh) That's great. I think as a historian, you end up realising that the idea of *coming first* never works because then, there's always so much of stuff from earlier that you have to justify. Even if we just stick to human history, what we actually have records of, it's only the last tiny, tiny minimal proportion of what's going on. The stories people are telling each other, the wars that are happening, there's so much that is only preserved, interestingly in places, which retained an oral culture for a really long time. So, if you go to places like Australia or Polynesia and so on, where oral traditions remained the main way of passing on memory until really the last century or two, that's the kind of place where you can begin to see stories that are reaching back tens of thousands of years in some cases, where you begin to see climate change from the Ice Age coming up into the myths, that are being told and so on. But I think apart from that, and again, it's a very big picture, if you're looking at sort of ideologies and the lights people give the world and so on, I think it's impossible to say that any particular place or thing comes first, because from the very beginning, people are interacting with each other, they're interacting across it. I know it is very inconvenient for the leaders of modern nations, but people just didn't organise themselves neatly into those same structures in the past.

#TALKING

Josephine Quinn on her first trip to Rome.

It was only when I started studying in the university that I realised it was possible to do a kind of history, that told you about people who were nothing like you. In school, the idea behind teaching us local history was that they could help us to relate to people who came from the same place as us, but what I suddenly realised at university through amazing teachers and great courses that actually what's more amazing are the people who aren't like us, the people who bring something new and different.

But I read somewhere that there was a woman called 'Eve' and she was in Africa. Is that true?

So, the truth is that all humans are interrelated, which means that on some level, we all share the same ancestry. The idea of, I think what you're talking about is *mitochondrial* Eve, who was this character created by scientists, who were working on DNA, couple of decades ago, to describe the fact that everyone is interconnected. The theory was that you could connect it all back to one person, who would have been in Africa. Today, the studies on DNA have progressed quite a lot further than that and quite recently, scientists have discovered that we're actually all interconnected.

I mean the way people say is everyone is everyone's 11th cousin within quite large geographical areas. So, you probably don't even need to go back as far as Eve to find people who are connected to each other.

Generally, children find history very boring and you are into ancient history. How do you find it interesting? Why are you in this profession and what makes it interesting for you?

Actually, when I first went to university, I was a languages person, I was doing classical languages, I have done a lot of modern languages before that and I never expected to be in history. In fact, I had given up history at school because it was so boring. At that time, there was an experiment going on in British schooling system, where they introduced us to very local history. But I wanted to know about the whole world and I was being forced to learn about interesting but local stories, but I wanted to know a much bigger picture than that.

It was only when I started studying in the university that I realised it was possible to do a kind of history, that told you about people who were nothing like you. In school, the idea behind teaching us local history was that they could help us to relate to people who came from the same place as us, but what I suddenly realised at university through amazing teachers and great courses that actually what's more amazing are the people who aren't like us, the people who bring something new and different and that's why I love teaching about Greece and Rome in the Classics Faculty at Oxford.

I absolutely love teaching my students about the Greeks and Romans. Sometimes, my students tend to think that the Greeks and Romans are quite similar to us, they, kind of, imagine that a Roman Senator might be rather like a British politician or something. But I tell them that they were nothing like today's people, these were very strange and different people. I think that's so important for children at school, in particular, to learn that all these categories that we think of as being completely natural, whether it's sexuality, nation, ethnicity, all sorts of preferences, were seen completely differently in the past and the people thought differently, saw themselves differently. I find that so liberating and the idea that you can say to kids, you think that the world you're brought up in, that the categories you encounter, the way that your parents, your teachers live their lives, it gives you the parameters, you can only make choices within them, am I going to be, you know, go the majority way or do whatever is the kind of minority alternative and so on. I want to say to them that you can completely rethink your lives, look at these people who are utterly different to you, see the world in completely different ways, you can take that and make the world you want to.

Has the idea of 'God' evolved through the history? Has the human mind evolved through the ages?

I have, yet in my career as a historian, to see any evidence that the human mind has evolved over the ages (laughs). I'm afraid, I mean I wish it was different but I really don't think so, I do have moments of revelation where, for instance, you can see that the context has changed and this, maybe, explains a little bit about religion, sometimes.

So, there was a moment when I went to visit some colleagues, who were digging on a site at the island of Lemnos in the northern Aegean Sea. It's a beautiful Greek island, very deserted, importantly for this particular anecdote, quite remote and there's not a lot of towns on Lemnos. It wasn't the tourist season at the time. I remember going out the first evening, the sun had set, the stars were out and they were everywhere.

I wasn't just seeing the Milky Way, which you don't see very often in England, or many places these days, but it was, the whole sky was carpeted with stars. In a way, it wasn't stars in the sky, it was stars and then tiny bits of black space in between them. A thought struck me that if I lived in a world before the invention of electricity and every time, I looked in the sky after the sun went down, I saw this, then, I might be a little scared but also just very impressed with whatever it is that is creating that fact for me, and this was a revelation for me because then, I realized why all societies develop some kind of 'religion.' I think the idea that there is something very powerful and strange beyond our reach and that's just not available. But these days, we don't even have time for these kind of revelations. Unfortunately, in that sense, the human mind has devolved.

Did the mythic island of Atlantis exist in the ancient world?

No. The truth is that the story of Atlantis was made up as a myth and it's a very deliberate one, not a myth that grew up in time, but was actually written down by the philosopher Plato in the 4th century BC and he specifically says that I am using this as an example. Imagine if there was an island like this. So, from the very beginning, it was supposed to be a non-existent thing, this enormous island in the Atlantic. He was using it to do some thought experiments about what if there was this kind of place that worked this sort of way, sort of utopian idea, but then what happened was people loved this idea so much, they wanted it to be real and so people started to say, well, what island was he thinking of and everyone forgot that he actually had specifically said this is not a real place, this is an imaginary place. So, I do, I love when people, kind of, try and say, oh, we finally found Atlantis, you know, this volcano or this, that and the other. It's like, well, brilliant, but if you do, then, the person, who made Atlantis up, knew nothing about it. But it's been such an interesting idea since, I'm so glad that he made it up and also that some people have, kind of, taken it more seriously than he intended because it's very revealing what people say about Atlantis, where they imagine it, how they imagine it.

When you study history as a subject, do you see any human behaviour repeating throughout the ages?

Yes, and then, of course, one wants to leap to the very negative things, like somehow, we still managed to have war and so on, even though, we have many examples of it not being very helpful.

But on a positive note, I think, there is a universal desire for connection and that is something that you can see over and over again, in different societies, that no matter what the really physical barriers, often to contact, to meeting other people and that kind of thing, the technological barriers and so on, people continue to overcome them. So, now there are fewer physical or technological barriers to travelling around the earth, and people want to go into space and people are imagining that there might be aliens and so on to meet. So, I think there's a that kind of desire to constantly expand the human horizon. I think it's 'that something' that repeats.

rajeshsharma1049@gmail.com

Josephine Quinn and Peter Frankopan.

#TRADITIONAL

Banarasi with a Twist

The regal silk is not just limited to *mommy sarees* but is being experimented in many styles



Yukti Sharma

There is something regal about *Banarasi Silk* and that's why they say every woman must own a *Banarasi silk saree* in her wardrobe. However, the evergreen material creates a heavy look of the saree, makes it difficult to wear it regularly. However, the material is now not just limited to sarees, as people are experimenting with the material and making pants, skirts, jewellery, footwear and much more out of it and making it apt for every occasion. Alia Bhatt was spotted wearing a *Banarasi skirt* and Parineeti Chopra donned *pants* made of Banarasi silk. We check with city-based designers and bloggers on how they are using this material in a different way.

From Jackets to Cushions

Jaipur-based designer, *Pallavi Jaipur* has made tops, skirts and shirts using the material. "Being a designer, we need to present something new every day or an old thing in a new manner. Banarsi Silk is such a beautiful and charming textile and it makes everything look beautiful. The textile has been used in a certain way in the past but now, I have seen a lot many things made of Banarasi Silk, from cushions, curtains to even night wears. We are into clothing, so have used the material in several different ways relating to clothes," she asserts. "We keep experimenting with the silhouettes so that it can be accessible to all people and we can get something for everyone. I have made jackets and tops with the material since it's a signature style. I have also made crop tops, off-shoulder tops and shirts. I have made a skirt for me using my mother's Banarasi Silk Saree with pockets and belt," she adds.

Banarasi jewellery

Trying some jewellery made from the material. "Banarasi silk is a material that looks heavy and different, and yet, it's not really heavy when you don it. The material is extremely elegant. I saw many people using handbags, *juttes* and other stuff made of the material so, I decided to use it in jewellery as well. I am into handmade jewellery and we have experimented with the fabric and made earrings and neckpieces out of it, which was really liked by people," says Surbhi Phanda, founder, Trends & Traditional.

Not a cliché Saree

Not just that people are using the Banarasi Silk Sarees and donning them in a unique way. "Silk material has always been my favourite and I think it's a fun fabric. I keep experimenting with the fabric and use it in different ways and how it always turns out is impeccable. Recently, I used a Banarasi silk saree as a skirt and styled it with a shirt and a broad belt to give it a bold look. It looked super-trendy and is a perfect balance between traditional and fashionable. One can totally mix match the skirt with different looks, wear statement jewellery and roll up the shirt sleeves. This is a good wedding guest look for a day function," shares Ayisha Agarwal, blogger.

THE WALL



BABY BLUES By Rick Kirkman & Jerry Scott



ZITS By Jerry Scott & Jim Borgman



बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड : आरोपी रियाज की जेल में तबीयत बिगड़ी

आरोपी रियाज को इलाज के लिये पुलिस जेएलएन अस्पताल लाई

अजमेर, (कासं)। उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड का आरोपी रियाज अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद है। शुक्रवार को आरोपी की जेल में तबीयत बिगड़ने पर कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंची। आरोपी ने आंखों व पेट में तकलीफ बताई थी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस आरोपी को जेल ले गई।

कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी (गोले में) को कड़ी सुरक्षा में पुलिस जेएलएन अस्पताल लेकर गई।

- आंखों व पेट में तकलीफ बताई थी, उपचार के बाद पुलिस आरोपी को जेल ले गई

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल टेलर की हत्याकांड के आरोपी रियाज की शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत खराब हो गई। रियाज ने जेल प्रशासन को आंखों और पेट की तकलीफ की बात कही।

जेल प्रशासन द्वारा आरोपी को भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच हथियाबंद जवानों के साथ पुलिस जेएलएन अस्पताल की मुख्य ओपीडी लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा ली गई पेट की बीमारी को लेकर उसकी सोनोग्राफी कराई। नेत्र रोग विभाग में उसकी आंखों की जांच भी कराई। दोनों जांच के बाद चिकित्सकों ने आवश्यक उपचार व दवाइयों दी। इसके पश्चात सुरक्षाकर्मी पुन: हाई सिक्योरिटी जेल लेकर रवाना हो गए।

जानकारी के अनुसार कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी रियाज और गौस मोहम्मद अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में पिछले दो साल से बंद है। कोर्ट में प्रकरण लंबित है, 150 गवाहों में महज तीन ही गवाह पेश हुए हैं। शुक्रवार को आरोपी के अस्पताल पहुंचने से पहले जेएलएन अस्पताल के नेत्र रोग विभाग सहित सोनोग्राफी कक्ष में हथियारबंद जवानों के साथ अस्पताल परिसर में कोतवाली थाना व सिविल लाइन थाना पुलिस के जवानों को तैनात किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान पुलिस घेरे रहा, इसके पश्चात आरोपी को पुन: जेल ले जाने के बाद पुलिस जाप्ता हटा लिया गया।

गंगापुर सिटी चेयरमैन की गोली मारकर हत्या के मुख्य आरोपी को पकड़ा

वर्ष 2015 में गंगापुर सिटी नगर परिषद चेयरमैन डॉ. प्रकाशचंद अग्रवाल की घर के बाहर कनपटी पर गोली मारकर हत्या का मामला

जयपुर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने शुक्रवार को एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। साल 2015 में गंगापुर सिटी में नगर परिषद चेयरमैन की घर के बाहर कनपटी पर गोली मारकर हत्या के मामले में घटना के समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी गोविंद जाट पुत्र राधेलाल निवासी गांव रीठोती थाना कुम्हेर (जिला डीग) को थाना सेवर (जिला भरतपुर) इलाके से दस्तयाब किया है।

गंगापुर सिटी नगर परिषद चेयरमैन की हत्या के आरोपी को दस्तयाब किया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पकड़े गए गंगापुर सिटी जिले के टॉप 10 मोस्ट वांटेड की सूची में शामिल बदमाश के ऊपर आईजी रेंज भरतपुर द्वारा 35 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है। यह नौ साल पहले गंगापुर सिटी नगर परिषद चेयरमैन डॉ. प्रकाशचंद अग्रवाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी घटना के बाद हरियाणा, दिल्ली, मथुरा क्षेत्र में फरारी काट रहा था। एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव एवं एडिशनल एसपी एजीटीएफ विद्याप्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र कुमार, हैड कांस्टेबल मदनलाल एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की टीम आसूचना संकलन कर करीब चार महीनों से इस पर नजर रखे हुए थी।

- बहुचर्चित हत्याकांड के आरोपी गोविंद रीठोती पर 35 हजार रुपए का इनाम घोषित था, घटना के बाद हरियाणा, दिल्ली, मथुरा क्षेत्र में फरारी काट रहा था

शुक्रवार को एएसआई शैलेंद्र व कांस्टेबल बृजेश को सूचना मिली कि गोविंद सिंह बयाना से सेवर होते हुए मथुरा की तरफ जाएगा। इस सूचना पर एजीटीएफ ने गंगापुर सिटी एसपी सुजीत शंकर के समन्वय में सेवर थाना इलाके में सरसों अनुसंधान केंद्र के पास घेराबंदी कर गोविंद सिंह को डिटेन कर लिया, जिसे बाद में गंगापुर सिटी से आई टीम को सौंप दिया गया।

एमएन ने बताया कि ईदगाह मोड़ गंगापुर सिटी निवासी नगर परिषद चेयरमैन डॉ. प्रकाश अग्रवाल 9 जून 2015 की रात घर के बाहर खड़ी कार अंदर कर रहे थे। इतनी देर में बाइक पर दो युवक आए। पीछे बैठे युवक ने कट्टे से डॉ. अग्रवाल की कनपटी पर दो फायर कर दिए, जिससे उनकी मौत हो गई। फायर की आवाज सुनकर आस पड़ोसी आए तो दोनों बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए। मामले में मुख्य आरोपी गोविंद सिंह रीठोती सहित पंजाब के मोगा शहर निवासी रणजीत पुत्र सुरजीत सिंह फरार चल रहे थे। इन दोनों पर आईजी रैंज द्वारा 35-35 हजार का इनाम रखा गया।

इस संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल मदनलाल का तकनीकी सहयोग रहा। इसमें गंगापुर सिटी अपराध शाखा के कांस्टेबल नरेंद्र सिंह व सुरजन सिंह भी शामिल थे।

महिला का शव मिला

कोटा, (निसं)। शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके में महिला की हत्या का मामला सामने आया है। इसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की लाश खाली प्लॉट में लहूलुहान हालत में मिली है। शव को पुलिस हत्या ही मान रही है और हत्या के एंगल से ही पूरी जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक महिला के शरीर पर चोटों के निशान है।

मौके पर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री, एमओबी और डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई हैं जहां पर साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। इसके अलावा आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि महाराणा प्रताप सर्कल के नजदीक रजत सिटी की बिल्डिंग के पीछे खाली पड़े हुए प्लॉट में एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना थाने पर मिली। इसके बाद मौके पर पुलिस जाप्ता पहुंचा है। बाद में आला अधिकारियों को भी मौके पर पहुंचे। महिला की शिनाख्त चंबल की छोटी पुलिया के नजदीक रहने वाली 45 वर्षीय रानी के रूप में हुई है। महिला के शव पर चोटों के निशान हैं।

दूसरे दिन भी इंटक का धरना-प्रदर्शन जारी रहा

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित जेके टायर फैक्ट्री का मैन गेट बंद करने के विरोध में जेके टायर एम्पलाइज यूनियन इंटक का धरना रेलवे स्टेशन के बाहर इंटक कार्यालय पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इंटक की ओर से फैक्ट्री का मैन गेट बंद करने वालों के खिलाफ कार्रवाई एवं श्रमिकों की सुरक्षा की मांग फैक्ट्री प्रबंधन और प्रशासन से की जा रही है।

जेके टायर एम्पलाईज यूनियन के अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली ने बताया कि गुरुवार को बिना किसी कारण के भामस की ओर से जेके टायर फैक्ट्री की ए शिफ्ट के दौरान सुबह 5:30 बजे मैन गेट बंद कर दिया गया था। इसके कारण ए शिफ्ट एवं बाद में दोपहर

- फैक्ट्री का गेट बंद करने वालों पर कार्रवाई व सुरक्षा की मांग

2 बजे वाली बी शिफ्ट में भी फैक्ट्री में कामकाज बंद रहा। इसके बाद भामस के लोगों ने मनमर्जी करते हुए रात की शिफ्ट में गेट खोल दिया। लेकिन, इंटक के श्रमिक बिना किसी कारण के फैक्ट्री का गेट बंद करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही, फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा एवं श्रमिकों के एरियर की राशि उनके खातों में तत्काल जमा करवाने और आगे से इस तरह बिना किसी कारण फैक्ट्री में कामकाज नहीं रोका जा सके। इसको लेकर पर्याप्त व्यवस्था तथा दो दिन फैक्ट्री के बंद रहने के दौरान का श्रमिकों का भुगतान करने की मांग करते हुए फैक्ट्री में काम करने के लिए प्रवेश नहीं किया। इसके बाद शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी इंटक कार्यालय पर श्रमिकों का धरना जारी रहा। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन और प्रशासन की ओर से उनकी मांगे पूरी नहीं किए जाने तक वें काम का बहिष्कार करते हुए धरना जारी रखेंगे। इस दौरान इंटक के जिलाध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, महामंत्री दिनेशसिंह झाला, पूनाराम चौधरी, रतन गाडरी, कुलदीपसिंह, गोवर्धनलाल कुमावत, देवीसिंह राठौड, नाहरसिंह राव, लक्ष्मीलाल पालीवाल आदि ने संबोधित किया।

प्रेमी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से हमला किया

एंबुलेंस से घायल पीड़िता को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया गया।

अजमेर, (कासं)। क्रिश्चियनगंज थाना के ईदगाह क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब शुक्रवार को एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल पीड़िता को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस पहुंच गई, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्कर निवासी शबीना अपनी मां शहजादी के साथ शुक्रवार को अपने बच्चों को लेने के लिए अजमेर आई थी। इसी दौरान प्रेमी शकील को सूचना मिल गई। महिला के ससुराल पहुंचने से पहले ही वैशाली नगर ईदगाह के नजदीक आरोपी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हमला करने के बाद आरोपी शकील मौके से फरार हो गया। अचानक हुए हमले से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय निवासियों ने इसकी सूचना क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर घायल महिला को 108 की सहायता से जेएलएन अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कर लिया। पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी बेटी बेवा है, आरोपी शकील शादीशुदा है।

क्रिश्चियन गंज थाने के हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह ने बताया कि मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। महिला पर आरोपी शकील ने चाकू से हमला किया है। उन्होंने बताया कि बच्चों को लेकर आपसी विवाद चल रहा है। महिला तलाकशुदा है, इसे लेकर ही यह हमला किया गया है। मामले में शिकायत मिलने पर नियमानुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेडमार्क को लेकर दो व्यापारी उलझे

अजमेर, (कासं)। सिलाई मशीन के ट्रेडमार्क को लेकर दो व्यापारी भाईयों का विवाद पुलिस थाने पहुंच गया। शुक्रवार को सीओ साउथ ने केसरगंज स्थित एक दुकान पर कार्रवाई करते हुए दो सिलाई मशीन जब्त की है।

असली ट्रेड मार्क का दावा कर रहे व्यापारी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि सिलाई मशीन का असली ट्रेडमार्क उनके पिता जितेंद्र शुक्ला के नाम रजिस्टर्ड है। जितेंद्र की शिकायत पर उनके भाई बाल किशन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। शुक्ला ने बताया कि 1964 से 2016 तक सिलाई मशीन ट्रेडमार्क उनके दादा के नाम रजिस्टर्ड है। वर्ष 2010 में उनके दादा के नाम ट्रेडमार्क बंद हो गया। वर्ष 2016 में उनके पिता जितेंद्र शुक्ला ने अलग से ट्रेडमार्क ले लिया था, लेकिन उनके ताऊजी बालकिशन उनके रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क का इस्तेमाल करते हुए डुप्लीकेट सिलाई मशीन बनाने लगे और सस्ते दामों पर बेचने लगे। बार-बार बालकिशन को समझाने के बाद भी उसने डुप्लीकेट सिलाई मशीनें बेचना जारी रखा।

लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ बने राजस्थान एसोसिएशन यूके के संरक्षक

जयपुर। इंग्लैंड के राजस्थान एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम लंदन ज़ीमन-2024 में विशिष्ठ अतिथि के रूप में कुमार लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें ऑर्गेनाइज़ेशन के पैट्रन (संरक्षक) का प्रस्ताव रखा जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। एसोसिएशन के आमंत्रण पर पधारे राजकुमार ने जब लंदन ज़ीमन में संस्कृति और परम्पर की अनूठी छवि देखी तो वो ख़ुशी से भाव विभोर हो गये। उन्होंने कहा कि वे बेहद अभिभूत हैं ये जान कर कि विदेश में रह कर भी ये साबित कर दिया कि आप सब को राजस्थानी होने पर कितना गर्व है। राजस्थान से बाहर तो आ गये हैं लेकिन राजस्थान आपसे बाहर नहीं निकला है। राजस्थान एसोसिएशन पिछले 8 साल से अपनी राजस्थानी संस्कृति को जीवंत बनाए रखने की कोशिश में सतत् कार्यशील है। वहीं गौ सेवा, युवाओं, महिलाओं और समाज के ज़रूरतमंद लोगों को सहायता और उनके उत्थान में अग्रसर है। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि यदि आपको मेवाड़ की कभी ज़रूरत पड़े तो मेवाड़ आपकी मदद करने में पीछे नहीं रहेगा। एसोसिएशन के कमिटी-कुनबो का कहना है कि पैट्रन की भूमिका में लक्ष्यराजजी का हमारे परिवार में हार्दिक स्वागत है और उनके मार्गदर्शन से राजस्थान एसोसिएशन यूके की गतिविधियों को नया आयाम और नयी ऊर्जा मिलेगी।

इंग्लैंड के राजस्थान एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम लंदन ज़ीमन-2024 में लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को सम्मानित किया गया।

सी.बी.एस.ई. बोर्ड की सीटेट परीक्षा कल

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 7 जुलाई को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा दो पारी में सुबह साढ़े 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2 से सायं साढ़े 4 बजे तक होगी। परीक्षा के सफल और सुचारू संचालन के लिए बोर्ड तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। सभी परीक्षा केंद्रों पर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की जा रही है।

नकल के मामलों को रोकने के लिए केंद्रीय ऑब्जर्वर एवं अजमेर रीजन स्तर पर फ्लाइंग का गठन किया जा रहा है जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगी। शहर में करीब 5 हजार अभ्यर्थी यह परीक्षा देंगे। उल्लेखनीय है कि पहले पेपर की परीक्षा में कक्षा एक से पांचवीं यानी प्राथमिक स्तर के शिक्षक की पात्रता तथा दूसरे पेपर में छठीं से आठवीं कक्षा के शिक्षक की पात्रता को परखा जाता है। बोर्ड ने शुक्रवार को पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए, जिसमें परीक्षा केंद्र एवं परीक्षा के समय आदि का विस्तृत विवरण होगा।

आर्ट वर्कशॉप में महिला कलाकारों ने भावनाओं को कैनवास पर उकेरा

जयपुर। गर्मियों की छुट्टी, आम की क्यारियां और सुकून भरी नींद, कुछ ऐसी ही बचपन की यादें कैनवास पर रंगों से सजी दिखी। मौका था आईसीए रेजीडेंसी में आयोजित हुई लाइव पेंटिंग वर्कशॉप का, जिसमें दिल्ली, पुणे, लखनऊ और भोपाल से 6 महिला आर्टिस्ट्स ने गुलाबी नगरी में मानसून का लुफ्त उठाते हुए अपने भावनाओं को कैनवास पर उकेरा।

इस दौरान आईसीए रेजीडेंसी से अभिनव बंसल और क्यूरेटर हेम राणा ने बताया कि 10 दिवसीय वर्कशॉप में हमने भारत के अलग-अलग कोनों से आर्टिस्ट्स को आमंत्रित किया है। राजस्थान में पहली बार हो रही इस तरह की रेजीडेंसी वर्कशॉप्स में आमंत्रित हो रहे दुनियाभर से आए

- आईसीए रेजीडेंसी में दिल्ली, पुणे, लखनऊ और भोपाल से शामिल हुए आर्टिस्ट

आर्टिस्ट्स को अपनी शैलियों का सजीव प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। सभी आर्टिस्ट्स क्षेत्रीय और भारत की लुप्त होती जा रही शैलियों को पुन:जीवित करने हुए जयपुर के यंग आर्टिस्ट्स को भी कला की बारीकियां प्रदान करते हैं।

वर्कशॉप में भोपाल से आर्टिस्ट कुसुम लता ने प्रतीकात्मक और अमूर्त शैलियों के फ्यूजन के साथ अपनी कलाकृति तैयार की। उनके द्वारा तैयार की गई दो पेंटिंग्स में उन्होंने मनुष्य, जीवन और श्रिष्टि के आपसी ताल-मेल और अनदेखे धागों को प्रदर्शित किया। जिसमें उन्होंने ऐक्रेलिक कलर्स के साथ इंक और पस्टेल के मेल से रिश्तों के ताने-बाने दर्शाये। वहीं लखनऊ से आर्टिस्ट तरन्नुम ने अपनी कलाकृतियों में सुकून की तलाश को सिंबॉलिक तौर पर दिखाया। जहां उन्होंने अपनी एक कला को कच्ची मिट्टी के रंगों से तराशा वहीं दूसरी

लाइव पेंटिंग वर्कशॉप में कलाकारों ने रंग भरे।

कलाकृति को पकी हुई मिटटी का रंग दिया। कैनवास पर फ्लैट कलर्स के स्ट्रोक्स के साथ उन्होंने ब्रश से बारीक़ काम में आध्यात्मिक, सांसारिक और विचारत्मक भाव दिखाए। पुणे से आर्टिस्ट स्मृति जोशी ने मिक्स मीडिया के जरिए एआई और मनुष्य के बीच की कश्मकश को प्रस्तुत किया, जहां उन्होंने टेक्नोलॉजी, रोबोट्स, ह्यूमन ब्रेन और साइंस पर कटाक्ष करते हुए अब्स्ट्रक्ट आर्ट फॉर्म प्रदर्शित किया। 30 साल से कला की अनुभवी दिल्ली की आर्टिस्ट चांदना भटाचार्य ने बताया कि पिता आर्मी में थे और उनकी कला और साहित्य की रूचि ने मुझे कलाकार बनने के लिए प्रेरित किया।

अन्तर्राष्ट्रीय रंग-मल्हार उत्सव 7 को

भीलवाड़ा, (निसं)। प्रदेश भर के सीनियर एवं युवा कलाकार सालभर में एक दिन के लिये "रंग मल्हार" उत्सव सेलिब्रेट करते है। इसके जरिये कलाकार एक अलग माध्यम से चित्रांकन कर इन्द्र देव से प्रदेश में सुखद बारिश एवं शांति की कामना करते है।

जानकारी देते हुये संस्थान के सचिव कैलाश पालिया ने बताया कि वरिष्ठ चित्रकार विद्या सागर उपाध्याय की परिकल्पना पर आधारित रंग मल्हार में 7 जुलाई 2024 को केनवास की जगह "एप्रोन" पर चित्रांकन करेगें। इस आयोजन को पूरे विश्व में समर्थन मिला है। सबसे पहले यह आयोजन 14 वर्ष पूर्व भीलवाड़ा, जयपुरआदि जिलों से शुरूआत की थी, उसके बाद पूरे राजस्थान, भारत सहित अब पूरे 20 देशों में आयोजित हो रहा है।

कैलाश पालिया के अनुसार जिला प्रशासन भीलवाड़ा, एल.एन.जे. समूह के सहयोग से 7 जुलाई को प्रात: 9 बजे से 1 बजे के बीच ग्रामीण हाट में चित्तौड़गढ़, अजमेर, उदयपुर, शाहपुरा, भीलवाड़ा, राजसमन्द के 100 से अधिक बाल, युवा एवं वरिष्ठ चित्रकार "एप्रोन" पर अपनी-अपनी शैली में चित्रांकन करेगें। माना जाता है कि राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है, जहां अल्पवृष्टि होती है, मेघ मल्हार राग से बारिश होती है। इसी तरह चित्रकारों का रंग-मल्हार उत्सव से भी अच्छी वर्षा होगी।

शहीद मेजर मुस्तफा के परिजनों को राष्ट्रपति ने "शौर्य चक्र" से सम्मानित किया

परिजनों का रविवार को उदयपुर पहुंचने पर अभिनन्दन-स्वागत होगा

उदयपुर, (कासं)। खेरोदा (उदयपुर) के लाल, अमर शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा द्वारा अपना कर्तव्य पालन करते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिए जाने के उपरांत शुक्रवार को भारत की सर्वोच्च सेनाध्यक्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में शहीद मेजर मुस्तफा की माता फातेमा बोहरा और पिता जकीउद्दीन बोहरा को शांतिकाल में अप्रतिम वीरता के लिए सर्वोच्च सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी उपस्थित थे।

शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट के उपसचिव वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि अमर शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा के परिजन शौर्य चक्र सम्मान प्राप्त करने के बाद 7 मई को एयर इंडिया की उडान द्वारा नई दिल्ली से रवाना होकर डबोक एयरपोर्ट, उदयपुर पहुंचेंगे, जहां वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, समस्त पदाधिकारियों, बोहरा समाज सहित प्रमुख राजनेतिक दलों के अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं द्वारा शहीद मेजर मुस्तफा के परिजनों का भव्य स्वागत किया जाएगा।

दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शहीद मेजर मुस्तफा के परिजनों को शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

संक्षिप्त

कैकई मंथरा संवाद की कथा सुनाई

श्रीमाधोपुर, (निसं)। ॐ टंकेश्वर महादेव मंदिर बिज्यावाली वार्ड नं 11श्रीमाधोपुर में चल रही श्रीराम कथा में राम के राज तिलक से पूर्व कैकई मंथरा संवाद की कथा सुनाई। प्रयागराज के कथावाचक नंदलाल पांडेय ने बताया कि मंथरा कैकई से कहती है कि राजा दशरथ आप से अधिक प्रेम करते हैं कौशल्या को उससे जलन होती है इसलिए उसने जाल फैलाकर साजिश के तहत राम के राजतिलक के लिए समय सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने स्वयं अपने कर्तव्यों की पूर्ति के लिए कैकई और मंथरा की मति भ्रष्ट कर दी थी। नामु मंथरा मंदमति, चेरी कैकइ केरि। अजस पेटारी ताहि, करि गई गिरा मति फेरि। मन्थरा नाम की कैकेई की एक मंदबुद्धि दासी थी, उसे अपयश की पिटारी बनाकर सरस्वती उसकी बुद्धि को फेरकर चली गईं। कैकई ने मंथरा की बात मानी ओर कोप भवन में चली गई। इस अवसर पर कई भक्तगण मौजूद थे।

सीएम के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

पावटा, (निसं)। पटवार संघ उपशाखा पावटा ने गुरुवार को नेशनल हाईवे पर यातायात पुलिसकर्मीयों पर हुए जानलेवा हमले में आरोपियों पर कडी कार्यवाही को लेकर सीएम के नाम उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजस्थान पटवार संघ उपशाखा पावटा अध्यक्ष महेश स्वामी ने बताया कि 26 जून 2024 को पावटा सी एच सी कट यातायात पुलिस चौकी में तैनात यातायात पुलिसकर्मीयों पर हुए हमले की पटवार संघ उपशाखा पावटा कडे शब्दो मे निंदा करता है। वही दोषियों के खिलाफ अति शीघ्र कठोर कार्यवाही व पीडित व परिजनों के लिए उचित आर्थिक लाभ एवं घायल जवानों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की मांग की। वही राज्य सरकार से भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उचित प्रयास की अपेक्षा की बात कही। इस दौरान भोनावस, दांतिल, फतेहपुरा, टसकोला, द्वारिकपुरा, भूरी भडाज, पाथरेडी, राजनौता पटवारी सहित अन्य पटवारी मौजूद रहे।

नवल किशोर को पुष्पांजलि दी

दौसा, (निसं)। गुजरात के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित नवल किशोर शर्मा की 99वीं जयंती पर शुक्रवार को उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। खादी बाग एवं गुप्तेश्वर रोड स्थित पंडित नवल किशोर सामुदायिक भवन में आरपीएससी के पूर्व मेंबर एवं पूर्व प्रधान विनोद बिहारी शर्मा, पूर्व मंत्री बृज किशोर शर्मा, समाजसेवी नवल सर्राफ, राज्यपाल शर्मा के पूर्व ओएसडी बाबूलाल निर्झर, कर्मचारी नेता भगवान वर्मा, राजेंद्र शर्मा, पूर्व तहसीलदार ज्ञानचंद जैमन, पूर्व पार्षद नरेंद्र जैमन, रामावतार मामा, दीपक काली पहाडी, चंद्रशेखर शर्मा लाला सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

गोरखधंधा शब्द को बैन करने की मांग

दौसा, (निसं)। बांदीकुई विधायक भागचंद टांकडा द्वारा विधानसभा में उठाए मिलावट के मामले में गोरखधंधा शब्द बोलने पर भडके नाथ समाज के लोगों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर टांकडा का पुतला फूंका। समाज के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर गोरखधंधा शब्द को बैन करने की मांग की। नाथ समाज के लोगों का कहना था कि पूरे भारत में गुरु गोरखनाथ के लगभग 20 करोड अनुयायी निवास करते हैं। गुरु गोरखनाथ नाथ समाज योगी समाज के आराध्य देव हैं। गोरखधंधा शब्द अच्छे व उत्कृष्ट कार्यों में प्रयोग किया जाता है। इस शब्द की महिमा आज तक गुरु गोरखनाथ के अलावा कोई नहीं समझ पाया। ज्ञापन देने वालों में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विनोद योगी, सतीश योगी, रोशन योगी, विष्णु, लक्ष्मण, ग्यारसीलाल, रामकेश, रामावतार आदि थे।

कार्यकारिणी का गठन किया

मनोहरपुर, (निसं)। नगरपालिका परिसर में शुक्रवार को कार्मचारी संघ मनोहरपुर राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन शाखा मनोहरपुर की बैठक सभागार में शुक्रवार को सायं 4 बजे रिछपाल सिंह चौधरी राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन जयपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निम्नानुसार कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे रिछपाल सिंह चौधरी, राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन जयपुर के द्वारा शपथ दिलवाई गई।

बारिश से ईटली जोहड़ हुआ ओवरफ्लो, सड़के लबालब

कोटपूतली, (निसं)। बुधवार व गुरूवार को हुई झमाझम बारिश ने एक और जहाँ क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी से राहत दी है वहीं शुक्रवार को बारिश नहीं आने से दिन भर लोगों को भारी उमस का सामना करना पडा।

इधर नगर परिषद् के अधिकारियों तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एंव शहर में सीवरेज का काम कर रही कम्पनी के घटिया इंजिनियरों की कार्यशैली के चलते विगत दो दिन हुई लगातार बारिश ने कस्बेवासियों को ना केवल परेशानी में डाल दिया बल्कि शहर की अधिकांश गलियों की सडके जैसे ही फेल ड्रेनेज सिस्टम के चलते नालों का पानी सडकों पर आया तो सडकें दरिया में तब्दील हो गई इतना ही नहीं निर्माणाधीन सीवरेज लाईन के गड्ढों व जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों ने भी यहां प्रशासन की सर्तकता व नगर परिषद् की कार्यशैली को सवालों के कटघरे में खडा कर दिया है। शहर के हालात यहां तक बिगडे की कहीं तो सीवरेज के चैम्बरों के पास मिट्टी धंस गई तो कहीं जलदाय विभाग द्वारा तोडी गई सडकें धंस गई जिसके चलते शहर की दर्जनों गलियों में वाहन फंसे रहे।

कोटपूतली में नालों का पानी सड़कों पर आया तो सड़कें दरिया में तब्दील हो गई।

- करीब एक करोड़ खर्च के बाद भी जोहड़ का गंदा पानी लोगों की दहलीज पर दे रहा दस्तक

वही स्थिती कस्बे के गोपालपुरा रोड व लक्ष्मीनगर के मध्य स्थित फौजावाली-ईटली का जोहड लम्बे समय से जी का जंजाल बना हुआ है।

जहाँ आधे से ज्यादा शहर का गंदा पानी एवं बारिश का जल एकत्रित हो रहा है। इतना ही नहीं बारिश का जल जैसे ही जोहड में पहुंचता है तो हालात भयावह हो जाते है। सडकें दरिया बनकर यहां रहने वाले लोगों के ना केवल रास्ते रोक देती है बल्कि लोगों के घरों की दहलीज तक दस्तक देती है। स्थानीय नागरिकों ने मिट्टी डालकर कुछ पंगडंडियों से आवागमन का रास्ता बनाया है या फिर दुपहिया व चौपहिया वाहनों से अपने घर आने-जाने पर मजबुर है। यही नहीं गंदे पानी से उठने वाली दुर्गन्ध के कारण लोगों का ना केवल जीना दुस्वार हो गया है। बल्कि यहां रहने वाले लोगों पर मौसमी बिमारियों का भी खतरा मंडराने लगा है।

अमरपुरा, नई कोठी व हाऊसिंग बोर्ड सहित आसपास के नागरिकों एवं वार्ड नं. 4 स्थित ईटली वाली ढाणी के नागरिकों की है। जिनके लिये यहाँ स्थित

एसडीएम ने जरूरी निर्देश दिये

टोंक, (निसं)। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर से जिले में अत्यंत भारी वर्षा के रेड अलर्ट के तहत मेघ गर्जन, बिजली गिरने एवं तेज हवा के साथ वर्षा की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग की चेतावनी के मध्यनजर टोंक उपखंड के बहीर रपटा, चूली रपटा, छाण-बास सूर्या, मंडावर, पक्का बंधा रपटा एवं बनास नदी के पुराने एवं नये पुल के अतिरिक्त विभिन्न जल भराव वाले क्षेत्र पर जनहानि व पशु हानि होने की संभावना है। टोंक उपखंड अधिकारी राहुल सैनी ने भारी वर्षा के तहत टोंक उपखंड में जल भराव की आशंका को देखते हुए हसीलदार, नगर परिषद आयुक्त एवं विकास अधिकारी को निर्देश दिए है कि वे अधीनस्थ कार्मिकों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर पानी के बहाव वाले रपटों में हो रहे आवागमन पर सतत निगरानी करें। इसके साथ ही, पानी का बहाव तेज होने पर आवागमन को तत्काल रूकवाना सुनिश्चित करें। जलभराव वाले क्षेत्रों से लोगों व जानवरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी करवाना सुनिश्चित करें।

प्रतिभाशाली 23 विद्यार्थियों का सम्मान, प्रवेशोत्सव रैली निकली

श्रीमाधोपुर, (निसं)। पीएम श्रीराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में विद्यालय की प्रतिभाशाली 23 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया तथा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए गाजे बाजे के साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की प्रवेशोत्सव रैली निकाली गई। विद्यालय में नि:शुल्क पाढ्य पुस्तक वितरण समारोह के आयोजन में झाबर सिंह खर्रा शहरी विकास और स्वायत्त शासन मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में अजय सिंह खर्रा के मुख्य अतिथि, नगर मंडल अध्यक्ष रोशन बिजारनिया, पार्षद रामावतार मेहल्डा, रविंद्र ओसवाल की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र-छात्राओं को नि::शुल्क पाढ्यपुस्तक वितरित की गई।

प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने बताया कि विद्यालय के 23 प्रतिभाशाली टॉपर छात्र-छात्राओं को माला व साफा पहनाकर एवं मोमेंटो, गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर अतिथियों द्वारा टीना सैनी, आयुष गर्ग, गुंजन कुमावत, खुशी सैनी, कीर्ति कुमावत, सुनील कुमार सैनी, हिमांशु सोनी, सिमरन शर्मा, वंश कुमावत, चारु मिश्रा, आदित्य चौधरी , मोहित सैनी ,विजय टेलर , हेमंत सैनी ,मोहित कुमार सैनी ,गौरव कुमावत , सपना सैनी ,वंशिका कुमावत , वर्षा सैनी , दीक्षा , राधिका नायक , प्रेरणा , मोहित नायक आदि छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के टॉपर टीना सैनी को विद्यालय के उप्राचार्य विनोद कुमार यादव ने इक्कीस हजार रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टॉपर्स बच्चों को पूनम पारीक व्याख्याता, पूनम देवी, कृष्णा पालीवाल व्याख्याता, हंसा देवी व्याख्याता ने एक हजार देखकर सम्मानित किया वही शिशुपाल सिंह अध्यापक आदि द्वारा भी बच्चों को नगद राशि पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा है इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया तथा लोगों से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए अपील की। विद्यालय में शैक्षिक व विकास सम्बंधित सुविधाओं को बढावा देने के लिए भी मुख्य अतिथि ने पूर्ण आश्वासन दिया है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य मार्ग से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की रैली निकाली गई ।

विद्यालय के 23 प्रतिभाशाली टॉपर छात्र-छात्राओं को माला व साफा पहनाकर एवं मोमेंटो, गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया।

निवाई में दो सड़क दुर्घटनाओं में दो जने घायल

निवाई/गुंसी, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर शुक्रवार को मूंडिया एवं गुंसी के समीप दो अलग अलग सडक दुर्घटना में एक महिला कर्मचारी व एक जुगाड चालक घायल हो गया। 108 एंबुलेंस के मेल नर्स दीवान सिंह एवं पायलेट मोहम्मद जमील ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5:45 बजे लालसोट निवासी

- मूंडिया एवं गुंसी के समीप हुआ हादसा

जब्बार खान पुत्र मोहम्मद लालसोट से लोहे के पाइप, इंगल एवं लोहे की पत्तियों से लदे जुगाड को लेकर निवाई की ओर आ रहा था। इसी दौरान मूंडिया बायपास पर जुगाड के पीछे से एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस दौरान ट्रेलर करीब दो सौ मीटर तक जुगाड को घसीटता हुआ ले गया जिससे जुगाड चालक घायल हो गया और उसमे लदा सामान सडक मार्ग पर बिखर गया। टक्कर मारने के बाद ट्रेलर मौके से फरार हो गया। सूचना पर निवाई सदर पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल को 108 एंबुलेंस की सहायता से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में भर्ती करवाया। हाईवे पेट्रोलिंग कर्मचारियों ने सडक मार्ग पर बिखरे सामान को सडक से दूर करके यातायात सुगम करवाया।

हाईवे पेट्रोलिंग कर्मचारियों ने सड़क मार्ग पर बिखरे सामान को सड़क से दूर करके यातायात सुगम करवाया।

'सम्मान करने से प्रतिभाओं का हौसला बुलंद होता है'

मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम लोचुकाबास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं एवं स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणपत वर्मा के मुख्य अतिथि, सेवानिवृत भामाशाह एएओ बाबूलाल शर्मा, भामाशाह बंशीधर पटवारी , अशोक शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य काशी प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। मंच संचालन रोहिताश्व डूडी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वर्मा ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान से हौसला अफजाई होती है। उन्हें निरंतर आगे बढ ने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर विद्यालय की 12वीं कला वर्ग में टॉपर निशा वर्मा 93.20 प्रतिशत, पूजा यादव 90प्रतिशत, कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा हितेश यादव की प्रतिनिधि हिमानी यादव, गायत्री यादव को माला, साफा पहनाकर एवम् प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 8 बोर्ड में सभी विषयों में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले छात्र श्री राम यादव, 9 कक्षा की टॉपर रीना यादव, 11 की टॉपर मनीषा यादव सहित कोमल यादव, मनीष यादव ,निकिता यादव,पूजा यादव , हिमानी यादव, खुशी कुमारी एवम् भरत सिंह यादव सहित अन्य का भी माला पहनाकर एवम् प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। पारितोषिक पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से झूम उठे।

- प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

टीम भावना के साथ काम कर विकास को गति देवे : भूपेंद्र यादव

अलवर, (निसं)। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिये कि टीम भावना के साथ समन्वित प्रयासों से जिले के सर्वांगीण विकास को गति देवे व आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण किया जावे।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने अलवर शहर के वेस्ट मैनेजमेंट, पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता की समीक्षा कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु में नालों आदि की सफाई कार्य हेतु संसाधनों में इजाफा करे जिसमें 6 जेसीबी मशीन व 12 ट्रैक्टर व अन्य संसाधन आवश्यकतानुसार लेकर 8 जुलाई से सफाई का विशेष अभियान प्रारम्भ करे। उन्होंने निर्देश दिये कि इस कार्य को सुगमता से संचालित कराने हेतु सूचना सम्प्रेषण के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाए जिसमें नगर निगम के पार्षदों एवं संबंधित अधिकारियों को जोडे।

उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में सिंगल यूज प्लास्टिक एक बडी बाधा है अत: नगर निगम सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, संग्रहण एवं विक्रय पर कडाई से लगाम लगाने हेतु कार्रवाई करें। साथ ही आमजन को जागरूक करें कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को व्यवहार में लाए। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के ऐसे स्थानों को चिन्हित करे जहां पर लोगों द्वारा कचरा फैलाया जाता है वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर कचरा फैलाने व्यक्तियों को सार्वजनिक किया जाए।

उन्होंने शहर की स्वच्छता, वेस्ट मैनेजमेंट आदि में सुधार हेतु निर्देश दिये कि नगर निगम महापौर व आयुक्त 6 जुलाई को इन्दौर जाए जहां नगर निगम इन्दौर के अधिकारियों से स्वच्छता में नम्बर वन बने रहने के लिए किए जा रहे कार्यों आदि की जानकारी लेवे साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि एनसीएटी योजना व कचरा निस्तारण प्रबंधन हेतु

केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिये।

- वेस्ट मैनेजमेंट, पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता की समीक्षा की

केन्द्र सरकार के विभागीय अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर भिजवाए।

उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि जिला वाणिज्य एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक व अन्य संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अग्यारा स्थित एसटीपी के परिशोधित जल (ट्रिटेड वाटर) का उपयोग औद्योगिक उपयोग में लिया जावे जिससे एमआईए क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों द्वारा उपयोग में लिया जा रहा भूजन बचाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में वार्डवार बैठक भी लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के सुलभ शौचालय साफ रहे।

सार-समाचार

जोधपुरा संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जोधपुरा में संघर्ष समिति का धरना अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ शुक्रवार को लगातार 576वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। सीमेंट प्लांट प्रशासन द्वारा समझौते वार्ता की अवहेलना किये जाने पर समिति सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि विगत 30 जून को जोधपुरा संघर्ष समिति व कोटपूतली प्रशासन के बीच जो लिखित समझौता हुआ था। उसके अनुसार अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट को पॉल्यूशन विभाग की सर्वे टीम क्रेशर चलाये जाने के लिए जब तक एनओसी जारी नहीं करती, तब तक क्रेशर बंद रहेगा। किन्तु शुक्रवार को सीमेंट प्लांट प्रशासन द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा किए गए समझौते वार्ता की अवहेलना करते हुए क्रेशर को चलाया गया। एसडीएम ने समिति सदस्यों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, कैलाश मीणा, सचिव कैलाश यादव, दिनेश यादव, लीलाराम यादव व हजारी लाल सहित ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

शंकर शर्मा ने किया पौधारोपण

दौसा, (निसं)। दौसा विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा पेड लगाने व उनकी सुरक्षा करने के संकल्प के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड मां के नाम के अंतर्गत शुक्रवार को पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने विभिन्न स्थानों पर सघन वृक्षारोपण किया। मंदिर के महंत महाराज सहित नगर परिषद के अधिशाषी अधिकारी कैलाश चंद मीना, सहायक अभियंता रघुवीर प्रसाद शर्मा व कनिष्ठ अभियंता सहित नगर परिषद के कार्मिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद गेटोलाव धाम पहुंचकर वृक्षारोपण किया। हाल ही हुई बारिश में गेटोलाव बांध में पानी की अच्छी आवक हुई है। ऐसे में निश्चित रूप से भूजल में बढोतरी होगी। हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला कार्यालय पर आयोजित आवासीय केम्प में सभी को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर उन्हें सुरक्षित व संरक्षित करने का संकल्प दिलाया।

एडवा की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

अलवर, (निसं)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति एडवा के 18.6.2024 को ज्ञापन पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेकर अलवर कला कॉलेज प्राचार्य अशोक आर्य एवं इनकी पत्नी वसुंधरा चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एडवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं माकपा जिला सचिव रईसा का कहना है कि गरीब दलित छात्रा एवं उसके परिवारजन की बेरहमी से पिटाई एवं अभद्रता के आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई होने तक एडवा का संघर्ष जारी रहेगा। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, पुलिस महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक अलवर एवं अन्य उच्च अधिकारियों को भी शिकायत की गई है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को प्रेषित एडवा ने ज्ञापन में लिखा है कि अलवर का एक पीडित दलित मजदूर अपनी पत्नी और बेटी के साथ अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं माकपा जिला सचिव रईसा से मिला। छात्रा बीए द्वितीय वर्ष की है। मजदूर की पत्नी घरों में झाडू पोंछा करती है। रईसा से मिलकर पीडित परिवार ने विस्तार से अपनी पीडा बताई। एडवा ने पुरजोर मांग की है कि गरीब दलित महिलाओं की पिटाई और बेअदवी के आरोपी कला कॉलेज प्राचार्य अशोक आर्य एवं इनकी पत्नी वसुंधरा चौधरी को सरकारी सेवा से निलंबित कर इनके खिलाफ त्वरित कडी कानूनी कार्यवाही की जाए। दलित महिलाओं को सताने के लिए वसुंधरा चौधरी जो जाति से जाट है के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत जांच की जाए। एडवा ने पीडित परिवार की हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

हितधारक सम्मेलन आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में हितधारक सम्मेलन आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन सत्र को सफलतापूर्वक चलाने एवं कक्षाओं में अध्ययन अध्यापन हेतु सभी मिलकर एक साथ प्रयास करेगें। महाविद्यालय में व्यवस्था बनाने के लिए जो भी कठिनाईयां आयेगी उनको दूर कर लिया जायेगा। महाविद्यालय में गठित पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ. वासुदेव गुप्ता ने कहा कि आदमी की नियत सही हो तो सब कार्य कुशलतापूर्वक हो जाते है। शिक्षाविद् डॉ. एम.पी कुमावत ने बताया कि प्राचार्य अकेला व्यवस्था नहीं कर सकता। महाविद्यालय में व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्पूर्ण स्टॉफ को मिलकर प्रयास करने होगें। शिक्षाविद डॉ. हजारी लाल मौर्य ने महाविद्यालय के पूराने किस्से सुनाते हुए कहा कि महाविद्यालय को ऊंचाईयों पर ले जाने के एक साथ प्रयास करने होगें। शिक्षाविद उमराव लाल वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों में आपसी सहयोग की भावना होनी चाहिये। डॉ. पी. सी. जाट ने पूर्व छात्र परिषद् के क्रियाकलापों के बारे में बताया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र तथा वर्तमान में महाविद्यालय में पदस्थापित सहायक आचार्य और सह आचार्यों ने अपने विचार रखें। देशराज यादव, अशोक सिंह, डॉ. हुकमचंद गुर्जर, घनश्याम गुर्जर, मुकेश कुमार अग्रवाल, ज्योति पाठक आदि ने महाविद्यालय में अध्ययन काल के स्वर्णिम इतिहास के बारे में बताया।

'गो ग्रीन अभियान' के लिए दिये निर्देश

पर्यावरण संरक्षण के लिए 'गो ग्रीन अभियान' को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करवाने की बात कही।

सांभरझील, (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अजित कुमार हिंगर के निर्देशन में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश,क्र.स.1) अरविंद कुमार जांगिड सांभर की अध्यक्षता में क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी प्रशासनिक अधिकारियों से वार्तालाप में पर्यावरण संरक्षण के लिए 'गो ग्रीन अभियान' को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करवाने की बात कही। सभी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संकल्प को पूरा करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। अपने क्षेत्राधिकार के सभी राजकीय परिसरों में पेड लगाये जाने हेतु पर्याप्त स्थान, पानी एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। बैठक में तहसीलदार सांभर कृष्णा शर्मा, वृताधिकारी सारिका खण्डेलवाल, वृताधिकारी जोबनेर नरेंद्र कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि मूलचन्द यादव, खण्ड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि राकेश बैनीवाल, अधिशाषी अधिकारी शिकेश कांकरिया, लेखाधिकारी गोपाल सिंह पंवार, अधिशाषी अधिकारी जोबनेर तेजपाल मीणा, क्षेत्रिय वन अधिकारी फुलेरा से प्रतिनिधि गोरी शंकर की मौजूदगी रही।

संक्षिप्त

सुनील भाणजा बने अध्यक्ष

निवाई, (निसं)। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में शांतिनाथ दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर में अनुसरण सागर चातुर्मास को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से सुनील भाणजा को चातुर्मास कमेठी के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया एवं मंत्री पद पर मुकेश बनेठा, कोषाध्यक्ष नरेश जैन बडागांव व संरक्षक के पद पर महावीरप्रसाद जैन माधोराजपुरा, सुशीलकुमार आरामशीन एवं भागचंद जैन सिरस को सर्वसम्मति से चुना गया।

सुनील भाणजा

गुमशुदगी का मामला दर्ज

दूदू, (निसं)। दूदू स्थित गणेश कॉलोनी निवासी पूजा राजनट ने पुलिस थाना दूदू में रिपोर्ट दर्ज करवा 16 वर्षीय बेटे के लापता होने का मामला दर्ज कराया है। पूजा ने दर्ज रिपोर्ट में अवगत कराया की गुरुवार की सुबह घर से सामान लाने की बात कह कर बाजार गया था लेकिन शाम तक घर वापस नहीं आया सब जगह परिजनों में तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

श्मशान भूमि में किया वृक्षारोपण

खाटूश्यामजी, (निसं)। कस्बे लामिया तिराहे, रावण टीले स्थित श्मशान घाट पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। रविन्द्र सोनी ने बताया कि श्मशानघाट पर सात पौधे नीम, दो पेड पीपल व एक 15 फीट लंबा बरगद का पेड लगाया गया है। इसके साथ ही पेड लगाने के साथ इनके देख रेखा की जिम्मेदारी भी ली गई है। सोनी ने बताया कि ये पेड पूर्ण रूप से विकसित करने का संकल्प लिया गया है। इस दौरान संजय सोनी, अभिषेक सोनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

पागल कुत्ते ने पांच जनों को काटा

निवाई, (निसं)। ग्राम गुंसी में शुक्रवार को एक पागल कुत्ते ने एक विकलांग बच्चे सहित पांच जनों को काट लिया। पीडित श्रवण प्रजापत ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे वह पशुओं से फसल को बचाने के लिए खेत पर जाली लगा रहा था। इसी दौरान अचानक एक पागल कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया की कुत्ते के हमले से उसके बाए पैर पर दो गहरे घाव हो गए। इसी प्रकार मदनलाल पाराशर को मंदिर जाते समय काट खाया। गांव के ही एक विकलांग बच्चे शुभम तानिवाड, सोनू ज्योतिषी व विकाश तानिवाड को काट लिया। परिजन सभी घायलों को राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए टोंक रैफर कर दिया।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मनोहरपुर, (निसं)। थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में कई दिनों से वांछित एक आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया की 21 फरवरी को एक महिला ने परिवादिया ने जरिये इस्तगासा मामला दर्ज करवाया कि अभियुक्त राजेश कुमार गुर्जर पिछले कई महिनों से उस पर बुरी नजर रखता था। जिसने कई बार उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज कर कई दिनो से फरार चल रहे आरोपी पापडा की ढाणी प्रतापपुरा निवासी राजेश कुमार गुर्जर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

विभिन्न किस्म के 51 पौधे लगाये

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के मुख्य चौराहा स्थित रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार को वृक्षारोपण महाभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रतन लाल शर्मा द्वारा एचएम अवनीश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न किस्म के 51 पौधे लगाये गये। एचएम अवनीश शर्मा ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने की अपील की। इस दौरान नवल किशोर खण्डेलवाल, रामकरण यादव, अशोक कुमार, महेन्द्र, नरेन्द्र, मुनेश, रविदत्त, रोशन सैनी समेत स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

50 हजार रुपए की लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

दौसा, (निसं)। जिले में कुछ दिन पूर्व बैंक में घुसकर ग्राहक के साथ की गई 50 हजार रुपए की लूट का पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस ने कडिया गैंग के दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने शहर में परेड कराते हुए वारदात स्थल तक लेकर पहुंची और घटनास्थल पर तस्दीक करवाई गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी एक बडे गिरोह के साथ जुडे हुए हैं, जो पूरे देश में चोरी और लूट की वारदात को अंजाम देते हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी हीरालाल सैनी ने बताया कि 25 जून को राजेंद्र मीना पुत्र रामदेव मीना निवासी काली पहाडी दौसा शहर के कोतवाली थाना इलाके में स्थित पीएनबी बैंक में पैसे जमा कराने गया था लेकिन पैसे जमा नहीं होने के कारण पीडित शहर में स्थित इंडियन बैंक में पैसे जमा करवाने के लिए गया। इस दौरान पीडित के बैग में रखे 50 हजार रुपए किसी ने निकाल लिए। इस वारदात का सीसीटीवी सामने आया, जिसमें पीडित बैंक में एक काउंटर पर खडा होकर स्लिप भरने लगाए तभी उसके पीछे खडे दो शातिर बदमाशों ने बैग में रखे रुपए निकाल लिए। पीडित को कुछ देर बाद बैग से रुपए गायब मिले तो उसने इसकी जानकारी बैंक प्रंबधक और कोतवाली थाना पुलिस को दी लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी हीरालाल सैनी ने बताया कि वारदात के बाद बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दो संदिग्ध युवक नजर आए जिनके हुलिए के आधार पर दोनों बदमाशों के अलवर के लक्ष्मनगढ में होने की जानकारी मिली।

इसके बाद दौसा की साइबर टीम ने अलवर पुलिस को सूचना दी और अलवर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों के कब्जे से हथियार भी बरामद किए थे। वहीं शुक्रवार को दोनों आरोपी रितेश सिसोदिया 20 साल और मोनिश 28 साल निवासी कडिया सांसी राजगढ मध्यप्रदेश को प्रोडक्शन वारंट पर अलवर से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी मध्यप्रदेश के कडिया के निवासी हैं। इस गांव के अधिकतर युवा अपराधिक घटनाओं में लिप्त हैं। इस गैंग के सदस्य पूरे भारत में सक्रिय रूप से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। विशेष रूप से उत्तरी भारत में कडिया गैंग के सदस्य ज्यादा सक्रिय है। जिनका प्रमुख व्यवसाय चोरी, लूट सहित अन्य अपराधिक वारदातें करना है।

गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने शहर में परेड कराते हुए वारदात स्थल तक लेकर पहुंची और घटनास्थल पर तस्दीक करवाई गई।

■ आरोपी बड़े गिरोह के साथ जुड़े हैं, जो पूरे देश में चोरी और लूट की वारदात को अंजाम देते हैं

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया

भिवाडी, (निसं)। खैरथल तिजारा जिला क्षेत्र के भिवाडी औद्योगिक क्षेत्र के गांव साथलका में सेंट गोबेन कंपनी की ओर सीएसआर फंड से निर्मित कराए गए आंगनबाडी केंद्र का जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने विधिवत फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी कार्मिक व आंगनवाडी कार्यकर्ता अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जिला कलेक्टर ने आंगनबाडी केंद्र पर पौधारोपण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के एक पेड मां के नाम पर लगाने का आव्हान करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान जिला कलेक्टर ने लक्ष्य निर्धारित करते हुए आंगनबाडी केंद्रों को सीएसआर योजना के तहत आदर्श आंगनवाडी केंद्र बनाए जाने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने कंपनी की ओर से निर्मित आंगनबाडी केंद्र का अवलोकन किया और कार्य की सराहना की। इस दौरान सीएसआर के जे एस सोनी जिला उद्योग महाप्रबंधक सुरजीत सिंह खैरिया ब्लॉक महिला बाल विकास अधिकारी सहित कंपनी के अधिकारी मौजूद रहे।

पावटा में सफाईकर्मी हड़ताल पर, लगे गंदगी के ढेर

पावटा, (निसं)। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा की अनदेखी के चलते सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। पालिका क्षेत्र के ज्यादातर इलाकों में शुक्रवार को जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहे। कस्बे के प्रमुख बाजार-मोहल्लों और चौराहों पर कचरे के ढेर लगने से वार्डवासियों, स्कूली बच्चो सहित राहगीरों और वाहन चालकों व आमजन को परेशानियों का सामना करना पडा।

शुक्रवार को कचरा नहीं उठने के कारण कई स्थानों पर गंदगी के ढेर व सडकों पर कचरा व गंदगी बिखरी दिखाई दी। ऐसे में कचरे के ढेरों से आती बदबू लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रही है। वहीं कचरे के ढेर के आसपास आवारा जानवरों का जमघट लगा होने से हादसों की संभावना भी बनी रहती है। मानसून के चलते बारिश के कारण गंदगी से बीमारियों के फैलने की संभावना है। इन गंदगी के ढेरों से न केवल बीमारियों का खतरा रहता है, बरसात में कस्बे के मुख्य बाजारों, सडकों, वार्डो में पानी जमा होना भी किसी मुसीबत से कम नहीं। इस संबंध में कस्बेवासियों ने नगरपालिका अधिकारियों को इसके बारे में कई बार सूचित किया है लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो सका।

वही सफाई कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को अपनी हडताल जारी रखी। अधिषाशी अधिकारी बसंत सैनी ने बताया कि मांगों व समस्या का समाधान किया जायेगा। वही कस्बे के मुख्य चौराहों, गलियों, बाजारों में ये बेसहारा पशु घूमते रहते हैं। जिसके चलते बाजारों में खरीदारी करने आए ग्राहक व वाहन चालक काफी परेशान हैं। इसके अलावा शहर के दुकानदार भी बेसहारा पशुओं से काफी दुखी हैं।

कचरे के ढेर के आसपास आवारा जानवरों का जमघट लगा होने से हादसों की संभावना बनी रहती है।

■ कचरे के ढेरों से आती बदबू लोगों के लिए बनी परेशानी

सेदरिया में बंदरों का आतंक

निवाई, (निसं)। किसान महापंचायत को लेकर पदाधिकारी गांव गांव दौरा कर किसानों से जनसंपर्क कर रहे है। किसान महापंचायत ब्लॉक उपाध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान ग्राम पंचायत सेदरिया में बंदरों के आतंक की समस्या सामने आई।

किसान महापंचायत पदाधिकारियों को ग्रामीणों ने बंदरों के आतंक की समस्या की जनसुनवाई में ग्राम विकास अधिकारी को जानकारी दी। जिस पर ग्राम विकास अधिकारी मौखा दिखा रिपोर्ट तैयार करवाया और समस्या का अति शीघ्र समाधान करने का आश्वासन देते हुए विकास अधिकारी को रिपोर्ट भेजी। उपाध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि ग्राम पंचायत सेदरिया में बंदरों के आतंक की समस्या बनी हुई है। बंदरों ने एक बच्चे के कान को भी काट लिया और कई बुजुर्गों को भी घायल कर दिया। बंदरों की संख्या करीब 30 के आस-पास है। बंदरों के भय से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी, उपाध्यक्ष नारायण स्यावत, गोविंद चौधरी पलेई, देवराज गुर्जर, आसाराम गुर्जर, प्रेमलाल गुर्जर व हरिराम डीलर सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

बालिका विद्यालय में नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के हलवाई बाजार के निकट स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को विद्यालय की प्रधानाचार्या नविता वर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह मनाया गया।

गौरतलब है कि राज्य सरकार के आदेशानुसार सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की जा रही है। उपरोक्त जानकारी देते हुए विद्यालय की वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्षा शामिला भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की कक्षा 1 से 11 की करीब 100 विद्यार्थी छत्राओं को प्रधानाचार्या नविता कुमारी वर्मा की अध्यक्षता में विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन सीमित के सदस्य एवं अभिभावकों द्वारा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर अनीता पीटर्स, मनोहर सिंह राजपूत, ललित मोहन शर्मा, मीनाश्री मीणा, सपना कुमावत, अनिता कुमारी, अनिता जाए, गिरीराज सांभरिया, तरुणा बंसल, एकता वर्मा, धर्मराज खाण्डेकर, अर्जुन मीणा, बीना मौर्य, नीलमराव, वन्दना सैनी सहित विद्यालय का समस्त स्टफ एवं राहुल, अशोक शर्मा, चन्द्रशेखर त्यागी उपस्थित रहे।

विद्यालय की कक्षा 1 से 11 की करीब 100 छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया।

देवली में सात इंच से बारिश बाढ़ जैसे हालात बने

देवली, (निसं)। यहां गुरुवार की देर रात से शुक्रवार की दोपहर 3 बजे तक बारिश का दौर जारी रहा। इसी बीच कई मर्तबा झमाझम बारिश ने भी दस्तक दी है। शुक्रवार को देवली में लगभग 7 इंच बारिश दर्ज की गई। इस बार मानसून की पहली दस्तक ने शुक्रवार की सुबह 5 से दोपहर 1 बजे तक के बीच हुई बारिश के बीच पूरे शहर में बाढ जैसे हालात पैदा कर दिए। इससे लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया।

इसका मुख्य कारण यह सामने आया कि शहर के मुख्य नालों पर अवैध निर्माण का साम्राज्य बना हुआ है। जिसे उपखंड अधिकारी और नगर पालिका प्रशासन ने नजर अंदाज कर रखा है। वही इसका दूसरा मुख्य कारण अतिक्रमण की भेंट चढे शहर के 80 मुख्य नालों की सफाई करवाने में पालिका प्रशासन पूरी तरह विफल रहा। जबकि पालिका प्रशासन ने अभी हाल ही में नालों की सफाई के नाम पर लाखों करोडों रुपया का टेंडर जारी किया है लेकिन शहर के अधिकांश छोटे-बडे नाले सफाई से वंचित बने रहे हैं। इस कारण नालों में बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से बारिश का पानी शहर के गली मोहल्ले वार्ड चौराहे पर भर गया और बाढ जैसे हालात पैदा होने पर लोगों के बीच भय का माहौल देखा गया।

हालातो की सूचना उपखंड अधिकारी, पालिका अधिशासी अधिकारी और पालिका अध्यक्ष को दी गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने बारिश के पानी भराव क्षेत्र का जायजा लिया और स्वीकार किया कि नेक चाल रोड के मुख्य नाले पर अतिक्रमण के कारण नालों में बारिश के पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। वही पालिका अधिशासी अधिकारी ने भी स्वीकार किया कि जहां-जहां नाल खुले हुए थे वहां-वहां पर ही सफाई की गई है।

कलेक्टर ने किशनगढ़बास बंदीगृह में 800 पौधे लगा अभियान शुरू किया

किशनगढबास, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को किशनगढबास क्षेत्र में स्थित बंदी गृह परिसर में 800 पौधे लगाकर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने गांव बम्बोरा की बावडी एवं पीएचईडी कार्यालय में वृक्षारोपण किया। इस दौरान एसडीएम मूलचंद लूणिया तहसीलदार भंवर सिंह नरूका जल अभियंत्रिक विभाग अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल ईओ जगदीश खीचड जेल प्रभारी पार्षद सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर नें सुबह करीब 11 बजे किशनगढबास में स्थित बंदी गृह में वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। इस दौरान कारागृह में खाली जगह पर 800 पेड लगाए गए। इसके उपरांत बंबोरा गांव की बावडी की पाल पर जिला कलेक्टर ने वृक्षारोपण कर आमजन से अपील करते हुए एक पेड मां के नाम पर लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा पेड लगाना जितना जरूरी है उतना ही जरूरी पेड की संभाल करना भी है। बाद में कलेक्टर ने जल अभियंत्रिक विभाग कार्यालय में वृक्षारोपण किया और कार्यालय का निरीक्षण कर किशनगढबास में की जाने वाली पानी की सप्लाई सिस्टम की जानकारी ली।

जिला कलेक्टर ने बताया कि विभिन्न विभागों की और से करीब 30 हजार पेड लगाए गए हैं। जिसमें शिक्षा विभाग द्वारा लगभग 16 हजार पेड स्कूल की चार दिवारी, खेल मैदान के चारों और लगाए गए। पंचायती राज विभाग द्वारा चारागाह भूमि, अटल सेवा केंद्र आदि स्थानों पर 3000 पेड, वन विभाग ने 10000 पेड तथा नगर पालिका ने 1000 पेड लगाए गए। उन्होंने कहा कि इस मानसून में सभी विभागों को वृक्षारोपण को लेकर लक्ष्य दिया गया है जिसके चलते सभी विभागों की ओर से लक्ष्यों के अनुसार वृक्षारोपण किया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल ने बताया कि जिला कलेक्टर ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान शहर में संचालित अन्नपूर्णा रसोई को लेकर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ईओ जगदीश खीचड ने बताया कि जिला कलेक्टर ने मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। तहसीलदार भंवर सिंह नरूका ने बताया कि तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

किशनगढ़बास बंदी कारागृह में जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला व एसडीएम, तहसीलदार, पालिका अध्यक्ष ने पौधारोपण किया।

■ शिक्षा विभाग, पंचायती राज, वन विभाग और पालिका ने 30000 पौधें लगाये

सार-समाचार

किरण ने टेबल टेनिस में जीता स्वर्ण पदक

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा निवासी खिलाडी छात्रा किरण शर्मा ने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुये टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीता। केन्द्रीय विद्यालय अविकानगर में अध्ययनरत छात्रा किरण शर्मा पुत्री रवि प्रहलाद कांदला ने जयपुर मे आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस अंडर 17 वर्ष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक जीत विद्यालय प्रशासन व परिवारजनो के साथ-साथ मालपुरा का नाम रोशन किया। शानदार खेल प्रदर्शन के आधार पर किरण का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये चयन हुआ। किरण ने पूर्व मे भी दो बार टेबल टेनिस मे रजत पदक जीते। क्षेत्र की लाडली किरण बिटिया की इस उपलब्धी पर खेल प्रेमियो व शुभचिन्तकों ने बधाई दे उज्जवल्ल भविष्य की कामना की।

छेड़छाड़ के आरोपी को सजा सुनाई

बौंली-बामनवास, (निसं)। सवाई माधोपुर जिला परिवार एवं पोक्सो न्यायालय ने एक नाबालिग से छेडछाड करने के आरोपी को 5 वर्ष का कठोर कारावास एवं 30हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है। राज्य सरकार एवं पीडिता की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ठ लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया की जिले के एक थाने में पिता ने अपनी पीडित नाबालिग पुत्री के साथ उपस्थित होकर मामला दर्ज कर बताया था कि इमाम उल हक मुसलमान निवासी पावटा गदी वजीरपुर (गंगापुर) का रहने वाला है। वह दो-तीन माह से मेरी 14 साल की नाबालिग पुत्री से स्कूल जाते समय बाइक से पीछा करता है एवं कहता है कि या तो मुझसे प्यार कर नहीं तो तेरे को गोली मार दूंगा। मैंने उसे दो-तीन बार समझाया फिर भी वह नहीं माना। 18 जुलाई 2019 को ट्यूशन पढने जाते समय फिर से आरोपी आ गया और कहा कि तेरे पापा को बता दे मैं आ गया हूं जो करना है वह कर ले मुझे मेरे दोस्त के फोन से मेरे पुत्री ने इस घटना की जानकारी दी मैं वहां पहुंचा तो आरोपी मुझे मारने को तैयार हो गया इस पर आसपास लोगों की भीड इकट्ठी हो गई एवं आरोपी की मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद न्यायालय में चालान पेश किया। न्यायालय ने आरोपी इमाम उल हक मुसलमान को दोषसिद्ध मानकर 5 वर्ष का कठोर कारावास व 20हजार के अर्थ दंड से एवं 3 वर्ष का कठोर कारावास व 10हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है।

आज मनेगा विश्व जूनोसिस दिवस

अलवर, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों पर 6 जुलाई को विश्व जूनोसिस दिवस मनाया जाएगा जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर आमजन को जूनोसिस बीमारी से बचाव व उपचार के प्रति जागरूक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि जूनोसिस गंभीर बीमारी है तथा संक्रमित जानवर के दूषित मांस, जानवरों की लार, मूत्र व बलगम के जरिए फैल सकती है। साथ ही मच्छर, पिस्सु के काटे जाने के साथ ही हवा के जरिये भी इसका संक्रमण हो सकता है। एक प्रजाति से दूसरी प्रजाति में बीमारी या संक्रमण के फैलने का खतरा रहता है। यह बीमारी जानवरों से इंसानों और इंसानों से जानवरों में फैलती है। सही समय पर इलाज नहीं होने पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति में पसीना, भूख न लगना, वजन घटना, सिरदर्द, जोडो व मांसपेशियों में दर्द जैसे लक्षण महसूस होते हैं।

पुलिस ने सतर्क रहने की अपील की

टोंक, (निसं)। थाना सदर थानाधिकारी ने नोटिस जारी कर बताया कि 3 जुलाई को समय करीब 1.30 से 3 के बीच टोंक शहर की द्वारिका नगरी और बृज विहार कॉलोनी में करीब 7 से 8 लोगों की एक गैंग द्वारा घर के मुख्य द्वार या किचन की खिडकियों से या अन्य प्रवेश द्वार से घर चेक करने के बहाने चोरी/लूट के उद्देश्य से मकानों प्रवेश करने का प्रयास किया। उक्त कॉलोनीवासियों की सजगता और पुलिस की मुस्तैदी से गश्त के कारण किसी भी घटना को अंजाम नहीं दे पाए। उक्त गैंग प्रथम दृष्टि संभवत बाहर की प्रतीत हो रही है। सभी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्रामरक्षक अपने अपने क्षेत्र ग्रामीण एरिया/शहरी एरिया में उक्त सीसीटीवी फुटेज को प्रसारित कर आम जन को घटना के बारे में बताए ताकि लोग सतर्क रह सके तथा रात्रि के समय किसी अनजान लोगों के घर पर आकर गेट/खिडकी/अन्य प्रवेश द्वार खोलने की बात कहने अपने घर का दरवाजा नहीं खोले तथा सजगता और तत्परता दिखाते हुए संबधित पुलिस थानें को सूचित करे जिससे उक्त अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

नि:शुल्क किताबों का वितरण

निवाई, (निसं)। उपखंड अंतर्गत ग्राम हिंगोनिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नि:शुल्क किताबों का वितरण किया गया। इस दौरान नवीन प्रवेश बच्चों का गुलाल लगाकर व मीठाई खिलाकर उनका फूलों से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें किताबें वितरण की गई। प्रधानाचार्य नवलकिशोर शर्मा ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को नियमित स्कूल आने व मन लगाकर पढाई करने कहा। बाबूलाल गुर्जर ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और इसे पाना हम सभी का अधिकार है। शिक्षा के बिना हम किसी के सफलता की कल्पना भी नहीं कर सकते है। कार्यक्रम के बाद अतिथियों व सभी बच्चों ने 5-5 पौधे लगाने का सकल्प लिया। कार्यक्रम में राजमल मीणा, अकिंता पाण्डेय, मुकेश मीणा, गोविन्द नारायण चौधरी, कमलेश शर्मा, हनुमान मीणा, शिवकुमार जागिड, बाबूलाल गुर्जर, राजाराम प्रजापत, देवकरण गुर्जर सहित एसएमसी के सदस्य मौजूद थे।

कांग्रेस कमेटी अलवर की बैठक कल

अलवर, (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की एक आवश्यक बैठक दिनांक 7 जुलाई 2024 को प्रात: 11 बजे होटल अनंता, रामगढ रोड, हनुमान चौराहे के पास, अलवर में आयोजित की जायेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की जिला कांग्रेस कमेटी की इस आवश्यक बैठक में अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेसजन सहित राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, रामगढ विधायक जुबेर खान, पीसीसी महासचिव एवं अलवर के संगठन प्रभारी जसवंत गुर्जर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, भरतपुर सांसद श्रीमती संजना जाटव, मुंडावर विधायक ललित यादव, किशनगढ विधायक दीपचंद खेरिया, राजगढ विधायक मांगेलाल मीणा, थानागाजी विधायक कांति मीणा, पूर्व मंत्री नवाब दुर्रूमियां, पूर्व मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत, पूर्व विधायक बलजीत यादव, पूर्व विधायक श्रीमती सफिया खान, पूर्व विधायक संदीप यादव, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, पूर्व विधायक राजेन्द्र गन्डुरा, कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान, संजय यादव, अजय अग्रवाल, पीसीसी पदाधिकारी व सदस्य, विधानसभा प्रभारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, प्रधान, चेयरमैन, उप जिला प्रमुख, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्ष, जिला पार्षद, समस्त मण्डल अध्यक्ष, नगर पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

विशाल भण्डारे का आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के लक्ष्मी नगर मोड पर शुक्रवार को सद्गुरू कबीर साहेब के 09 वें प्रगट दिवस के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सद्गुरू कबीर साहेब की आरती कर मीठे पानी का वितरण किया गया। जिसके बाद आयोजित विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।



बुमराह जैसा खिलाड़ी एक पीढ़ी में पैदा होता हैं और हमें खुशी है कि वह हमारे लिए खेलता है। बुमराह के लिए यह जिंदगी में एक बार होने वाला अनुभव था। उनका साथ होना मैदान में हमारे लिए विशेष है। - **विराट कोहली**

भारतीय क्रिकेटर, जसप्रीत बुमराह के बारे में कहा।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

हार्दिक पंड्या

वनडे विश्व कप में टखने की चोट के बाद पंड्या की वापसी की यात्रा निराशा और हताशा से भरी हुई थी। लेकिन उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के खिलाफ अत्यधिक लचीलापन और दृढ़ संकल्प दिखाया। पंड्या ने अहमदाबाद में मुंबई इंडियंस की टीम का नेतृत्व किया तो उनकी हूटिंग की गई। लेकिन जब पंड्या टी-20 विश्व कप के लिए मैदान पर उतरे तो यह सब अतीत की बात हो गई। पंड्या ने यहां परेड से पहले ट्रॉफी के साथ अपनी सेल्फी पोस्ट करते हुए लिखा, ''जल्द ही मिलते हैं, वानखेड़े।'' स्टेडियम के अंदर हार्दिक...हार्दिक के नारे गूंज रहे थे।

क्या आप जानते हैं ?... बेसबॉल में औसतन 108 टांके होते हैं क्रिकेट बाल में 65 से 70 के बीच तथा फुटबॉल में 642 से अधिक टांके लगाये जाते हैं।

ओलंपिक के लिए पेरिस रवानगी से पहले मोदी से मिले एथलीट्स, पीएम ने दिया विजय-मंत्र

नई दिल्ली, 5 जुलाई। पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की रवानगी से पहले पीएम मोदी से उनसे शुक्रवार को खास मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने खिलाड़ियों को विजय मंत्र भी दिया। भारत पेरिस ओलंपिक के लिए लगभग 120 खिलाड़ियों का दल भेज रहा है और उसे उम्मीद है कि इस बार वे टोक्यो ओलंपिक से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में सात पदक जीते थे जिनमें से नरीज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया गोल्ड मेडल भी शामिल है।

वहीं, पीएम मोदी ने नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निकहत जरीन और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु से वर्चुअल बातचीत भी की। इसके अलावा उन्होंने ओलंपिक के लिए पहली बार जाने वालों को विजय-मंत्र दिया। पीएम ने कहा कि, आप ओलंपिक में जाने और जीतने के मूड में हैं और मैं आपके जीतने के बाद वापस आने पर आपका स्वागत करने के मूड में हूं। मेरी कोशिस है कि मैं खेल जगत से जुड़े हमारे देश के सितारों से मिलता रहूं, नई चीजें सीखता रहूं और उनके प्रयासों को समझता रहूं और सरकार के तौर पर अगर व्यवस्थान में कुछ बदलाव की जरूरत है, कुछ प्रयासों को बढ़ाने की जरुरत है तो मैं



इस दिशा में काम करता रहता हूं मेरी कोशिश है कि सभी से सीधा संवाद हो।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम खेलने जा रहे हैं हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने जा रहे हैं। ओलंपिक भी सीखने का एक बहुत बड़ा क्षेत्र है जो सीखने की प्रवृति के साथ काम करता है, उसके लिए सीखने के अनेक अवसर हैं। जो शिकायत में जीना चाहते हैं उनके लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। हमारे जैसे देशों से लोग वहां जाते हैं उन्हें कई कठिनाइयों और असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनके दिल में उनका देश और उनका तिरंगा झंडा होता है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार भी आप खेल के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करेंगे।

इस दौरान पीएम ने टॉप बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु से बातचीत की। सिंधु ने कहा, मैं तीसरी बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। मैंने 2016 में रजत पदक जीता था और 2020 में मैंने कांस्य पदक जीता। मुझे इस साल पदक का रंग बदलने की उम्मीद है, मुझे इस साल एक और पदक की उम्मीद है। इसके अलावा पीएम ने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने से पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ी से भी चर्चा की।

दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 12 रनों से हराया, सीरीज में 1-0 की बनाई बढ़त

चेन्नई, 5 जुलाई। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने भारत को पहले टी-20 मैच में 12 रन से हराया। अफ्रीका द्वारा मिले 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 4 विकेट पर 177 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स (53), शेफाली ने (18), मंधाना (46) और हेमलता (14) रन बनाकर आउट हो गई।

आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिये 21 रन चाहिये थे। परंतु भारतीय टीम 8 रन ही बना सकी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच चेन्नई में खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 189 रन बनाए हैं। अफ्रीका की ओर से ब्रिट्स ने सर्वाधिक 81 रन बनाए। भारत के लिए पूजा और राधा ने 2-2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में शेफाली वर्मा और स्मृति ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी हुई। शेफाली 18, मंधाना 46 और हेमलता 14 रन बनाकर आउट हुईं।

दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाजलौरा वोल्वार्ड्ट और ब्रिटस ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई है। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट 22 गेंद में 33 रन बनाकर आउट हुईं। राधा यादव ने उन्हें आउट किया।मारिजैन कैप और ब्रिट्स के बीच दूसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 96 रन की साझेदारी हुई। कैप 33 गेंद में 57 रन बनाकर आउट हुईं।क्लो ट्रायोन ने 12 रन बनाए। ब्रिट्स आखिरी गेंद पर आउट हुईं। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाए।

पाक तीन देशों के लिए सात टेस्ट मैचों की करेगा मेजबानी

लाहौर, 5 जुलाई। पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले बंगलादेश, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के लिये सात टेस्ट मैचों की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने घरेलू सत्र के कार्यक्रम की तारीखों का ऐलान किया। जिसके तहत चैंपियंस ट्राफी से पहले पाकिस्तान तीन देशों के लिए सात टेस्ट मैचों की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट से पहले तैयारियों के मद्देनजर पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच ट्राई सीरीज खेली जाएगी। ये सीरीज आठ से 14 फरवरी तक मुल्तान में होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए केवल एक मसौदा कार्यक्रम जारी किया है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान 21 अगस्त से तीन सितंबर तक रावलपिंडी और कराची में एक-एक टेस्ट खेलेगा। इसके बाद पाकिस्तान, इंग्लैंड के साथ सात से 28 अक्टूबर तक मुल्तान, कराची और रावलपिंडी में तीन टेस्ट मैच खेलगा। इसके बाद पाकिस्तान का ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे का सीमित ओवरों का दौरा और दक्षिण अफ्रीका का सभी प्रारूपों का दौरा होगा। ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच 4-18 नवंबर तक खेले जाएंगे। पाकिस्तान जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच खेलेगा। ये मैच 24 नवंबर से पांच दिसंबर तक बुलावायो में खेले जाएंगे। पाकिस्तान का दक्षिण अफ्रीका दौरा 10 दिसंबर से टी-20 सीरीज के साथ शुरू होगा तथा 26 दिसंबर से सात जनवरी तक क्रमश: सेंचुरियन और केपटाउन में दो टेस्ट मैच खेले जायेंगे।

आईसीसी ने किया बुमराह, रोहित, मंधाना को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित

दुबई, 5 जुलाई। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, मैया बाउचिर और विशमी गुणरत्ने को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया। आईसीसी की ओर से प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए जारी की गई नामांकित सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, इंग्लैंड की मैया बाउचिर, श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने भी शामिल है। बुमराह ने जून में हुये टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब से नवाजा गया। वहीं रोहित शर्मा ने टी-20 विश्वकप के आठ मैच में 156.70 स्ट्राइक रेट से एक बार नाबाद रहते हुए 257 रन बनाए। उन्होंने तीन अर्धशतक भी बनाये थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 92 रन रहा था। आफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने टी-20 विश्वकप में 35.12 की औसत और 124.33 के स्ट्राइक रेट से कुल 281 रन बनाए। महिला वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ (210) दोहरा शतक बनाने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना, श्रीलंका की विश्मी गुणरत्ने ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में तथा इंग्लैंड की मैया बाउचिर को भी उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ की नामांकन सूची में शामिल किया गया है।

नई खेल नीति खिलाड़ियों को करेगी प्रोत्साहित : पठानिया

धर्मशाला, 5 जुलाई। कांग्रेस के विधानसभा में उप मुख्य सचेतक तथा पावर लिफ्टिंग ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार की नई खेल नीति का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है। पठानिया ने कहा है कि पुरस्कार राशि में वृद्धि खेलों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ने के साथ खेलों में उत्कृष्टता हासिल होगी।

यूकी भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी विम्बलडन के दूसरे दौर में पहुंची

लंदन, 5 जुलाई। भारत के यूकी भांबरी और फ्रांस के ओलिवेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक और अलेक्जेंडर शेवचेंको को मुकाबले में हराकर विम्बलडन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गयी है। भांबरी और ओलिवेट्टी की जोड़ी ने कोर्ट नौ पर 58 मिनट तक चले मुकाबले में अलेक्जेंडर बुब्लिक और अलेक्जेंडर शेवचेंको की जोड़ी को सीधे 6-4, 6-4 से हराया।

मैच के दौरान इंडो-फ्रेंच जोड़ी ने तीन बार सर्विस तोड़ी और सर्विस पर दो ब्रेक प्वाइंट बचाए। भांबरी और ओलिवेट्टी की अगले दौर में जर्मनी के केविन क्राविएट्ज़ और टिम पुएट्ज से भिड़ंत होगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी को फ्रांस की एल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविक की जोड़ी ने सीधे सेट में 6-4, 7-5 से हराया।

जोकोविच, फर्नले को हराकर विम्बलडन के तीसरे दौर में

लंदन, 5 जुलाई। सात बार के विंबलडन चैंपियन सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ब्रिटेन के जैकब फर्नले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पहुंच गये है। ऑल इंग्लैंड क्लब में खेले गये मुकाबले में, एक महीने पहले घुटने में लगी चोट के बावजूद जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रा में अपना पहला मैच खेल रहे ब्रिटिश वाइल्डकार्ड जैकब फर्नले पर 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से जीत दर्ज की। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच तीसरे दौर में मुकाबला एलेजांद्रो टेबिलो और फ्लेवियो कोबोली के मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जोकोविच ने फर्नले के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, जैकब को शानदार मैच के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने शानदार प्रयास किया और बहुत बढ़िया टेनिस खेला।

ये तो शुरुआत है, अभी तो बहुत दूर जाना है : जसप्रीत बुमराह

बुमराह ने संन्यास के कयासों को सिरे से खारिज किया

वानखेड़े, 5 जुलाई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। इसके बाद जसप्रीत बुमराह के लिए अलग अलग कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन भारतीय क्रिकेटर अब राहत की सांस ले सकते हैं। दरअसल, जसप्रीत बुमराह ने अपने रिटायमेंट प्लान का खुलासा का ऐलान कर दिया था। बता दें कि, बुमराह ने अपने संन्यास से जुड़े सवालों और कयासों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

गुरुवार को बारबाडोस से स्वदेश लौटी टीम इंडिया का दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में जोरों शोरों से स्वागत हुआ। वहीं मुंबई में विक्ट्री परेड का आयोजन भी किया गया। ये विक्ट्री परेड नरीमन प्वाइंट्स से शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम तक जाकर थमी। जहां टीम के सम्मान समारोह की तैयारी पहले से कर ली गई थी। इसी समारोह में बुमराह ने संन्यास के कयासों को सिरे से खारिज कर दिया।

जसप्रीत बुमराह ने विक्ट्री सेलिब्रेशन में अपने रिटायमेंट पर बात की। उन्होंने कहा कि, अभी ये बहुत दूर है। मैंने अभी तो शुरुआत की है। ये सब अभी

बहुत दूर है। जस्सी ने वानखेड़े की यादों को जिक्र भी किया, उन्होंने कहा कि ये मैदान बहुत खास है। मैं जब बच्चा था तब यहां आया था आज मैंने जो देखा, इससे पहले कभी नहीं देखा।

30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 15 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उन्होंने वर्ल्ड कप जीत पर कहा कि, टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद हर खिलाड़ी के चेहरे पर खुशी के आंसू थे। मैं अपने बेटे को देखकर भावुक हो गया। आमतौर पर ऐसा नहीं होता लेकिन उस वक्त मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं थे मैंने रोना शुरू कर दिया और दो-तीन बार रोया।

अब युवाओं के हाथ में होगी कमान, भारत-जिम्बाब्वे का पहला मैच हरारे में

पिछले 5 टी-20 मैचों में 2 बार जीता है जिम्बाब्वे

मैच सायं 4.30 बजे से सोनी स्पोर्ट्स पर

हरारे, 5 जुलाई। भारत और जिम्बाब्वे के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज का पहला मैच शनिवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे, जबकि जिम्बाब्वे टीम की कमान सिकंदर रजा के हाथों में होगी। भारतीय टीम वर्ल्ड टी20 रैंकिंग्स में टॉप पर काबिज है। दरअसल, भारतीय टीम नंबर-1 बनने के बाद पहली बार जिम्बाब्वे के खिलाफ खेल रही है। वहीं, आंकडे बताते हैं कि इस फॉर्मेट में जिम्बाब्वे ने भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी है।

जिम्बाब्वे ने पिछले 5 टी20 मैचों में भारत को कडी टक्कर दी है. जिम्बाब्वे ने भारत को 2 बार हराया है, जबकि भारतीय टीम को 3 बार जीत मिली है। वहीं, अब तक भारत और जिम्बाब्वे का टी20 फॉर्मेट में 8 बार आमना-सामना हुआ है, जिसमें टीम इंडिया ने 6 बार बाजी मारी है। जबकि जिम्बाब्वे ने 2 बार भारत को हराया है।

भारत और जिम्बाब्वे के बीच कुल 8 टी20 हरारे में खेले गए हैं। इस मैदान पर भारत पहली बार साल 2010 में टी20 खेला था। हरारे स्पोर्ट्स क्लब को सेलिसबरी स्पोर्ट्स क्लबके नाम से जाना जाता है. अब तक इस मैदान पर 41 टी20 खेले जा चुके हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को 23 बार जीत मिली है, जबकि 17 बार टीमों ने सफलतापूर्वक रनों का पीछा किया है। इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए एवरेज स्कोर 156 रन है। जबकि दूसरी पारी में एवरेज स्कोर 139 रन है।

भारतीय समयुसार मैच शाम 4.30 बजे शुरू होगा। लेकिन भारतीय फैंस लाइव स्ट्रीमिंग और ब्रॉडकास्ट कैसे देख पाएंगे? भारतीय फैंस भारत-जिम्बाब्वे टी20 सीरीज सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख पाएंगे। इसके अलावा सोनी लिव एप पर लाइव स्ट्रीमिंग देख पाएंगे।

त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी कनाडा ओपन के क्वार्टरफाइनल में

कैलगरी, 5 जुलाई। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने महिला युगल स्पर्धा में नतास्जा एंथोनीसेन और एलिसा तिर्टोसेंटोनो की डेनमार्क-नीदरलैंड जोड़ी पर जीत दर्ज करते हुए कनाडा ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। मार्किन-मैकफेल सेंटर में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी को पहले गेम में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए 48 मिनट में मैच 17-21, 21-7, 21-8 से जीत लिया।

सातवीं वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की सीह पेई-शान और हंग एन-त्ज़ु की जोड़ी से भिड़ेंगी। पहले राउंड में डेनमार्क के शटलर रासमस गेम्के को हराने वाले प्रियांशु राजावत ने पुरुष एकल में राउंड ऑफ 16 मुकाबले में जापान के ताकुमा ओबायाशी पर 21-19, 21-11 से जीत दर्ज की। भारतीय शटलर राजावत शुक्रवार को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से मुकाबला करेंगे।

वहीं भारतीय महिला एकल बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत, पुरुष युगल जोड़ी कृष्णा प्रसाद गर्गा और साई प्रतीक के और मिश्रित युगल जोड़ी रोहन कपूर और रूथविका गड्डे अपने-अपने मुकाबले हार गये। उपाध्याय को कनाडा के मिशेल ली ने तीन गेमों में 21-14, 17-21, 21-13 के स्कोर से हराया। हेमंत थाईलैंड की खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ 11-21, 13-21 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष युगल स्पर्धा में कृष्णा प्रसाद गर्गा और साई प्रतीक को चीनी ताइपे की जोड़ी लिन बिंग-वेई और सु चिंग हेंग से 19-21, 21-18, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। कपूर और गड्डे, दूसरे गेम में वापसी के बावजूद, चेन चेंग कुआन और सू यिन-हुई की चीनी ताइपे जोड़ी से 15-21, 21-19, 9-21 से हार गए।

महाराष्ट्र सरकार ने टीम इंडिया को 11 करोड़ का इनाम देने की घोषणा की

वानखेड़े, 5 जुलाई। भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुवाई में टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद गुरुवार को भारत आई थी और उसके बाद पीएम मोदी ने टीम से मुलाकात कर खिलाड़ियों को बधाई दी और फिर टीम इंडिया को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सम्मानित किया गया। इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को महाराष्ट्र सरकार ने सम्मानित किया। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल को मिलने के लिए बुलाया और उन्हें सम्मानित किया। सीएम शिंदे ने रोहित शर्मा को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की। रोहित शर्मा ने महाराष्ट्र विधान सभा में नेता पक्ष और विपक्ष को संबोधित किया और सीएम शिंदे का आभार व्यक्ति किया। रोहित शर्मा ने इस दौरान कहा कि सूर्यकुमार यादव ने बताया कि गेंद उसके हाथ में फंस गई थी। भगवान का शुक्र है कि ऐसा हुआ, वरना मैं उसे पकड़ लेता। वहीं महाराष्ट्र सरकार ने टीम इंडिया की जीत के लिए 11 करोड़ रुपये इनाम के रूप में देने का ऐलान किया। देवेंद्र फडणवीस ने इस मौके पर कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति में एकता नहीं है लेकिन कैप्टन रोहित शर्मा की वजह से आज हम सब टीम इंडिया के लिए एकजुट हैं।

मुंबई से कभी भी विश्व कप फाइनल की मेजबानी मत छीनना : आदित्य ठाकरे

मुंबई, 5 जुलाई। शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई में टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत बीसीसीआई के लिए संदेश भी है कि देश की वित्तीय राजधानी से कभी भी किसी बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मैच मत छीनो। ऐसा लगता है कि ठाकरे की टिप्पणी भारतीय क्रिकेट बोर्ड की आलोचना के लिए थी जिसने 2023 में आईसीसी वनडे विश्व कप की मेजबानी में इसका फाइनल मुंबई के बजाय अहमदाबाद को दिया था। भारत पिछले साल नंवबर में हुए विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था।

क्रिकेट टीम की जीत पर गर्व, अब हमारी बारी : हरमनप्रीत सिंह

नई दिल्ली, 5 जुलाई। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक में उनकी टीम भी देशवासियों को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिये 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता।

चैम्पियन टीम का स्वेदश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस महीने के आखिर में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिये शिविर में मसरूफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा, " एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट में जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना,उससे बड़ी कोई बात नहीं है। पूरा देश आपके साथ झूम रहा है। इससे बड़ी गर्व की बात क्या हो सकती है।"

बतौर कप्तान पहला लेकिन कैरियर का तीसरा ओलंपिक खेलने जा रहे 28 वर्ष के इस ड्रैग फ्लिकर ने कहा, " हमारी भी यही कोशिश है कि ओलंपिक जाकर पदक जीते और स्वर्ण पदक जीतकर देशवासियों को यही खुशी फिर से दें। देश के साथ इन पलों को हम भी जियें। मेरे लिये इससे बड़ी गर्व की बात नहीं होगी।" उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए कहा," पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल हारने के बाद उन्होंने टी20 विश्व कप जीता जो बहुत बड़ी बात है। रोहित का भी काफी लंबा सफर रहा है और उन्होंने कई उतार चढाव देखें हैं।

पूरे देश को और हमें भी उन पर गर्व है।" तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हरमनप्रीत ने कहा," जब तोक्यो में हमने 41 साल बाद पदक जीता तो हॉकी के लिये यह टॉनिक की तरह रहा। इस बार हमारी जिम्मेदारी बढी है और सभी को पता है कि उस पदक के बाद कितना प्यार और सम्मान मिला है।" उन्होंने कहा कि तोक्यो ओलंपिक के सफर का हर पल उन्हें आज भी याद है और ताउम्र नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा ," पदक जीतने का अहसास कभी नहीं भुलाया जा सकता। टीम में जो नये खिलाड़ी आयें हैं , हम उनके साथ अपना अनुभव बांटते हैं कि ओलंपिक पदक जीतना आसान नहीं होता। वे भी ध्यान से सुनते हैं और पूरे जोश से मेहनत करते हैं।"

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सीतापुरा में जूलरी एसोसियन द्वारा आयोजित ''जस-2024'' का उद्घाटन किया।

'राजस्थान के कुल निर्यात में रत्न आभूषणों की हिस्सेदारी 11,183 करोड़ रूपए रही है'

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रत्न आभूषणों की प्रदर्शनी ''जस 2024'' का उद्घाटन करते हुए कहा

- शर्मा ने कहा कि, जयपुर आभूषण उद्योग का दिल है, यहाँ के कारीगरों द्वारा बनाए गए आभूषणों की विश्व भर में विशिष्ट पहचान है।
- मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार के सहयोग से जैम्स एण्ड जूलरी पार्क स्थापित करने की घोषणा की, जिससे एक लाख रोज़गार सृजित होंगे।
- मुख्यमंत्री ने उद्घाटन कार्यक्रम में जैम्स वर्ल्ड मैगजीन का विमोचन भी किया।

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। शुक्रवार को जूलरी एसोसिएशन द्वारा सीतापुरा स्थित जे.ई.सी.सी. में आयोजित ''जस-2024'' के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गुलाबी नगरी जयपुर विश्व पटल पर रत्न आभूषणों के लिए विख्यात है। जैम्स जूलरी बिजनेस राज्य की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, साथ ही रोजगार सृजन का भी मुख्य साधन है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस उद्योग को बढ़ावा देने तथा उद्यिमयों के लिए व्यापार को सुगम बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जयपुर में बनाए गए आभूषण दुनियाभर में अपनी खूबसूरती और शिल्प कौशल के लिए पहचाने जाते हैं। इसी वजह से राज्य सरकार द्वारा ''एक जिला एक उत्पाद'' योजना के तहत जयपुर में रत्न एवं आभूषणों को चिन्हित किया गया है। जिसके तहत राज्य सरकार इस क्षेत्र को और अधिक विकसित बनाने के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्थान के कुल निर्यात में रत्न-आभूषणों की हिस्सेदारी 11 हजार 183 करोड़ रुपये की रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाया है। इससे आभूषण उद्योग और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ मिलकर जैम्स एण्ड जूलरी पार्क स्थापित किया जाएगा, जिससे 1 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कारीगरों का प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक एवं शोध में निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे यह उद्यम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू सके। शर्मा ने कहा कि जयपुर के कारीगरों द्वारा बनाई गई जूलरी को देश-विदेश में अपनी एक अलग पहचान मिलती है क्योंकि जयपुर आभूषण उद्योग का हृदय है। उन्होंने उद्यमियों से आ ान किया कि वे इस उद्योग में लगे कारीगरों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए और अधिक कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने जैम्स वर्ल्ड मैग्जीन का लोकार्पण किया तथा वहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रदर्शनी के माध्यम से जयपुर की जूलरी को शोकेस करने हेतु मंच उपलब्ध कराने के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक कल्पना देवी, जूलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक सौंखिया, नेशनल काउंसिल ऑफ इंडिया जेम्स एंड जूलरी के अध्यक्ष प्रमोद डेरेवाला, जूलर्स एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्मल बरड़िया सहित बड़ी संख्या में इस क्षेत्र से जुड़े उद्यमी मौजूद थे।

मालपुरा में 13 इंच बरसात, 44 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

गुरुवार मध्यरात्रि से शुरु होकर दस घंटे लगातार बरसात हुई

- सहोदरा नदी के उफान में फंसे तीन युवक, चार घंटे चला बचाव कार्य।
- तीन दर्जन से अधिक मकान गिरे, दो दर्जन मवेशियों की मौत।
- मालपुरा शहर व कई गांव जलमग्न हो गये। बिजली के केन्द्रों पर पानी भर जाने और बिजली के खम्भे टूट जाने से विद्युत वितरण व्यवस्था भी ठप्प हो गई।

मालपुरा, 5 जुलाई (निसं)। गुरूवार की मध्य रात्रि के बाद तेज गर्जना के साथ शुरू हुई मूसलाधार बरसात ने 44 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुये तबाही का कहर बरपाया। अस्सी के दशक में हुई तबाही का मंजर एक बार फिर 2024 में देखने को मिला। शुक्रवार दोपहर तीन बजे तक लगातार बारिश जारी रहने से शाम 4 बजे तक मालपुरा में 13 इंच से अधिक बरसात दर्ज की गई।

नगरपालिका प्रशासन द्वारा मानसून पूर्व बरसाती नालों की सफाई नहीं करवाने, नालों पर हुये अतिक्रमण नहीं हटाने और आपदा प्रबंधन के इंतजाम नहीं करने का खामियाजा शहरवासियों को तबाही के रूप में भुगतना पड़ा है। शहर व गांव की सड़कें दरिया बन गईं, आवासीय कॉलोनियाँ व कई गांव टापुओं में तब्दील हो गये तथा 132 केवी जी.एस.एस. स्टेशन पर भारी मात्रा में पानी भर जाने से दस घंटे तक मालपुरा शहर अंधेरे में डूबा रहा। ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों विद्युत पोल टूट जाने से विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई। शहर के नवीन मंडी, महावीर मार्ग, ट्रक स्टेण्ड, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, पुरानी तहसील, मीर कॉलोनी, बृजलाल नगर, दूदू रोड की सड़कें दरिया बन गईं। मकानों व दुकानों में चार से पांच फीट पानी भर जाने से लोगों को करीब 3 करोड़ से अधिक आर्थिक नुकसान हुआ है। विद्युत पोल धराशायी होने के साथ-साथ चांदसेन, अम्बापुरा, मालपुरा कस्तूरबा बालिका विद्यालय, सरकारी अस्पताल, टाउन नम्बर 5 स्कूल सहित दर्जनों सरकारी भवनों की चार दीवारी व कमरे धराशायी हो गये। साथ ही दो दर्जन से अधिक मवेशी अकाल मौत का शिकार हो गये। डेयरी प्लांट के एक दर्जन पोल व डीपी पानी में बह गये। आसमान से बरसी आफत व तबाही से चारों और चीख पुकार शुरू हो गई। स्थानीय प्रशासन लोगों को राहत पहुंचाने में बेबस व लाचार नज़र आया।

रिकॉर्ड बरसात के कारण शहर के प्राचीन बम्ब तालाब व झालरा तालाब में हुई पानी की भारी आवक से महज छः घंटों में तालाब पर चादर चल गई। रेल्वे स्टेशन की कॉलोनियों में गले तक पानी भर जाने से वाहन पानी में तैरते नजर आये। सिंचाई विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, शाम चार बजे तक मालपुरा व चांदसेन में 13 इंच से अधिक बरसात हुई। क्षेत्र के प्रमुख बांधों में पानी की भारी आवक से केरवालिया व कलमंडा बांध पर चादर चल गई।

टोरडी सागर बांध में 20 फीट, चांदसेन में 14 फीट, किरावल में 4 फीट, लाम्बाहरिसिंह में 8 फीट पानी की आवक हुई। चांदसेन की जैलमियां ढाणी में मकान की दीवार ढह गई जिसके नीचे दबकर 9 बकरियाँ मर गईं। कल्याणपुरा में पक्का मकान धराशायी हो गया। अजमेर रोड श्मशान घाट की दीवार का लम्बा भाग धराशायी हो गया। अम्बापुरा स्कूल के चार कमरे धराशायी हो गये। सहोदरा नदी में पानी की भारी आवक व उफान के कारण तीन युवक ट्रैक्टर के साथ नदी के बीच में फंस गये। सूचना मिलने पर तहसीलदार राहुल पारीक ने मय जाप्ते के मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से बचाव कार्य शुरू किया। तकरीबन चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ड्रोन की सहायता से नदी के बीच फंसे युवकों तक रस्सी पहुँचाई गई जिसके सहारे युवकों को सुरक्षित नदी से निकाला गया।

इसी प्रकार नारेडा विद्यालय में ड्यूटी के लिये जा रहा शिक्षक साजिद खान बाइक सहित पानी के बहाव में बह गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करके शिक्षक की जान बचाई। दर्जनों दुपहिया व चौपहिया वाहन पानी में बह गये। कई गांव-ढाणियों के सड़क मार्ग टूट जाने से आवागमन बंद हो गया। बारह घंटे तक चले तबाही के मंजर के बावजूद जिला स्तरीय अधिकारियों ने मालपुरा पहुंच हालात का जायजा लेना मुनासिब नहीं समझा।

महुआ मोइत्रा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खान ने, उसी तर्क के आधार पर कहा था कि राष्ट्रपति भवन तथा संसद भवन भी ढहा दिए जाने चाहिए क्योंकि ये भी ''दासता के प्रतीक हैं'' सच तो यह है कि इस प्रकार के विवादास्पद बयानों की सूची बहुत लम्बी है।

मोइत्रा की टिप्पणी के सम्बन्ध में एनसीडब्ल्यू ने एक्स पर की गई एक पोस्ट में कहा है ''एनसीडब्ल्यू ने एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन के खिलाफ मोइत्रा की अपमानजक टिप्पणी का स्वप्रेरित संज्ञान लिया है। यह भद्दी टिप्पणी घोर अपमानजक तथा नारी की गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है तथा यह टिप्पणी ''भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 का ध्यान आकर्षित करती है। उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज होनी चाहिए तथा तीन दिन के अन्दर आयोग को दस सम्बन्ध में हुई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट मिल जानी चाहिए।

2024 के लोकसभा चुनाव में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वर्षों से मध्यप्रदेश कांग्रेस को संचालित एवं नियन्त्रित करते रहे हैं।

परिणाम यह हुआ कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी तथा कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ भी अपनी पुश्तैनी सीट छिंदवाड़ा गंवा बेठे। ज्ञातव्य है कि इस सीट पर कांग्रेस 1953 से नहीं हारी थी।

कमलनाथ और उनके बेटे भाजपा में करीब-करीब शामिल हो गए थे लेकिन मामला बिगड़ गया तथा वे वापस कांग्रेस में ही बन रहे। और इस प्रकार उनकी विश्वसनीयता लगभग समाप्त हो गई।

उनका बेटा दूसरा कमलनाथ नहीं हो सकता और जहाँ तक कांग्रेस नेतृत्व का प्रश्न है, कमलनाथ के दिन राजनैतिक रूप से लद गये हैं जबकि तथ्य यह था कि वे गांधी परिवार के बहुत नजदीक थे तथा वे कुछ कह देते थे या जो भी चाहते थे, वह अपने आपमें अन्तिम एवं निर्णायक माना जाता था तथा कोई उसे काट नहीं सकता था।

वे दिन अब गुज़र चुके हैं और कमलनाथ भी अब राजनैतिक रूप से समाप्त प्राय: ही है।

राहुल गांधी के नेतृत्व के चलते वे ताकतवर क्षेत्रीय क्षत्रप, जिनकी साख समाप्त हो गई है तथा जिनका ट्रैक-रिकॉर्ड संदिग्ध रहा है, अब नहीं चल सकते तथा उनके स्थान पर अब युवा और ज्यादा विश्वनीयत नेता कभी राज्यों में केन्द्रीय भूमिका में दिखाई देंगे।

कांग्रेस में राहुल गांधी के और भी ज्यादा ताकतवर होते जाने के साथ, यह मान कर चलना सुरक्षित है कि इस बात का निर्णय वे ही लेंगे कि आगामी दिनों में कौन अन्दर रहेगा और कौन बाहर जायेगा।

पूर्व विधायक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में मलिंगा सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें जमानत दी गई। जमानत मिलने के बाद उसने याचिकाकर्ता को धमकाया और जुलूस निकाल कर कानून का मजाक उड़ाया। इसके अलावा मलिंगा ने अदालत में गलत तथ्य पेश कर जमानत ली है। मलिंगा के खिलाफ गवाह को धमकाने को लेकर एफ.आई.आर. भी दर्ज हुई है। याचिकाकर्ता घटना के बाद से अस्पताल में भर्ती है। ऐसे में आरोपी को मिली जमानत को रद्द किया जाए।

सरकारी वकील शेरसिंह महला ने भी याचिकाकर्ता के तथ्यों पर सहमति जताते हुए आरोपी की जमानत रद्द करने की गुहार की, जिसका विरोध करते हुए मलिंगा की ओर से कहा गया कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और उन्होंने जमानत का दुरुपयोग नहीं किया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी मलिंगा को मिली जमानत को रद्द कर उसे सरेंडर करने को कहा है। गौरतलब है कि मलिंगा के खिलाफ याचिकाकर्ता ने मार्च 2022 में मारपीट व एससी-एटी एक्ट में केस दर्ज कराया था। इसमें मलिंगा पर आरोप लगाया था कि विभाग के ऑफिस में मीटिंग के दौरान मलिंगा और उनके साथ 5-6 लोग आए और उन्होंने उनके साथ मारपीट की। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें एस.एम.एस. अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मिले

दस दिन बाद पुनः दिल्ली जाएंगे किरोड़ी लाल मीणा

- डॉ. मीणा के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनसे इस्तीफा देने का कारण पूछा था।
- मीणा ने नड्डा को बताया कि, जिस क्षेत्र में 40-45 साल से सेवा कर रहा हूँ वहां लोग मुझसे विमुख हो गए, यह मुझे बर्दाश्त नहीं है।
- किरोड़ी ने नड्डा से यह भी कहा, लोकसभा चुनाव में मैंने कहा था कि, प्रत्याशी को जिता नहीं पाया तो इस्तीफा दूँगा, मेरी क्रैडिबिलिटी बनी रहे इसलिए इस्तीफा दिया।

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। प्रदेश में मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद डॉ किरोडीलाल मीणा शुक्रवार को दिल्ली गए। दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर हुई मुलाकात के बाद भी किरोड़ीलाल मीणा अपने इस्तीफे के स्टैंड पर कायम हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिलने के बाद किरोडीलाल मीणा ने कहा कि मैंने इस्तीफा बहुत पहले दे दिया था। उजागर कल किया था, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझे 11:15 पर मिलने बुलाया था। उन्होंने मुझसे पूछा इस्तीफा क्यों दिया, मैंने कहा एक ही कारण है कि मैं 40-45 साल से जिस क्षेत्र में सेवाएं दे रहा हूं, न दिन देखा न रात देखा, न गर्मी न सर्दी देखी। वो लोग मेरे से विमुख हो गए, यह चीज मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता। नैतिकता के नाते मंत्री पर छोड दिया, क्योंकि मैंने लोकसभा चुनाव में इसकी घोषणा की थी।

मीणा ने कहा कि मैं अपने विधानसभा और संसदीय क्षेत्र में पार्टी को जीत नहीं दिला सका यही कारण है और कोई कारण नहीं है। इस्तीफा वापसी के सवाल पर कहा कि यह अलग बात है, 10 दिन बाद मिलूंगा, फिर बताऊंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुझे इस्तीफे से मना किया था, कहा था कि मेरे साथ रहना जरूरी है। क्योंकि मैंने जनता के बीच में घोषणा की थी तो मेरी क्रेडिबिलिटी बनी रहे, रिलायबिलिटी बनी रहे, वचन दिया था वह पूरा होना चाहिए, इसलिए इस्तीफा दिया।

डॉ. किरोड़ी ने कहा कि यह बात सही है कि इमरजेंसी में मोदी के साथ काम किया है, मैं मीसा में भी बंदी रहा हूं, यातनाएं भी बहुत दी गईं। मैं पार्टी लाइन नहीं छोड़ता, पार्टी के अनुशासन में रहता हूं। मोदी मुझे बहुत स्नेह करते हैं, मित्रवत संबंध रखते हैं, मैं भी उनका बहुत आदर करता हूं।

मीणा अपने भाई को दौसा से टिकट दिए जाने की पैरवी के सवाल पर किरोडीलाल ने कहा कि यह गलत है, ऐसी कोई बात नहीं है। चुनाव में जहां भी मेरे को भेजा जाएगा, मैं वहां काम करूंगा। तीन उप चुनाव ऐसे क्षेत्रों में हैं, जो एसटी बाहुल्य क्षेत्र हैं, मैं वहां काम करूंगा। हम उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। हम पद के लिए राजनीति में नहीं आए, पद की मेरी कोई चाहत नहीं है। किसी से कोई नाराजगी नहीं है। हम तो राष्ट्रभक्ति के भाव से काम करने आए हैं, यह संस्कार है देश कैसे मजबूत हो, उसके लिए पद मिले तो काम करना, न मिले तो भी काम करना है।

डॉ. सतीश...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रभारी नियुक्ति किया है। उत्तरप्रदेश से राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को प्रदेश सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

लोकसभा चुनावों में भी पार्टी ने सतीश पूनिया को हरियाणा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया था। चुनाव के दौरान सतीश पूनिया की सक्रियता ने खासी सुर्खियां बटोरी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा की सफल रैली आयोजित कराई। लेकिन हरियाणा में भाजपा इस बार क्लीन स्वीप नहीं कर पाई।

हरियाणा में 2019 में भाजपा ने दस सीटें जीती थी, लेकिन इस बार भाजपा 5 सीटें ही जीत पाई थी। लेकिन अब होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी ने सतीश पूनिया को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं।

- हरियाणा में विधानसभा चुनावों से पूर्व राजस्थान में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनिया को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दिए जाने के राजनैतिक मायने निकाले जा रहे हैं।

महेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश का, नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ का, विनोद तावडे को बिहार का, लक्ष्मीकांत वाजपेई को झारखंड का, कर्नाटक में राधा मोहन दास अग्रवाल, विजय रुपाणी को पंजाब का, श्रीकांत शर्मा को हिमाचल का, विजय सिंह तोमर को उड़ीसा का, अरुण चुघ को जम्मू कश्मीर का, प्रकाश जावेडकर को केरल का, संबित पात्रा को उत्तर पूर्व का प्रभार, आशीष सूद को गोवा का प्रभारी बनाया गया है।

'पॉक्सो कानून बने 2 साल हो गए पर फिर भी डी.एन.ए. जाँच के लिए पर्याप्त लैब क्यों नहीं?'

राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

- राजस्थान हाई कोर्ट ने पॉक्सो प्रकरणों में अनुसंधान में देरी और डी.एन.ए. रिपोर्ट देर से आने पर चिंता जताई।
- हाई कोर्ट ने कहा, ऐसे केस में मंत्री 3 माह में जांच कराने का बयान देते हैं पर 6 माह तक मामला एफ.एस.एल. में ही नहीं जाता, दो-दो साल तक जाँच रिपोर्ट नहीं आती। इस वजह से पॉक्सो केस दस-दस साल तक चलते रहते हैं।
- हाई कोर्ट के महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि, राज्य सरकार डी.एन.ए. एवं एफ.एस.एल. जाँच के लिए बेहद गंभीर है और आगामी बजट में इस तरह की लैब्स के लिए बजट भी आवंटित करवाया जाएगा।

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पॉक्सो प्रकरणों में अनुसंधान में देरी और डी.एन.ए. रिपोर्ट समय पर नहीं आने पर गंभीर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि पॉक्सो कानून बने 12 साल बीत गए हैं, लेकिन अभी तक डी.एन.ए. जांच के लिए पर्याप्त प्रयोगशाला ही नहीं है।

अदालत ने कहा कि सरकार के मंत्री बयान देते हैं कि तीन माह में न्याय कराएंगे, लेकिन पुलिस छह माह तक प्रकरण को एफ.एस.एल. में ही नहीं भेजती। वहीं दो-दो साल तक इसकी रिपोर्ट नहीं आती। इस वजह से दस साल तक पॉक्सो केस लंबित रहते हैं, जबकि कानून में इन प्रकरणों को निस्तारित करने की समय सीमा तय की गई है। अदालत ने कहा कि जिन छोटी बच्चियों से दुष्कर्म हुआ है, उन पर क्या बीतती होगी। जस्टिस उमाशंकर ने यह टिप्पणी पॉक्सो प्रकरण से जुड़े एक मामले में की। अदालत ने राज्य सरकार को कहा कि वह इस संबंध में उचित कदम उठाए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद को बुलाकर पूछा कि एफ.एस.एल. और डी.एन.ए. रिपोर्ट समय पर क्यों नहीं आ रही। महाधिवक्ता ने कहा कि जांच रिपोर्ट समय पर लाने के लिए कई जगहों पर प्रयोगशालाएं खोली गई हैं। राज्य सरकार डी.एन.ए. और एफ.एस.एल. जांच को लेकर गंभीर है। इसके अलावा आगामी बजट में भी नई प्रयोगशाला के लिए बजट में राशि मंजूर करवाई जाएगी। महाधिवक्ता ने अदालत को आश्वस्त किया कि एफ.एस.एल. और डी.एन.ए. रिपोर्ट को कम समय में कोर्ट में पेश करवाया जाएगा, ताकि केसों की सुनवाई जल्दी पूरी हो सके।

केन्द्र ने नीट -यूजी परीक्षा दोबारा कराने का सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया

नयी दिल्ली, 05 जुलाई। केन्द्र सरकार ने स्नातक स्तर के मेडिकल समेत कुछ अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए हुई नीट 2024 और इसके घोषित किए गए परिणाम को रद्द कर इसे दोबारा आयोजित कराने की मांग वाली याचिकाओं का उच्चतम न्यायालय में विरोध किया है। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर कर अपना पक्ष रखते हुए इन याचिकाओं का विरोध किया है। सरकार ने कहा है कि इस अखिल भारतीय परीक्षा की बड़े पैमाने पर गोपनीयता भंग होने के किसी भी सबूत के अभाव में नीट यूजी परीक्षा पूरी तरह से रद्द करने से लाखों अभ्यार्थियों को गंभीर नुकसान होगा। शिक्षा मंत्रालय ने कहा, अखिल भारतीय परीक्षा में गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के किसी भी सबूत के अभाव में पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणामों को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा।

पहली बार लेबर पार्टी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दृष्टिकोण को रेखांकित करते रहे हैं।

उनके इन मनोभावों का उद्देश्य आपसी विश्वास को बढ़ाना और ब्रिटिश-इण्डियन कम्युनिटीज़ में समाहित होना है क्योंकि उनकी जनसांख्यिकी लेबर पार्टी की चुनावी गणित के लिए महत्वपूर्ण है।

पिछले वर्ष आयोजित इण्डिया ग्लोबल कोरम (आई.जी.एम.) में स्टारमर ने लेबर पार्टी के भारत यू.के. दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए घोषणा की थी कि ''आप सभी के लिए मेरा एक स्पष्ट संदेश है। लेबर पार्टी की मेरी सरकार हमारे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और आकांक्षाओं के आधार पर भारत के साथ संबंध स्थापित करेगी।''

स्टारमर ने किंग्सबरी स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर की यात्रा के दौरान हिंदू विरोधी हेट क्राइम्स के खिलाफ कड़ा रूख अपनाने के संकेत देते हुए घोषणा की कि ''हिंदू फोबिया के लिए ब्रिटेन में कोई स्थान नहीं है।''

पिछले मुद्दों, खासकर कश्मीर पर लेबर पार्टी के रूख को स्वीकार करते हुए उन्होंने अपनी पार्टी के भीतर के ऐसे चरमपंथी विचारों को समाप्त करने का संकल्प लिया था जो भारत-यू.के. संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हों।

पार्टी अध्यक्ष एनालीज़ डॉट्ज़ ने घोषणा की कि लेबर पार्टी ने चरमपंथी विचारधारा वाले पार्टी सदस्यों को हटा दिया है। उन्होंने ब्रिटेन के भारतीय समुदाय का आव्हान करते हुए कहा था कि ''भारत विरोधी किसी भी घटना से उन्हें अवगत कराए जाने पर उस पर त्वरित कार्रवाई का वे वादा करती हैं।'' पार्टी का उद्देश्य लम्बे समय से अटके पड़े भारत-यू.के. एफ.टी.ए. पर काम करना और नवीन तकनीकियों, पर्यावरण तथा सुरक्षा सहयोग सहित इसका दायरा बढ़ाना है। आब्रजन की व्यापक चिन्ताओं के बावजूद उम्मीद है कि वीसा नीतियों, खासतौर पर यू.के. के सर्विस सैक्टर में इण्डियन वर्कर्स के लिए अस्थायी वीज़ा पर बातचीत की उम्मीद है।

यू.के. में भारतीय मूल की बढ़ती आबादी के मद्देनज़र लेबर पार्टी ने इस बार भारतीय मूल के कई उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था।

राहुल गांधी हाथरस पहुंचे, पीड़ित परिवारों से मुलाकात की

हापुड़/नयी दिल्ली, 05 जुलाई। लोकसभा में विपक्ष की नेता तथा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी आज सुबह उत्तर प्रदेश के हाथरस शहर पहुंचे जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर ढ ांढ स बंधाया और राज्य सरकार से खुले दिल से पीड़ितों को अनुग्रह राशि देने की मांग की। गांधी ने पीड़ित परिवारों के लोगों से मिलकर बात की और भगदड़ के कारण तथा परिवारों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। गांधी ने कहा, हाथरस हादसे के पीड़ित परिवारों से मिला, ''उन्हें ढ ांढ स बंधाया और हिम्मत दी। कांग्रेस दुख की इस घड़ी में हाथरस के पीडित परिवारों के साथ खड़ी है।'' उन्होंने कहा, पीड़ित परिवारों को सही मुआवज़ा मिलना चाहिए। ये लोग गरीब हैं। इनके मुश्किल वक्त में हम इनके साथ खड़े हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खुले हृदय से इन लोगों की पूरी तरह से आर्थिक मदद करनी चाहिए।

दोनों राजधानियों, लंदन व वॉशिंगटन में दो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खो चुके थे। उनके इस्तीफे के तुरंत बाद, लिज़ ट्रस ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था।

लेकिन, अपने टैक्स प्रोग्राम्स और अस्त-व्यस्त आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें भी पद छोड़ना पड़ा। तब ऋषि सुनक ने पद संभाला।

सुनक एक प्रोफैशनल थे और सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे और पद छोड़ते हुए भी वो सबसे कम उम्र के पूर्व प्रधानमंत्री होंगे। तथापि, बोरिस जॉनसन के समय, चांसलर ऑफ द एक्सचैंजर के पद का अनुभव होने के बावजूद वो देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में असफल रहे, कीमतें आसमान छू रही थीं और आम आदमी भारी कठिनाइयां झेल रहा था।

इस कष्टकारी समय में, जनता के मन में उनकी व्यक्तिगत संपत्ति का बोध बहुत स्पष्ट था, और यह भी कि, उनकी पत्नी ब्रिटेन की सबसे अमीर महिला हैं। सुनक ने कोविड प्रतिबंधों के कारण काम नहीं कर पा रहे लोगों को समर्थन देकर बहुत अच्छा काम किया था। लेकिन, कोविड के बाद उन्हें टैक्स बढ़ाने पड़े।

इसी बीच चर्चा है कि उनकी पत्नी टैक्स अदायगी से बचने के लिए ब्रिटेन में कानूनी रास्ते तलाश रही हैं। उनकी दौलत और शैक्षणिक पृष्ठभूमि उन्हें आम लोगों से अलग करती है।

अमेरिका में डॉनल्ड ट्रम्प के साथ बहस में जो बाइडन के खराब प्रदर्शन के बाद डैमोक्रेटिक पार्टी में बाइडन की जगह कमला हैरिस को प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा चल रही है।

स्थिति यह है कि पार्टी में हैरिस के ''रनिंग मैट'' की तलाश हो रही है। यह धारणा जोर पकड़ रही है कि ट्रम्प को हैरिस ही सही जवाब दे सकती है। बाइडन के साथ प्रचार दौरान वे यह काम बखूबी कर रही हैं।

ट्रम्प खेमे को भी यही उम्मीद है इसलिए ट्रम्प ने हैरिस पर हमले तीव्र कर दिए हैं इसके अलावा जैसे ही हैरिस को बाइडन की जगह दावेदार बनाया जाता है वैसे ही बाइडन का प्रचार फंड, विशेषज्ञ टीम व स्टाफ सब हैरिस को मिल जाएगा।

एक विशेषज्ञ ने कहा कि हैरिस को प्रत्याशी घोषित करना, जबकि चुनावों में बहुत कुछ दांव पर लगा है, जीतने की रणनीति है। ट्रम्प विरोधी गठबंधन डैमोक्रेटिक पार्टी के रनिंग मेट व उपराष्ट्रपति की ताकत को कमतर आंकना वहन नहीं कर सकता है। वह जीत का एकमात्र यथार्थ विकल्प है।

अगर हैरिस जीत गई तो वह इतिहास रचेंगी। वह पहली एशियन होंगी जो अमेरिका की राष्ट्रपति बनेंगी तथा पहली महिला राष्ट्रपति भी होंगी। भले ही अभी ऐसा नहीं हो, पर एक दिन अवश्य होगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्पाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908